(ii) विज्ञापित मांग के मामले में निविदा आमंत्रण सूचना रजिस्ट्रीकृत फर्मों या ठेकेदारों को अलग अलग भेजी जायगी जिसमें उन्हें इन मांगों की अग्रिम सूचना दी जाएगी।

(iii) अल्पकालिक ठेके साधारणतः रजिस्ट्री कृत फर्मों/ठेकेदारों के लिए सुरक्षित रखे जाएंगे।

(iv) कार्यादेशों पर सामान की पूर्ति या लघु निर्माण कार्यों का निष्पादन रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों तक ही सीमित होगा।

9 अग्रिम धन

9.1 निविदा प्रस्तुत करते वक्त प्रत्येक ठेकेदार को कितना अग्रिम धन जमा देना होगा उसकी दर इस प्रकार होगी :—

(i) 5 लाख रुपये तक के नि०का० के लिए	अनुमानित लागत का 2½% बशर्ते कि यह 10,000 रुपये से अधिक न हो।
(ii) 5 लाख रुपये से अधिक के निर्माण कार्य के लिए	अनुमानित लागत का यथामूल्य 2% बशर्ते कि यह 20,000 रुपये अधिक न हो।

7.3 The Contractors/Firms falling under second category will submit their applications through the Circle/Branch Officer concerned to the Director General, which after due scrutiny will be placed before the committee specifically constituted for the purpose headed by Additional Director General as Chairman, Joint Director General, Director (Conservation), Director (Administration), Superintending Archaeological Engineer and Dy. Superintending Archaeological Engineer as other members. Only such of the cases will be placed before the Director General, in which the Registration is recommended by the Committee headed by the Additional Director General, for approval.

7.4 The Contracts/Firms desirous of registration under both the categories, will submit their applications to the Circle/Branch/Divisional Officer concerned. These applications will be examined by the Review Committee of the concerned Circle/Branch office. While the registration certificate for second category of contractors will be issued by the Circle/Branch Officer concerned, the applications for registration of the contractors/firms under first category forwarded by the Circle/Branch Officer concerned, to the Director General to be placed before the Committee specifically constituted for the purpose headed by Additional Director General as Chairman, Joint Director General, Director (Conservation), Director (Administration), Superintending Archaeological Engineer and Deputy Superintending Archaeological Engineer as other members. Only such of the cases will be placed before the Director General in which the Registration is recommended by the Committee headed by the Additional Director General.

7.5 The form of registration certificate is given hereunder:—

Archaeological Survey of India

....Circle/Branch

(Certificate for Registration of Contractors) (See para 7.3 of the Rules for registration of contractors).

Certified that M/S ——————————Address ——————————have been registered in the ——————————Circle/Branch of the Archaeological Survey of India as Contractor of First/Second Category, for the ——————————. The Registration will be valid upto——————————.

Circle/Branch Officer

Dated— Archaeological Survey of India

7.6 In case of rejection, the case need not be submitted to the Director General. However the Contractor/Firm concerned will be free to file an appeal with the Director General against the decision of the Committee headed by the Additional Director General. In such cases the decision of the Director General would be final and binding.

8. **Benefits of Registration**

Firms/Contractors registered with the Archaeological Survey of India will enjoy the following benefits:

(i) Demands for supply of materials etc. which are not advertised, will be met exclusively from registered firms.

(ii) In case of advertised demands, copies of the notice inviting tenders will be sent individually to the registered firms or contractors, giving them advance information of these demands.

(iii) Short term contracts would normally be reserved for registered firms/contractors.

(iv) The supply of material or execution of petty works against work-orders will be restricted to the registered contractors.

9. **Earnest Money**

9.1 The rate at which the Earnest Money to be paid by each Contractor at the time of submitting tenders is noted hereunder:—

(i) For works upto Rs. 5 lakhs.	2½% of the estimated cost subject to a maximum of Rs. 10,000/-
(ii) For works above Rs. 5 lakhs.	2% ad valorem of the estimated cost subject to a maximum of Rs. 20,000/-

9.2 जो ठेकेदार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में रजिस्ट्रीकृत हैं और संबंधित मंडल/शाखा अधिकारी के पास निम्नांकित ब्यौरों के अनुसार एकमुश्त राशि जमा करते हैं वे अग्रिम धन जमा करने से छूट पाने के लिए बांड प्रस्तुत करते हुए आवेदन कर सकते हैं ताकि वे अलग-अलग मामलों में अग्रिम धन अदा करने से छूट प्राप्त कर सकें :—

ठेकेदारों की श्रेणी	जमा की जाने वाली अपेक्षित एक मुश्त राशि	निविदा करने की सीमा
(i) मंडल/शाखा स्तर के ठेकेदार	20,000/-	5 लाख/
(ii) अखिल भारतीय स्तर के ठेकेदार	40,000/-	असीमित/

टिप्पणी :—अलग-अलग मामलों में अग्रिम धन जमा करने से छूट प्राप्त करने के लिए बांड का फार्म भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नि० का० 72 में परिभाषित है ।

10 प्रतिभूति जमा

10.1 जिस/जिन व्यक्ति/व्यक्तियों (जिसे/जिन्हें इसके आगे ठेकेदार कहा गया है) की निविदा(एं) स्वीकृत होगी/होंगी वे सरकार को ठेके के अंतर्गत किये गये निर्माण कार्य के लिए भुगतान करते समय पहले से ही बयाना धन के रूप में जमा राशि सहित उतनी राशि काटने की अनुमति देंगे जिसकी राशि निम्नलिखित होगी :—

(i) उस मामले में जहां निर्माण कार्य 1,00,000/- रुपये तक की लागत का है, निविदागत निर्माण कार्य की अनुमानित लागत का 10% ।

(ii) उस मामले में जहां निर्माण कार्य एक लाख रुपये से अधिक और 2,00,000 रुपये तक की लागत का है, पहले एक लाख रुपये पर 10% और शेष पर $7\frac{1}{2}$% ।

(iii) उस मामले में जहां निर्माण कार्य 2 लाख रुपए से अधिक का है, पहले एक लाख पर 10%, दूसरे एक लाख पर $7\frac{1}{2}$% और शेष पर 5% बशर्ते कि यह राशि एक लाख रुपए से अधिक न हो ।

जब तक कि व्यक्तिगत मामलों में उसे/उन्हें प्रतिभूति जमा करने से छूट न मिली हो, अथवा उसने/उन्होंने उपरिकथित दर पर नकद रूप में या किसी अनुसूचित बैंक या भारतीय स्टेट बैंक की सरकारी प्रतिभूति या नियत जमा रसीद या गारंटी बांड के रूप में प्रतिभूति जमा न की हो ।

10.2 यदि ठेकेदार प्रतिभूति जमा के एक अंश के रूप में बैंक की नियत जमा रसीद सरकार को देता है, और यदि उस बैंक का परिसमापन हो जाता है, या किसी कारण उक्त नियत जमा रसीद पर भुगतान करने में असमर्थ हो जाता है तो इससे हुई क्षति का भार ठेकेदार पर पड़ेगा और मांग की जाने पर उससे हुए नुकसान को पूरा करने के लिए ठेकेदार को अतिरिक्त प्रतिभूति सरकार को देनी होगी ।

10.3 ऐसी कटौतियां सरकार द्वारा प्रतिभूति जमा के रूप में रखी जाएंगी । परन्तु शर्त यह है कि सरकार इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक चालू बिल की धन राशि का 10% वसूल करने की हकदार तब तक होगी जब तक कि प्रतिभूति जमा की शेष राशि की वसूली न हो जाए । ठेकेदारों द्वारा ठेके के निबंधनों के अधीन देय सभी प्रकार की क्षतिपूर्तियां अथवा अन्य धनराशियां उसकी प्रतिभूति जमा से काट ली जाएंगी या उसकी प्रतिभूति जमा के पर्याप्त अंश को बेच कर या उससे मिलने वाले व्याज से या किसी भी ऐसी धनराशि से जो ठेकेदार/सरकार को किसी भी कारण से देय हो या देय होने वाली हो अदा की जायगी और यदि प्रतिभूति जमा उक्त किसी भी ऐसी कटौती या विक्रय के फलस्वरूप कम हो जाती है तो ठेकेदार 10 दिनों के भीतर नकद देकर या भारत के राष्ट्रपति के पक्ष में निष्पादित बांडों या भारतीय स्टेट बैंक या अनुसूचित बैंकों द्वारा दी गयी मियादी जमा रसीद (अनुसूचित बैंकों द्वारा दी गई गारंटी के मामले में वह राशि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित वित्तीय सीमा के अन्दर होंगी) या मंडल/शाखा अधिकारी के पक्ष में पृष्ठांकित सरकारी प्रतिभूतियां (यदि 12 महीने से अधिक समय से जमा हो) द्वारा कोई भी धनराशि(यां) जो प्रतिभूति जमा से काटी गई हो या उसे बेचकर वसूली गई हो, ठेकेदार के चालू बिलों से उपर्युक्त दरों पर वसूल की जाएगी/जाएंगी और यदि निविदा के समय अग्रिम धन की राशि नकद रूप में जमा की गई हो तो वह प्रतिभूति जमा का एक अंश मानी जाएगी ।

टिप्पणी:—1 प्रतिभूति के रूप में दिये गये सरकारी कागजात उनके बाजार मूल्य या उनके अंकित मूल्य से इनमें से जो भी कम हो, 5% (पांच प्रतिशत) कम दर पर लिये जाएंगे । सरकारी कागजात का बाजार मूल्य मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा व्याज समाहरण के समय निर्धारित किया जाएगा और व्याज की राशि सरकारी कागजात के मूल्य की सीमा तक यदि आवश्यक हो रोक ली जाएगी ।

टिप्पणी :—2 सरकारी प्रतिभूतियों में फाइडिलिटि बांड के अतिरिक्त सभी प्रकार की वैसी प्रतिभूतियां शामिल हैं जो सामान्य वित्तीय नियमों के नियम सं० 274 में उल्लिखित हैं । परन्तु शर्त यह है कि उस नियमों के अधीन प्रत्येक प्रकार की प्रतिभूति के सामने उल्लिखित शर्तों का अनुपालन किया जाएगा ।

9.2 The Contractors registered with the Archaeological Survey of India and who deposits lump-sum amount as detailed below with the Circle/Branch Officer concerned can apply for exemption from payment of Earnest Money, by furnishing a bond to secure exemption from payment of Earnest Money in individual cases:—

Class of Contractors	Lump sum amount required to be deposited	Tendering Limit
(i) Circle/Branch Level Contractors	20,000/-	5 lakhs
(ii) All India level Contractors	40,000/-	Unlimited.

Note :— The form of bond to secure exemption from payment of Earnest Money in individual cases is defined in ASIW-81.

10. **Security Deposit**

10.1 The person/persons whose tender(s) may be accepted (hereinafter called the 'Contractor') shall permit Government at the time of making any payment to him for work done under the contract to deduct such sum along with the sum already deposited as earnest money, will amount:

(i) in the case of works costing upto Rs. 1,00,000/- to 10% of the estimated cost of the work put to tender;

(ii) in the case of works costing more than Rs. 1,00,000/- and upto Rs. 2,00,000/- to 10% on the first Rs. 1,00,000 and 7½% on the balance.

(iii) in the case of works costing more than Rupees 2,00,000/- to 10% on the first Rs. 1,00,000/- and 7½% on the next Rs. 1,00,000/- and 5% on the balance, subject to a maximum of Rs. 1,00,000/-;

Unless he is/they are exempted from payment of Security Deposit in individual cases or has/have deposited the amount of Security at the rate mentioned above in cash or in the form of Govt. Securities or Fixed Deposit Receipt or Guarantee Bonds of any Scheduled Bank or the State Bank of India.

10.2 In case a fixed deposit receipt of any bank is furnished by the contractor to the Government as part of the security deposit and the Bank goes into liquidation or for any reason is unable to make payment against the said fixed deposit receipt the loss caused thereby shall fall on the contractor and the contractor shall forthwith on demand furnish additional security to the Government to make good the deficit.

10.3 Such deductions will be held by Government by way of Security Deposit. Provided always that the Govt. for this purpose shall be entitled to recover 10% of the amount of each running bill till the balance of the amount of Security Deposit is realised. All compensations or the other sums of money payable by the contractor under the terms of the contract may be deducted from, or paid by the sale of sufficient part of his security deposit from the interest arising therefrom or from any sums which may be due to or may become due to the Contractor by the Government on any account whatsoever and in the event of security Deposit is being reduced by reason of any such deductions or sale as aforesaid, the contractor shall within 10 days make good in cash or Guarantee Bonds in favour of the President of India executed or fixed deposit receipt tendered by the State Bank of India or by scheduled banks (in case of guarantee offered by scheduled banks, the amount shall be within the financial limits prescribed by the Reserve Bank of India); or Govt. Securities (if deposited for more than 12 months) endorsed in favour of the Circle/Branch Officer, any sum or sums which may have been deducted from, or realised by sale of his security deposit shall be collected from the running bills of the Contractor at the rates mentioned above and the Earnest Money if deposited in cash at the time of tenders will be treated as part of the Security Deposit.

Note:— 1. Government papers tendered as Security will be taken at 5% (Five per cent) below its market price or at its face value, whichever is less. The market price of Government papers should be a asertained by the Circle/Branch Officer at the time of collection of interest and the amount of interest to the extent of deficiency in value of the Government paper will be withheld if necessary.

Note:— 2. Government securities will include all forms of securities mentioned in Rule No. 274 of G.F. Rules, except fidelity bond. This will be subject to the observance of the conditions mentioned under the rules against each form of security.

11. ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्यों के निष्पादन से संबद्ध अधिकारियों के निकट संबंधियों का नियोजन ।

11.1 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदार/फर्मों द्वारा भा० पु० स० के अधिकारियों के पुत्र, पुत्रियों अथवा निकट (यथा—पत्नी, भाई, बहन, पति, भतीजा, भांजा, सन्तान, माता-पिता और दादा–दादी, चचेरे आदि भाई और उनके संबंधी ससुराल वाले आदि) का नियोजन पूर्णतया वर्जित है । विशेष मामलों में जहां ऐसे किसी व्यक्ति का नियोजन अनिवार्यत: आवश्यक है, इस संबंध में महानिदेशक की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करनी होगी, जिसमें उसके औचित्य का ब्यौरा और ठेकेदार/फर्म द्वारा देय वेतन बताना होगा ।

11.2 यदि भा० पु० स० में रजिस्ट्रीकरण न होने या निविदाएं प्रस्तुत करने से पूर्व ठेकेदार/फर्म द्वारा पहले से ही निकट संबंधियों का नियोजन किया जा चुका है तो रजिस्ट्रीकरण या निविदा देने से पूर्व इस तथ्य को ठेकेदार को तत्संबंधी प्राधिकारियों को बताना होगा । यदि ठेकेदार/फर्म भा० पु० स० के किसी अधिकारी के निकट संबंधियों के पहले से ही नियोजित होने की बात बताने में असमर्थ रहता है तो उसका परिणाम यह होगा कि वह रजिस्ट्रीकरण या निविदा प्रस्तुतिकरण का पात्र नहीं होगा ।

12. ठेकेदारों/फर्मों का रजिस्ट्रीकरण किन आधारों पर समाप्त किया जा सकता है ।

12.1 ठेकेदारों/फर्मों का भा० पु० स० में रजिस्ट्रीकरण निम्नलिखित आधारों पर रद्द या समाप्त किया जा सकता है :—

(i) यदि ठेकेदार/फर्म भा० पु० स० के अधिकारियों और कर्मचारियों के निकट संबंधियों को नियोजित किये जाने की घोषणा करने और महानिदेशक का यथावश्यक अनुमोदन प्राप्त करने में असफल रहते हैं ।

(ii) बाद में यदि यह पता चलता है कि ठेकेदार/फर्म का स्वामी सरकारी कर्मचारी या पदच्युत सरकारी कर्मचारी है या वह ऐसी किसी फर्म या ठेकेदार के भागीदार हैं या ऐसा सरकारी कर्मचारी है जिसके सेवा निवृत्त हुए दो वर्ष पूरे नहीं हुए हैं ।

(iii) यदि वह संविदा के मानक निबंधनों और शर्तों का अनुपालन करने से इन्कार करता है ।

(iv) भा० पु० स० द्वारा मांगी गई वैध सूचना देने में ठेकेदार फर्म के विफल रहने या गलत सूचना दिये जाने पर ।

(v) अवमानक निर्माण कार्य का निष्पादन किये जाने पर ।

(vi) ठेकेदार/फर्म द्वारा काम पर लगाये गये मजदूरों को भुगतान करने में उनके विफल रहने पर ।

(vii) ठेके के निष्पादन में विफल रहने या उसका संतोषजनक रूप में और अनुमोदित विनिर्देशनों के अनुसार और निर्धारित समय सीमा के अन्दर निष्पादन न करने पर ।

(viii) ठेके के लिए लगातार तीन वर्षों तक निविदा देने में असफल होने पर ।

(ix) ठेकेदार के पास निर्माण कार्य के निष्पादन के लिए जरूरी समझे जाने वाले तकनीकी कर्मचारी या उपस्कर न होने पर ।

(x) चालू वर्ष का आयकर समाशोधन प्रमाणपत्र या विक्रय कर प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने पर ।

(xi) ठेकेदार/फर्म का दिवाला पिटने या उसके दिवालिया होने पर ।

(xii) यथोचित समय के अन्दर रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन न करने पर ।

(xiii) यदि ठेकेदार/फर्म की वित्तीय संस्थिति मजबूत न समझी जाए ।

(xiv) व्यावसायिक दृष्टि से अनुचित कार्य करने के लिए उत्तरदायी पाये जाने पर ।

(xv) यदि भा० पु० स० के संरक्षणाधीन प्राचीन संस्मारकों पर निर्माणकार्य कराने के दौरान उसके द्वारा प्राचीन संस्मारक पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम या इस अधिनियम के अधीन बने नियमों या पुरावशेष और बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन किया जाता है ।

11. Employment of near relatives of the officers concerned with execution of works by the contractors.

11.1 Employment of sons, daughters or other near relatives (viz., Wife, brothers, sisters, husband, nephews, children, parents and grand-parents cousins and their corresponding in-laws, etc.) of the officers of the Archaeological Survey of India, by the Contractor/Firm registered with the Archaeological Survey of India is strictly prohibited. In exceptional cases where employment of such a person is essentially required, prior approval of the Director General in this regard has to be obtained, giving detailed justifications for the same and the salary payable by the Contractor/Firm.

11.2 In case, any near relative is already employed by the contractor/Firm prior to his registration with the Archaeological Survey of India or before submitting tenders, the fact shall have to be intimated by the Contractor to the concerned authorities before the registration or submission of tenders. The failure on the part of the contractor/firms to intimate in advance of the fact of employment of near relatives of officials of the Archaeological Survey of India would render him ineligible for registration or submission of tenders.

12. Grounds on which the registration of Contractor Firms can be terminated.

12.1 The registration of the Contractors/Firms in the A.S.I. can be cancelled or terminated on the following grounds:—

(i) If the Contractors/Firms fail to declare well in advance the employment of near relatives of the officers and staff of the A.S.I. and obtain such approval of the D.G. where necessary.

(ii) If it is subsequently discovered that the Contractor/Firm is owned by a Government servant or a dismissed Government servant, or is a partner of such a Firm or a Contractor, or by a Govt. servant who retired less than two years back.

(iii) Refusal to abide by the standard terms and conditions of the contract.

(iv) Failure on the part of the Contractor/Firm to supply the information or furnishing of false information legitimately required by the A.S.I.

(v) Execution of sub-standard works.

(vi) Failure on the part of the Contractor/Firm to make payment to the labour engaged by him.

(vii) Failure to execute a contract or not to execute it satisfactorily and with approved specifications and within the prescribed time limit.

(viii) Failure to tender for a contract continuously for a period of three years.

(ix) In case the contractor/firm has no longer the technical staff or equipment considered necessary for the execution of works.

(x) Failure to submit current income tax clearance certificates or Sales Tax clearance Certificates.

(xi) In case the contractor/firm is declared bankrupt or insolvent.

(xii) Failure to apply for renewal of registration within a reasonable time.

(xiii) In case the financial standing of the contractor/firm is considered to be unsound.

(xiv) If he is found responsible for commission of any act of professional impropriety.

(xv) In case any of the provisions of Ancient Monuments, Archaeological Sites and Remains Act or Rules framed under the Act or Antiquities & Art Treasure Act are violated by him, while executing the works at ancient monuments under the protection of the A.S.I.

12.2 किसी ठेकेदार/फर्म को भा० पु० स० के ठेकेदारों को रजिस्ट्रीकरण सूची से हटाने से पूर्व मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा उसके विरुद्ध की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के कारण बताते हुए ठेकेदार/फर्म को एक कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा जिसमें उसे उत्तर देने के लिए 15 दिनों का समय दिया जाएगा ।

12.3 द्वितीय श्रेणी के ठेकेदार/फर्म के उत्तर पर उसी समीक्षा समिति (जो रजिस्ट्रीकरण के अनुमोदन के लिए सक्षम होगी) द्वारा विचार किया जाएगा और यदि ठेकेदार/फर्म उक्त उप-पैरा 12.2 के अधीन दी गयी नोटिस का उत्तर देने में असफल रहता है तो उस मामले को मंडल/शाखा में गठित उसी समीक्षा समिति के समक्ष रखा जाएगा।

12.4 यदि समिति का विचार हो कि किसी ठेकेदार/फर्म को रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों की सूची से हटा दिया जाए तो समिति के इस निर्णय को संबंधित मंडल/शाखा अधिकारी के हस्ताक्षर से उस ठेकेदार/फर्म को संसूचित किया जाएगा।

जिसकी रजिस्ट्री मंडल/शाखा स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित की गयी थी। तत्पश्चात् ठेकेदार/फर्म मंडल/शाखा स्तरीय समिति के निर्णय के विरुद्ध महानिदेशक के पास अपील करने को स्वतंत्र होगा ।

12.5 प्रथम श्रेणी के ठेकेदारों के मामले में मंडल/शाखा स्तरीय समिति की सिफारिशों को अपर महानिदेशक को संसूचित किया जाएगा, जो निदेशालय स्तरीय समिति से परामर्श लेने के पश्चात् अपना निर्णय मंडल/शाखा अधिकारी और संबंधित ठेकेदार/फर्म को संसूचित करेगा जो निर्णय पर पुनर्विचार के लिए महानिदेशक को निवेदन करने के लिए स्वतंत्र होगा/ऐसे मामलों में महानिदेशक का निर्णय अन्तिम और आवद्धकारी होगा ।

13. कौन व्यक्ति, फर्म अथवा ठेकेदार रजिस्ट्रीकरण या निविदा प्रस्तुत करने के पात्र नहीं हैं ।

13.1 कोई भी सरकारी कर्मचारी या पदच्युत सरकारी कर्मचारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में ठेकेदार के रूप में अपना नाम रजिस्टर करने का हकदार नहीं होगा।

13.2 वे ठेकेदार/फर्म भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में अपना नाम ठेकेदार के रूप में रजिस्टर कराने के पात्र नहीं हैं जिस ठेकेदार/फर्म के नाम भारत सरकार के किसी मंत्रालय या विभाग द्वारा कालीसूची में रखा गया है।

13.3 ऐसे किसी ठेकेदार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के उस मंडल, शाखा या प्रभाग में निर्माण कार्य के लिए निविदा देने या ठेका दिये जाने या उसके निष्पादन की अनुमति नहीं दी जायगी जिसमें उसका नजदीकी रिश्तेदार लिपिकीय या तकनीकी पद पर तैनात होगा। ठेकेदार को अपने साथ किसी भी हैसियत से काम करने वाले या बाद में काम पर लगाये जाने वाले उस व्यक्ति का नाम बताना होगा जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण या शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय में कार्यरत किसी भी अधिकारी का नजदीकी रिश्तेदार हो। इस शर्त का किसी भी रूप में उल्लंघन किये जाने पर उस ठेकेदार का नाम इस विभाग की ठेकेदारो की अनुमोदित सूची से हटा दिया जाएगा ।

13.4 ठेकेदार को अपने उन रिश्तेदारों का नाम बताना होगा जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में अराजपत्रित कर्मचारी की हैसियत से काम कर रहे हों।

13.5 भारत सरकार के किसी भी इंजीनियरी विभाग में इंजीनियरी या प्रशासनिक कार्यो पर कार्यरत किसी भी राजपत्रित श्रेणी के इंजीनियर या अन्य राजपत्रित अधिकारी को भारत सरकार से सेवा निवृत्त होने के दो वर्ष पूर्व भारत सरकार की बिना पूर्व स्वीकृति के ठेकेदार के रूप में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी समय ठेकेदार या उसके अधीन काम करने वाले किसी व्यक्ति के बारे में यह पता चले कि उसने निविदा देने या ठेकेदार की नौकरी पर लगने से पूर्व यथा पूर्वोक्त विधि से भारत सरकार से अनुमति नहीं ली है तो उसके ठेके को रद्द कर दिया जाएगा ।

14 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में पंजीकृत ठेकदार/फर्म म भा०पु०स० में कार्यरत कर्मचारियों या अधिकारियों के नजदीकी रिश्तेदारों का नियोजन ।

14.1 किसी भी ठेकेदार को उस मंडल/शाखा/प्रभाग में निर्माण कार्य कराने अथवा निविदा देने का हक नहीं होगा जिसमें उसके नजदीकी रिश्तेदार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के लिपिकीय या तकनीकी कॉडर पर कार्य कर रहे हों।

14.2 इस शर्त के किसी भी रूप में उल्लंघन किये जाने पर ठेकेदार/फर्म का रजिस्ट्रीकरण रद्द कर दिया जाएगा ।

12.2 Before a Contractor/Firm is removed from the registered list of contractors of the A.S.I. a show cause notice by the Circle/Branch Officer giving the reasons for the action proposed to be taken will be served on the Contractor/Firms concerned giving a fortnight's time for filing a reply.

12.3 The reply of the contractor will be considered by the same review committee (competent to approve registration) and in case the Contractor/Firm fails to respond to the notice served under sub-para 12.2 above, the matter will be placed before the same review committee constituted by the Circle/Branch Office.

12.4 In case however the Committee is of the views that the Contractor/Firm should be removed from the list of registered contractors, decision of the committee will be communicated to the Contractor/firm whose registration was approved at the Circle/Branch level Committee under; the signature of the Circle/Branch Officer concerned. The Contractor/Firm will then be free to appeal against the decision of the Circle level committee to the Director General.

12.5 In the case of the Contractor of first category the recommendations of the Circle level review committee will be communicated to the Addl. Director General, who after consultation with the Directorate level Committee will communicate his decision to the Circle/Branch Officer and Contractor/Firm concerned, who will be free to request the Director General for the review of the decision. The decision of the Director General in such cases will be final and binding.

13. Individuals, Firms or Contractors ineligible for registration or Submission of Tenders.

13.1 No Government servant or a dismissed Govt. servant will be entitled to be registered as a Contractor in the Archaeological Survey of India.

13.2 The Contractor/Firm which has been black-listed by any Ministry or Department of the Govt. of India is not eligible for registration as a Contractor in the Archaeological Survey of India.

13.3 The contractor shall not be permitted to tender for works in any Circle, Branch, or Division, in the Archaeological Survey of India or for award and execution of contracts, in which his near relative is posted in any clerical or technical capacity. The contractor shall also intimate the names of the persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any Officer in the Archaeological Survey of India or in the Ministry of Education and Culture. Any breach of this condition by the contractor would render him liable to be removed from the approved list of contractors of this department.

13.4 The Contractor will furnish a list of non-gazetted Archaeological Survey of India employees related to him. (If there be no such case a nil statement shall be required to be furnished).

13.5 No Engineer of Gazetted rank or other Gazetted Officer employed in Engineering or Administrative duties in an Engineering Department of the Govt. of India is allowed to work as a contractor for a period of two years of his retirement from Govt. Service, without the previous permission of the Govt. of India. The contract is liable to be cancelled if either the contractor or any of his employee is found at any time to be such a person who had not obtained the permission of the Govt. of India as aforesaid before submission of the tender or engagement in the contractor's service.

14. (Employment of near relatives of the staff and officers working in A. S. I. with the Contractor/Firm registered with the A. S. I.

14.1 The Contractors are not entitled to tender for works in a Circle/Branch/Division in which their near relatives are working in clerical or technical cadres of the Archaeological Survey of India.

14.2 Any breach of this condition may debar the Contractor/Firms from registration.

15. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में ठकेदारों के रजिस्ट्रेशन संबंधी अभिलेखों का अनुरक्षण तथा तत्संबंधित अन्य अनुदेश

15.1 (क) प्रत्येक मंडल/शाखा कार्यालय को रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों का रजिस्टर रखना होगा जो निम्नलिखित प्ररूप में होगा :—

(i) ठेकेदार या फर्म का नाम।

(ii) रजिस्ट्रीकरण संख्या।

(iii) प्रयोजन, जिससे रजिस्टर किया गया।

(iv) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में नियोजित ठेकेदार/फर्म के रिश्तेदारों का व्यौरा जिसमें उनके नाम और पदनाम दिए जाएं।

(v) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के उन अधिकारियों और कर्मचारियों के रिश्तेदारों का व्यौरा, जो ठेकेदार/फर्म के साथ नियुक्त हैं जिसमें उनका नाम, पदनाम और उन्हें मिलने वाला वेतन बताया जाए।

(vi) क्या वे कें० लो० नि० वि० या किसी अन्य सरकारी या अर्ध सरकारी विभाग में रजिस्ट्रीकृत हैं, यदि हां तो उसका व्यौरा।

(vii) ठेकेदारों के हाथ में मौजूद निर्माण कार्यों का व्यौरा।

(viii) साझेदारों का व्यौरा।

(ix) वित्तीय संसाधन

(क) क्या कोई वसूली बकाया है ?

(ख) क्या कोई कुर्की-जब्ती आदेश लंबित है ?

(x) मजदूर नियंत्रण

(क) क्या मजदूरों को नियमित रूप से उचित वेतन दिया जाता है ?

(ख) क्या मजदूर विनियमों और मजदूरों के स्वास्थ्य और स्वच्छता दशा का रक्षा संबंधी माडल नियमों का अनुपालन किया जाता है ?

(ग) क्या मजदूरों के साथ कोई विवाद हुआ है ?

(घ) क्या मजदूरों का अभाव होता है ?

(xi) प्रत्येक वर्ष निष्पादित निर्माण कार्यों या हाथ में लिये गये काम के व्यौरे।

(xii) मंडल/शाखा अधिकारी की सिफारिशें।

(xiii) ठेकेदार द्वारा जमा की गई एकमुश्त राशि जिसके लिए वह बयाने की राशि अदा करने से छूट पाने का हकदार है।

(क) जमा की राशि।

(ख) चालान सं० और तारीख।

(ग) जमा करने की तारीख।

(xiv) त्रुटिपूर्ण निर्माण कार्य आदि के लिए जारी की गई चेतावनी या नोटिस का हवाला दें।

(xv) अभ्युक्तियां।

(ख) इस रजिस्टर को गोपनीय दस्तावेज की तरह माना जाएगा और इसे मंडल/शाखा अधिकारी की व्यक्तिगत अभिरक्षा में रखा जाएगा।

(ग) मंडल/शाखा/प्रभाग में ठेके के रजिस्टर के रखरखाव के संबंध में निम्नलिखित अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक पालन किया जाएगा :—

(i) मंडल/शाखा/प्रभाग का नाम रजिस्टर की जिल्द पर साफ-साफ लिखा जाए।

(ii) रजिस्टर में एक ऐसी अनुक्रमणिका होनी चाहिए, जिसमें ठेकेदार/फर्म का नाम दर्शाया जाए।

(iii) सभी पृष्ठों को यथोचित ढंग से संख्यांकित किया जाना चाहिए और आवरण पृष्ठ पर इस आशय का एक प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए कि इस रजिस्टर में क्र० सं० ————————से ———————————— क्र० सं० तक कुल ————————पृष्ठ हैं।

(iv) प्रत्येक ठेकेदार के लिए पर्याप्त पृष्ठ निर्धारित किये जाने चाहिए ताकि प्रत्येक के लिए सतत् रिकार्ड का प्रावधान हो सके।

(v) रजिस्टर का तीन महीने में एक बार पुनरीक्षण किया जाना चाहिए और प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में उसे बं किया जाना चाहिए।

15. **Maintenance of records concerning the registered Contractors in the A.S.I. and other related instructions.**

15.1 (a) Each Circle/Branch Office shall maintain a register of registered contractors in the following form:—

(i) Name of the Contractor or Firm.

(ii) Registration No.

(iii) Purpose of work for which registered.

(iv) Details of relatives of the Contractors/Firm employed in the A.S.I. giving their Names and Designation.

(v) Details of the relatives of the officers and staff of the A.S.I. employed with the Contractor/Firm giving their names, designations and salary drawn.

(vi) Whether registered with C.P.W.D. or any other Govt. or Semi Deptt. and if so, full details thereof.

(vii) Details of works in hand with the Contractor.

(viii) Details of partners.

(ix) **Financial resources.**

(a) Is there any recovery outstanding?

(b) Is there any attachment order outstanding?

(x) **Control of labour.**

(a) Whether fair wages are paid regularly to the labour?

(b) Whether Labour Regulations and Model Rules for the protection of health and sanitary conditions for labour are observed?

(c) Whether there has been any dispute with the labour?

(d) Whether there has been shortage of labour?

(xi) Details of works carried out or job undertaken each year.

(xii) Circle/Branch Officer's recommendations.

(xiii) Amount of lump sum deposit made by the Contractor to be entitled to exemption from payment of Earnest Money.

(a) Amount of deposit.

(b) Challan No. and date.

(c) Date of deposit.

(xiv) Reference to any warning or notice for defective work etc. issued.

(xv) Remarks.

(b) This register has to be treated as a confidential document and should be kept under the personal custody of the Circle/Branch Officer.

(c) The following instructions should be strictly followed in connection with the maintenance of the register of contracts in a Circle/Branch/Division:—

(i) The name of the Circle/Branch/Division should be clearly indicated on the cover of the register.

(ii) The register shall be provided with an index indicating the name of the Contractor/Firm.

(iii) All pages shall be properly numbered and a certificate to the effect that the register contain. . pages from S. No......... to Sl. No. ....should be recorded on the cover page.

(iv) An adequate number of pages should be allotted to each contractor, to provide continuous record for each one of them.

(v) The register shall be reviewed quarterly and closed by the end of each financial year.

15.2 जैसा उक्त पैरा 3.1 में बताया गया है, वैसा एक रजिस्टर महानिदेशक के कार्यालय में भी रखा जाएगा जिसका पुनरीक्षण हर वर्ष मार्च, जून, सितम्बर और दिसम्बर के अंत में निदेशक (संरक्षण) अथवा संयुक्त महानिदेशक के स्तर पर किया जाना चाहिए।

15.3 किसी भी ठेकेदार को किसी भी समय कोई सरकारी रिकार्ड नहीं सौंपा जाएगा।

15.4 ऐसी सभी टिप्पणियां, अर्ध सरकारी पत्राचार, अनौपचारिक और अन्य टिप्पणियां, जिसमें ठेकेदार/फर्म से संबंधित मामलों पर सिफारिशें की गई हों, अत्यंत गोपनीय समझी जाएंगी।

15.5 यदि किसी ठेकेदार का मामला मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा उच्च प्राधिकारियों को भेजा गया हो तो ऐसी सूचना ठेकेदार को नहीं दी जाएगी। उसे केवल यही सूचना दी जाएगी कि मामला विचाराधीन है। मामला किस स्तर पर विचाराधीन है, यह भी उसे नहीं बताया जाएगा।

15.6 मंडल/शाखा/प्रभाग अधिकारी से नीचे रैंक के किसी अधिकारी को ठेकेदार अथवा फर्म द्वारा किये गये निर्माण कार्य की कारीगरी अथवा कोटि के बारे में प्रमाण पत्र जारी करने का हक नहीं होगा।

16. करार/ठेके पर हस्ताक्षर करने/उसे स्वीकार करने के प्राधिकारी

16.1 महानिदेशक को निविदा स्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है। आंतरिक वित्त विभाग से अनुमोदन प्राप्त करके वह निविदाएं मंगाने और उन्हें स्वीकार करने के संबंध में और ठेकेदारों से संबंधित सामान्य कार्यविधि के विषय में समनुषंगी नियम तैयार करने के लिए प्राधिकृत है।

16.2 निविदाओं को स्वीकार करने और निविदा प्रलेखों/करारों पर हस्ताक्षर करने के संबंध में मार्गनिर्देश निम्नलिखित हैं :—

(i) निविदा प्रलेखों/करारों पर राष्ट्रपति की ओर (i) मंडलों/शाखाओं के प्रभारी अधीक्षक पुरातत्वविद् (ii) मुख्य उद्यान कृषि विशेषज्ञ/उप अधीक्षण उद्यान कृषि विशषज्ञ (iii) अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ, अथवा (iv) निदेशक (विज्ञान) हस्ताक्षर कर सकेंगे। जिन निविदाओं के मामले में महानिदेशक द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाएगा, वहां भी तत्संबंधी करारों पर संबंधित मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

(ii) संविधान के अनुच्छेद 299(1) के निबंधनों के अनुसार ठेके के दस्तावेजों/करारों पर अधीक्षक पुरातत्वविद् से नीचे रैंक के अधिकारी तब तक हस्ताक्षर नहीं कर सकेंगे जब तक कि उन्हें ऐसा करने के लिए विशेष रुप से प्राधिकृत न किया जाए।

(iii) ठेके के निबंधन संक्षिप्त और सुनिश्चित होने चाहिए और इसमें अस्पष्टता अथवा अशुद्ध अर्थवत्ता की गुंजाइश नहीं होना चाहिए। इस अनिश्चितता से बचने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के मानक संविदा फार्मों का प्रयोग आवश्यक है। मानक-फार्मों में प्रयुक्त जो विकल्प लागू न हों, अनिवार्य रुप से काट दिये जाने चाहिये। उन मामलों में, जहां संविदा के मानक फार्मों का प्रयोग नहीं होता है, अंतिम रुप से संविदा करने से पूर्व संविदा-प्रारुप तैयार करते वक्त विधिक और वित्तीय परामर्श लिया जाना चाहिये।

(iv) ठेके के निबंधन संक्षिप्त और सुनिश्चित होने चाहिए और इसमें अस्पष्टता अथवा अशुद्ध अर्थवत्ता की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। इस अनिश्चितता से बचने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मानक संविदा फार्मों का प्रयोग आवश्यक है। मानक-फार्मों में प्रयुक्त जो विकल्प प्रयोग में न हों, उन्हें अनिवार्य रुप से काट दिये जाने चाहिये। उन मामलों में, जहां संविदा के मानक फार्मों का प्रयोग नहीं होता है, अंतिम रुप से संविदा करने से पूर्व संविदा-प्रारुप तैयार करते वक्त विधिक और वित्तीय परामर्श लिया जाना चहिए।

(v) सरकार द्वारा की गई किसी संविदा के विनिर्देशनों में शिथिलता अथवा किये गये करार के निबंधनों में कोई शिथिलता तब तक न दी जाए जब तब कि ऐसी शिथिलता में निहित वित्तीय प्रभावों की उचित जांच न कर ली जाए। संविदा या करार की शिथिलता पर सहमति देने से पूर्व सरकारी कोष के हितों का सम्यक् ध्यान करना चाहिए। विशष परिस्थितियों के अपवाद को छोड़कर संविदा प्रलेखों के निष्पादन से पूर्व कोई भी निर्माण कार्य आरंभ नहीं किया जाना चाहिए।

(vi) "लागत जमा" संविदा से बचना चाहिए, सिवाय उसके जहां ये अनिवार्य हों।

स्पष्टीकरण — "लागत जमा" संविदा का तात्पर्य ऐसी संविदा से है, जहां संविदा के अंतर्गत पूर्तियों अथवा सेवाओं के लिए अदा की जाने वाली कीमत का निर्धारण की गई पूर्तियों अथवा सेवाओं के वास्तविक उत्पादन व्यय में लाभ के आधार पर किया जाता है जो नियत दर या यूनिट या उत्पादन के वास्तविक व्यय पर प्रतिशतता के आधार पर किया जाता है।

(vii) एक बार संविदा के जिन निबंधनों को मान लिया गया है, उनमें संविदा करने में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व सहमति के बिना तत्वतः कोई भी फेरफार, यदि कोई ऐसा फेरफार अपेक्षित हो, नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा कोई फेरफार वित्त मंत्रालय की पूर्व स्वीकृति के बिना प्राधिकृत नहीं किया जाएगा, जिसका संबंध संविदा के लिए क्षतिपूर्ति के रूप में या संविदा के निबंधनों से बाहर जा कर अन्यथा भुगतान या संविदा दरों से अधिक भुगतान से हो। संविद के निबंधनों में ऐसा फेरफार, जिसका वैसे अधिकारी ने अनुमोदन किया है, ऐसे अधिकारी द्वारा जो संविधान के अनुच्छेद 299 के अधीन जारी किए गए आदेश के अनुसार मूल संविदा निष्पादित करने के लिए प्राधिकृत है, केवल "राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए" लिखकर ही किया जायेगा।

15.2 Similar register as in para 15.1 above will be maintained in the office of the Director General, which will be reviewed at the level of Director (Conservation) or the Jt. D.G. by the end of March, June, September and December every year.

15.3 No contractor shall be entrusted with any Govt. records at any time.

15.4 All notes, Demi official correspondence U.O. notes and other notes containing recommendations about the matters concerning the Contractors/Firms are to be treated as strictly confidential.

15.5 If the case of a contractor has been referred to higher authorities by the Circle/Branch Officer, no such information shall be given to the Contractor, except that the matter is under consideration. The level of consideration will not be disclosed to him.

15.6 No officer below the rank of the Circle/Branch/Divisional Officer is entitled to issue certificate regarding the workmanship or quality of work done by a contractor or a firm.

16. **Authorities Competent to sign, accept agreement/Contract.**

16.1 The Director General has full powers to accept tenders. He is also authorised to frame subsidiary rules relating to the calling of and acceptance of tenders and the general procedure connected with the Contractors with the approval of I.F.D.

16.2 The following guide lines are laid down for the acceptances of tenders and signing of tender documents/ Agreements:—

(i) Tender documents/Agreements can be signed by the (i) Superintending Archaeologists incharge of Circles/Branches. (ii) the Chief Horticulturist or (iii) the Superintending Archaeological Chemist or (iv) the Director (Science) on behalf of the President. Even in cases where the tenders are approved by the Director General the relative agreement will be signed by the Circle/Branch Officer concerned.

(ii) No officer below the rank of the Superintending Archaeologist can sign contract documents/ Agreements on behalf of the President in terms of Article 299(1) of the constitution, unless specifically authorised to do so.

(iii) The President should be made a party to every Contract/Agreement and the words for and on behalf of the President of India should follow the designation appended below the signature of the officer authorised in this behalf under Article 299 of the Constitution.

(iv) Terms of contract must be precise and definite and there must be no room for ambiguity or misconstruction therein. The Archaeological Survey of India standard contract forms are required to be used to avoid this contingency. The alternative used in the standard forms, which are not applicable should be invariably scored out. In cases where standard forms of contract are not used, legal and financial advice should be taken in drafting the contracts before they are finally entered into.

(v) No relaxation of specifications agreed upon in a contract or relaxation of the terms of an agreement entered into by the Government should be made without proper examination of the financial effect involved in such relaxation. The interest of the Public exchequer should be taken due care of before agreeing to any relaxation of agreement or contract. Save in exceptional circumstances, no work of any kind should be commenced without prior execution of contract documents.

(vi) "Cost Plus" contracts should be avoided except where they are inevitable.

Explanation: A "Cost Plus" contract means a contract where in the price payable for supplies or services under the contract is determined on the basis of the actual cost of production of the supplies or services rendered plus profit either at a fixed rate or unit or at a fixed percentage on the actual cost of production.

(vii) The terms of the contract once entered into must not be materially varied without the previous consent of the authority competent to enter into the contract as so varied. No such variation involving payment to contracts by way of compensation or otherwise outside the strict terms of the contract or in excess of the contract rates shall be authorised without the prior approval of the Ministry of Finance. A variation of the terms of contract which has been approved by such officer shall be made by writing executed "for and on behalf of the President" by an officer who is authorised by the order under Article 299 of the constitution to execute the original contract.

(viii) कोई भी संविदा जिसमें अनिश्चित दायित्व या असामान्य किस्म की कोई शर्त निहित हो, वित्त मंत्रालय की पूर्व अनुमति के बिना न की जाए ।

(ix) ले करार/संविदा में सभी प्रकार की शुद्धियां ठेकेदारों और मण्डल/शाखा अधिकारी द्वारा सत्यापित और संख्यांकित की जाएंगी ।

16.3 मंडल/शाखा अधिकारी को यह ध्यान देना होगा कि अनुमोदित निविदा में जो शर्तें नहीं हैं उन्हें किसी भी स्थिति में करार में सम्मिलित करने की अनुमति न दी जाए ।

16.4 विधिक जटिलताओं से बचने के लिए निविदा की स्वीकृति की जो तारीख निविदा स्वीकृति पत्र में और ठेकेदार को जारी किए गए निर्माणकार्य आदेश में जो करार का एक अंग है, दर्शाई गई है, उसे फार्म भा० पु० स० नि० 29 और 30 आदि के पृष्ठ के निम्न भाग में खाली स्थान में दर्शाना आवश्यक है । जिस तारीख को करार को अंतिम रूप दिया जाता है, उसे दर्शाने की पद्धति गलत है और उसे न अपनाया जाए।

16.5 करार की दो ही प्रतियां तैयार की जाएं और उन पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर कराये जाने चाहिए। उनसे एक पर "मूल प्रति" और दूसरी पर "द्वितीय प्रति" की मुहर लगाई जानी चाहिए । "द्वितीय प्रति" ठेकेदार को दी जानी चाहिए ऐसी प्रतियों के लिए निम्नलिखित कीमत ली जानी चाहिए :

(1) 10,000 रु० तक के निर्माण कार्य के लिए	2.00 रुपये
(2) 10,000 से ऊपर तथा एक लाख रुपये तक के निर्माण कार्य के लिए . . .	5.00 ,,
(3) एक लाख से ऊपर और दो लाख रुपये तक के निर्माण कार्य के लिए . .	10.00 ,,
(4) दो लाख से अधिक के निर्माण कार्य के लिए	15.00 ,,

इसके अतिरिक्त ठेकेदारों को प्रति रेखांक (Plan), जो करार का अंग होगा, एक रुपया देना होगा ।

ठेकेदार को भुगतान पर करार की एक प्रति दुवारा दिया जाना आपत्ति जनक नहीं है, बशर्ते कि उससे ऐसा निवेदन प्राप्त हो । एसी प्रति पर "तीसरी प्रति" न लिखा जाए अपितु उस पर "प्रमाणित सच्ची प्रति" लिखा जाए।

17. करारों की सुरक्षित अभिरक्षा

17.1 मूल संविदा प्रलेख/मण्डल/शाखा अधिकारी की निजी अभिरक्षा में रखे जाने चाहिएं और कनिष्ठ लेखा अधिकारी को जब कभी आवश्यकता हो उसके हस्ताक्षर लेने के बाद ही दिए जाने चाहिएं ।

17.2 जिस करार के लिए निविदाएं मण्डल/शाखा अधिकारी से उच्च स्तर के प्राधिकारी द्वारा स्वीकार की गई थीं वह महानिदेशक द्वारा उस प्राधिकारी को दी जानी चाहिए जिस प्राधिकारी ने निविदाएं स्वीकार की थीं। वह मंडल/शाखा अधिकारी से करार की प्रति प्राप्त होने के बाद यह सुनिश्चित करेगा कि करार स्वीकृत निविदा के अनुरुप है और इसके बाद ही उसकी एक प्रति भुगतान और लेखा अधिकारी को भेजेगा । करार की एक प्रमाणित प्रतिलिपि मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा दैनदिन संदर्भ के लिए लेखा शाखा को दी जाए । मूल करार की आवश्यकता साधारणत: भुगतान के समय ही होनी चाहिए ।

17.3 करार की प्रमाणित प्रतिलिपि ठेकेदार को यथा शीघ्र दी जानी चाहिए। प्रभार वसूलने के लिए ऊपर का पैरा 16.5 देखें ।

17.4 करार के प्रत्येक पृष्ठ पर ठेकेदार और मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए ।

17.5 यह वांछनीय है कि मंडल/शाखा अधिकारी करारों की प्रमाणित प्रतियां, खास कर उनकी जिनमें कुछ विशेष और असाधारण शर्तें या खंड अन्तर्विष्ट हों, वरिष्ठ संरक्षण सहायक, संरक्षण सहायक या सहायक अधीक्षक पुरातत्व इंजीनियर अथवा ऐसे किसी अन्य अधिकारी को दे, जो निर्माण-कार्य और भण्डार का प्रभारी हो । यदि किसी कारणवश संपूर्ण करार की प्रतियां देना संभव न हो तो कम से कम विशेष/असाधारण शर्तें या खंडों की प्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ मात्राओं की अनुसूची और सामान की अनुसूची मंडल/शाखा द्वारा सूचना और मार्गदर्शन के लिए सम्बद्ध अधिकारियों को दी जानी चाहिए।

(viii) No contract involving an uncertain or indefinite liability or any condition of an unusual character should be entered into without the previous consent of the Ministry of Finance.

(ix) All corrections in the agreement/contract documents shall be attested and numbered by the contractor(s) and Circle/Branch officer both.

16.3 Circle/Branch officers should see that conditions not existing in the approved tenders, are not, in any case, allowed to be embodied in the agreements.

16.4 In order to avoid legal complications, it is essential that the date of acceptance of tender as shown in the letter of acceptance of tender and award of work issued to the contractor, which forms part of the agreement, should be indicated in the space at the bottom portion of page 2 of Forms ASIW 29, 30 etc. The practice of showing the date on which the agreement is finalised is incorrect and shoud not be adopted.

16.5 If a request is received from a contractor to supply him with a copy of agreement, then two sets of contract documents should be prepared and signed by both the parties. One of the sets should be stamped "original" and the other "Duplicate". The duplicate copy should be supplied to the contractor and the following prices charged for such copies:

	Price to be charged
(1) For works upto Rs. 10,000	Rs. 2.00
(2) For works over Rs. 10,000 and upto Rs. one lakh	Rs. 5.00
(3) For works over Rs. 1 lakh and upto Rs. 2 lakhs	Rs. 10.00
(4) For works over Rs. 2 lakhs	Rs. 15.00

In addition the contractors will have to pay Re. 1 (Rupee one) per plan which may form part of the agreement.

There is no objection to giving a copy of agreement a second time to the contractor on payment, if a request is received from him. Such a copy should not be marked 'Triplicate' but should be certified as True Copy.

17. Safe Custody of Agreements.

17.1 The original contract documents should be kept in the personal custody of the Circle/Branch Officer and should be given to the Jr. Accounts Officer whenever required by him after obtaining aknowledgement.

17.2 Certified copies of the agreements for which tenders are accepted by an authority higher than the Circle/Branch Officer should be furnished to that authority by the Director General. The authority which accepted the tender—on receipt of the copy of the agreement from the Circle/Branch Officer, will ensure that the agreement is in accordance with the accepted tender and then forward one copy to the Pay & Accounts Officer. One certified copy of the agreement should be given by the Circle/Branch Officer to the Accounts Branch for day to day reference. Original agreement should ordinarily be required only at the time of final payment.

17.3 A certified copy of the agreement should be supplied to the contractor or as soon as possible. (For charging the cost see para 16.5 above).

17.4 Every page of the agreement should be signed by the Contractor and the Circle/Branch Officer.

17.5 It is desirable that the Circle/Branch Officer should supply certified true copies of agreements, especially of those which contain some special and unusual conditions or clauses to the Assistant Superintending Archaeological Engineer of works and stores. If for one reasons or the other it is not possible to supply copies of complete agreement, certified true copies of the Special/Unusual conditions or clauses along with schedule of quantities and schedule of materials should at least be supplied to concerned officer by the Circle/Branch Officer for information and guidance.

17.6 चूंकि मंडल/शाखा अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर किये जाने से पूर्व करार मंडल/शाखा कार्यालय में अन्तिम रूप से तैयार किये जाते हैं, अतः सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित निविदा आमंत्रण सूचना के साथ उचित जांच और मिलान किया जाना आवश्यक है। उन सभी चूकों के लिए मंडल/शाखा अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा जिनका बाद में उसके द्वारा हस्ताक्षर और औपचारिक रूप से स्वीकार किये जाने के बाद पता लगता है। स्वीकृत कराएं की प्रतिलिपियां संबंधित प्राधिकारियों को भेजने से पूर्व उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये सर्वतः पूर्ण हैं।

वार्ताएं—चलाने की क्रियाविधि

18. साधारण नियम के अनुसार दरों को कम कराने के लिए वार्ताओं का सहारा न लिया जाए। किन्तु यदि किसी मामले में ऐसा करना आवश्यक ही हो जाए तो जब तक कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा अन्यथा परामर्श न दिया जाए, वार्ताएं निम्नतम निविदादाता तक सीमित रखी जाएं।

दरों को कम करने के लिए वार्ताओं का सहारा न लिया जाए, यदि, पिछले समान निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त और स्वीकृत दरों से ये सीमांततः अधिक हों। निविदा प्रणाली की पवित्रता को कायम रखने के लिए यह सुनिश्चित करना चाहिए निविदाओं को प्रतियोगी बनाने की बजाए अंतरिम न बनने दिया जाए और यह निर्णय लिया गया है कि सीमांत प्रतिशत सीमाओं तक जैसा कि नीचे बताया गया है, यदि दरें अधिक हों तो उन्हें छोड़ दिया जाए।

निर्माण कार्य का मूल्य	सीमांत प्रतिशत सीमा
(क) 50,000 रुपये तक की लागत के निर्माण कार्य के लिए	5% तक
(ख) 50,000 रुपये से अधिक तथा 5 लाख रुपये तक की लागत के लिए ..	2% तक
(ग) 5 लाख रुपये से अधिक की लागत के निर्माण कार्य के लिए	1% तक

19. निर्माण कार्य संहिता के अध्याय 15 के सभी संबद्ध उपबंध अब उपाबद्ध प्रक्रिया के अधीन बने उपबंधों की सीमा तक परिशोधित माने जाएंगे।

फार्म सं० भा०पु०स०-80

भा०पु०स० में ठेकेदार के नामांकन के लिए आवेदन पत्र

मैं/हम ————————————भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सूची में ————————————मंडल/शाखा के लिए———————— रुपये के मूल्य तक के निम्नलिखित किस्म/श्रेणी के निर्माण कार्य/सामान पूर्ति कार्य को हाथ में लेने के लिए ठेकेदार के रूप में अपना नाम रजिस्टर कराने का/के इच्छुक हूं/हैं (जो लागू न हो, उसे काट दें) :—

1.2 जिस ठेकेदार/फर्म का नाम भारत सरकार के किसी मंत्रालय अथवा किसी विभाग द्वारा काली-सूची में रखा गया है, वे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में अपना नाम रजिस्टर कराने के पात्र नहीं हैं।

1.3 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के किसी मंडल, शाखा अथवा प्रभाग में ऐसे किसी ठेकेदार को निर्माण कार्य के लिए निविदा देने या ठेका प्रदान करने या निष्पादन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसका नजदीकी रिश्तेदार अनुसचिवीय या तकनीकी पद पर यहां तैनात हो। ठेकेदार को अपने साथ कार्य कर रहे उन सभी व्यक्तियों के नाम भी प्रज्ञापित करने होंगे जो उसके साथ किसी भी हैसियत से काम कर रहे हैं या तत्पश्चात् नियुक्त किये गये हों और जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण या शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय में कार्यरत किसी अधिकारी के नजदीकी रिश्तेदार हैं। यदि ठेकेदार द्वारा इस शर्त का किसी भी रूप में उल्लंघन किया जाएगा तो उसका नाम इस विभाग के ठेकेदारों की अनुमोदित सूची से हटा दिया जाएगा।

टिप्पणी :— नजदीकी रिश्तेदार से पुत्र, पुत्री अथवा अन्य कोई रिश्तेदार यथा—पत्नी, भाई, बहन, पति, भांजा या भतीजा, सन्तान, माता-पिता और दादा-दादी, चचेरा-फुफेरा-मौसेरा भाई बहन और उनसे सम्बन्धित ससुराल वाले अभिप्रेत हैं।

1.4 जो ठेकेदार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में कार्यरत अपने रिश्तेदार अराजपत्रित कर्मचारियों की सूची देने में असमर्थ होंगे उनके नाम का रजिस्ट्रीकरण पुरातत्व सर्वेक्षण में ठेकेदार के रूप में नहीं किया जाएगा (यदि कोई ऐसा रिश्तेदार नहीं है, तो भी उसके लिए "शून्य" विवरण देना आवश्यक होगा)।

1.5 भारत सरकार के इंजीनियरी विभाग में इंजीनियरी या प्रशासकीय कार्यों पर लगे राजपत्रित स्तर के इंजीनियर या अन्य अधिकारी को सरकारी नौकरी से सेवा-निवृत्त होने के दो वर्षों के भीतर भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना ठेकेदार के रूप में कार्य करने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी समय यदि ठेकेदार या उसके किसी भी कर्मचारी के ऐसे व्यक्ति होने का पता चलेगा, जिसने निविदा देने या ठेकेदार की नौकरी पर लगने से पहले भारत सरकार से अनुमति नहीं ली होगी जो ठेका रद्द किये जाने के दायित्वाधीन होगा।

2. **अभिलेखों का अनुरक्षण**

2.1 (क) प्रत्येक मंडल/शाखा कार्यालय को रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों का रजिस्टर रखना होगा जो निम्नलिखित प्ररूप में होगा :

(i) ठेकेदार या फर्म का नाम।

(ii) रजिस्ट्रीकरण संख्या।

(iii) प्रयोजन, जिससे रजिस्टर किया गया।

(iv) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में नियोजित ठेकेदार/फर्म के रिश्तेदारों का ब्यौरा जिसमें उनके नाम और पदनाम लिखे जाएं।

(v) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के उन अधिकारियों और कर्मचारियों के रिश्तेदारों का ब्यौरा, जो ठेकेदार/फर्म के साथ नियुक्त है जिसमें उनका नाम, पदनाम और उन्हें मिलने वाला वेतन बताया जाए।

(2) The Controller of Accounts, Ministry of Education & Culture, Vide No. 127/CA/82, dated 12-1-82.

(3) The Comptroller & Auditor General of India, vide U.O. No. 542/TA-II, dated 14th May, 1982.

(4) The Ministry of Works & Housing, Govt. of India, New Delhi, U.O. No. 3096-W & E/D-I(a)-82, dated 23-9-82.

(5) The Integrated Finance Division of The Ministry of Education & Culture, New Delhi, U.O. No. 10603-8/82-IFD, dated 12-10-82.

PROCEDURE FOR ACCEPTING TENDERS, DRAWING AGREEMENTS, SIGNING OF AGREEMENT AND THEIR SAFE CUSTODY ETC.

1. Contractors or firms ineligible for registration or submission of tenders

1.1 No Government servant or a dismissed Govt. servant will be entitled to be registered as a Contractor in the Archaeological Survey of India.

1.2 The Contractor/firm which has been black-listed by any Ministry or Department of the Govt. of India. is not eligible for registration as a Contractor in the Archaeological Survey of India.

1.3 The contractor shall not be permitted to tender for works in any Circle, Branch, or Division, in the Archaeological Survey of India or for award and execution of contracts, in which his near relative is posted in any clerical or technical capacity. The contractor shall also intimate the names of the persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any Officer in the Archaeological Survey of India or in the Ministry of Education and Culture. Any breach of this condition by the contractor would render him liable to be removed from the approved list of contractor of this department.

Note : Near relative means sons, daughters, or other near relatives, viz. wife, brothers, sisters. husband, nephews, children, parents and grant-parents, cousins and their respective -in-laws.

1.4 The Contractor who fails to furnish a list of non-gazetted employees of the Archaeological Survey of India related to him. (If no such case be there a nil statement shall be required to be furnished).

1.5 No Engineer of Gazetted rank or other Gazetted Officer employed in Engineering or Administrative duties in an Engineering Department of the Govt. of India is allowed to work as a contractor for a period of two years after the date of his retirement from Govt. Service, without previous permission of the Govt. of India. The contract is liable to be cancelled if either the contractor or any of his employee is found at any time to be such a person who had not obtained the permission of the Govt. of India as aforesaid before submission of the tender or engagement in the contractor's service.

2. Maintenance of Records

2.1 (a) Each Circle/Branch Office shall maintain a register of registered contractors in the following form :—

(i) Name of the Contractor or firm.

(ii) Registration No.

(iii) Purpose for which registered.

(iv) Details of relatives of the Contractors/firm employed in the A.S.I. giving their Names and Designation.

(v) Details of the relatives of the officers and staff of the A.S.I. employed with the Contractor/firm giving their Names, designations and salary drawn.

(vi) क्या वे के० लो० नि० वि० या किसी अन्य सरकारी या अर्धसरकारी विभाग में रजिस्ट्रीकृत हो, यदि हों तो उसका ब्यौरा ।

(vii) ठेकेदारों के हाथ में मौजूद निर्माण कार्यों का ब्यौरा ।

(viii) साझेदारों का ब्यौरा ।

(ix) **वित्तीय संसाधन**

(क) क्या कोई वसूली बकाया है ।

(ख) क्या कोई कुर्की-जब्ती आदेश लंबित है ।

(x) **मजदर नियंत्रण**

(क) क्या मजदूरों को नियमित रूप से उचित वेतन दिया जाता है ।

(ख) क्या मजदूर विनियमों और मजदूरों के स्वास्थ्य और स्वच्छता दशा की रक्षा संबंधी माडल नियमों का अनुपालन किया जाता है ।

(ग) क्या मजदूरों के साथ कोई विवाद हुआ है ।

(घ) क्या मजदूरों का अभाव होता है ।

(xi) प्रत्येक वर्ष निष्पादित निर्माण कार्यों या हाथ में लिये गये काम के ब्यौरे ।

(xii) मंडल/शाखा अधिकारी की सिफारिशें।

(xiii) ठेकेदार द्वारा जमा की गई एकमुश्त राशि जिसके लिए वह बयाने की राशि अदा करने से छूट पाने का हकदार है ।

(क) जमा की राशि

(ख) चालान सं० और तारीख

(ग) जमा करने की तारीख ।

(xiv) त्रुटिपूर्ण निर्माणकार्य आदि के लिए जारी की गई चेतावनी या नोटिस का हवाला दें ।

(xv) अभ्युक्तियां

3. (1) इस रजिस्टर को गोपनीय दस्तावेज की तरह माना जायगा और इसे मंडल/शाखा अधिकारी की व्यक्तिगत अभिरक्षा में रखा जाएगा ।

(2) शाखा/प्रभाग में ठेके के रजिस्टर के रखरखाव के सम्बन्ध में निम्नलिखित अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक पालन किया जायगा :—

(i) मंडल/शाखा/प्रभाग का नाम रजिस्टर की जिल्द पर साफ-साफ लिखा जाए ।

(ii) रजिस्टर में एक ऐसी अनुक्रमणिका होनी चाहिए, जिसमें ठेकेदार/फर्म का नाम दर्शाया जाए ।

(iii) सभी पृष्ठों को यथोचित ढंग से संख्यांकित किया जाना चाहिए और आवरण पृष्ठ पर इस आशय एक प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए कि इस रजिस्टर में क्र० सं० ——————से—————— क्र० स० तक कुल ——————पृष्ठ हैं ।

(iv) प्रत्येक ठेकेदार के लिए पर्याप्त पृष्ठ निर्धारित किये जाने चाहिए ताकि प्रत्येक के लिए सतत् रिकार्ड का प्रावधान हो सके ।

(v) रजिस्टर का तीन महीने में एक बार पुनरीक्षण किया जाना चाहिए और प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में उसे बंद किया जाना चाहिए ।

3.2 जैसा उक्त पैरा 2.1 में बताया गया है, वैसा एक रजिस्टर महानिदेशक के कार्यालय में भी रखा जाएगा जिसका पुनरीक्षण हर वर्ष मार्च, जून, सितम्बर और दिसम्बर के अन्त में निदेशक (संरक्षण) अथवा संयुक्त महानिदेशक के स्तर पर किया जाना चाहिए ।

(vi) Whether registered with C.P.W.D. or any other Govt. or semi Govt. Deptt. and if so, full details thereof.

(vii) Details of works in hand with the Contractor.

(viii) Details of partners.

(ix) **Financial Resources**

(a) Is there any recovery outstanding.

(b) Is there any attachment order outstanding.

(x) **Control of Labour.**

(a) Whether fair wages are paid regularly to the labour?

(b) Whether Labour Regulations and Model Rules for the protection of helath and sanitary conditions for labour are observed.

(c) Whether there has been any dispute with the labour.

(d) Whether there has been shortage of labour.

(xi) Details of works carried out or job undertaken each year.

(xii) Circle/Branch Officer's recommendations.

(xiii) Amount of lump sum deposit made by the Contractor to be entitled to exemption from payment of Earnest Money.

(a) Amount of deposit.

(b) Challan No. and date.

(c) Date of deposit.

(xiv) Reference to any warning or notice for defective work etc. issued.

(xv) Remarks.

3. (1) This register has to be treated as confidential document and should be kept under the personal custody of the Circe/Branch Officer.

(2) The following instructions should be strictly followed in connection with the maintenance of the register of contracts in a Circle/Branch/Division:—

(i) The name of the Circle/Branch/Division should be clearly indicated on the cover of the register

(ii) The register shall be provided with an index indicating the name of the Contractor/firm.

(iii) All pages shall be properly numbered and a certificate to the effect that the register contains.. ....pages from Sl. No............to Sl. No.................should be recorded on the cover page.

(iv) An adequate number of pages should be allotted to each contractor, to provide continuous record for each one of them.

(v) The register shall be reviewed quarterly and closed by the end of each financial year.

3.2 Similar register as in para 2.1 above will be maintained in the office of the Director General, which will be reviewed at the level of Director (Conservation) or the Jt. D.G. by the end of March, June, September and December every year.

3.3 किसी भी ठेकेदार को किसी भी समय कोई सरकारी रिकार्ड नहीं सौंपा जाएगा।

3.4 ऐसी सभी टिप्पणियां, अर्धसरकारी पत्राचार, अनौपचारिक और अन्य टिप्पणियां, जिसमें ठेकेदार/फर्म से संबंधित मामलों पर सिफारिशें की गई हों, अत्यन्त गोपनीय समझे जाएंगे।

3.5 यदि किसी ठेकेदार का मामला मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा उच्च प्राधिकारियों को भेजा गया हो तो ऐसी सूचना ठेकेदार को नहीं दी जाएगी। उसे केवल यही सूचना दी जाएगी कि मामला विचाराधीन है। मामला किस स्तर पर विचाराधीन है, यह भी उसे नहीं बताया जाएगा।

3.6 मंडल/शाखा/प्रभाग अधिकारी से नीचे रैंक के किसी अधिकारी को ठेकेदार अथवा फर्म द्वारा किये गये निर्माण कार्य की कारीगिरी अथवा कोटि के बारे में प्रमाणपत्र जारी करने का हक नहीं होगा।

4. करार/ठेके पर हस्ताक्षर करने/उसे स्वीकार करने के प्राधिकारी

4.1 महानिदेशक को निविदा स्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है। आन्तरिक वित्त विभाग से अनुमोदन प्राप्त करके यह निविदाएं मंगाने और उन्हें स्वीकार करने के संबंध में और ठेकेदारों के पंजीकरण से संबंधित सामान्य कार्यविधि के विषय में समनुषंगी नियम तैयार करने के लिए प्राधिकृत है।

4.2 निविदाओं को स्वीकार करने और निविदा प्रलेखों/करारों पर हस्ताक्षर करने के संबंध में मार्गनिर्देश निम्नलिखित है :--

(i) निविदा प्रलेखों/करारों पर राष्ट्रपति की ओर से (i) मंडलों/शाखाओं के प्रभारी अधीक्षक पुरातत्वविद् (ii) मुख्य उद्यान कृषि विशेषज्ञ/उपअधीक्षण उद्यान-कृषि विशेषज्ञ (iii) अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ अथवा (iv) निदेशक (विज्ञान) हस्ताक्षर कर सकेंगे। जिन निविदाओं के मामले में महानिदेशक द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाएगा, वहां भी तत्सम्बन्धी करारों पर संबंधित मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

(ii) संविधान के अनुच्छेद 299 (1) के निबंधनों के अनुसार ठेके के दस्तावेजों/करारों पर अधीक्षक पुरातत्वविद् से नीचे रैंक के अधिकारी तब तक हस्ताक्षर नहीं कर सकेंगे जब तक कि उन्हें ऐसा करने के लिए विशेष रूप से प्राधिकृत न किया जाए।

(iii) ठेके के निबंधन संक्षिप्त और सुनिश्चित होने चाहिए और इसमें अस्पष्टता अथवा अशुद्ध अर्थवत्ता की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। इस अनिश्चितता से बचने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षणक मानक संविदा फार्मों का प्रयोग आवश्यक है। मानक-फार्मों में प्रयुक्त जो विकल्प लगा न हों, अनिवार्य रूप से काट दिये जाने चाहिए। उन मामलों में, जहां संविदा के मानक फार्मों का प्रयोग नहीं होता है, अन्तिम रूप से संविदा करने से पूर्व संविदा-प्रारूप तैयार करते वक्त विधिक और वित्तीय परामर्श लिया जाना चाहिए।

(iv) सरकार द्वारा की गई किसी संविदा के विनिर्देशनों में शिथिलता अथवा किये गये करार के निबंधनों में कोई शिथिलता तब तक न दी जाए जब तक कि ऐसी शिथिलता में निहित वित्तीय प्रभावों की उचित जांच न कर ली जाए। संविदा या करार की शिथिलता पर सहमति देने से पूर्व सरकारी कोष के हित का सम्यक् ध्यान करना चाहिए। विशेष परिस्थितियों के अपवाद को छोड़कर संविदा प्रलेखों से निष्पादन के पूर्व कोई भी निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किया जाना चाहिए।

(v) "लागत जमा" संविदा से बचना चाहिए, सिवाय उसके जहां ये अनिवार्य हों।

स्पष्टीकरण—"लागत जमा" संविदा का तत्पर्य ऐसी संविदा से है, जहां संविदा के अन्तर्गत पूर्तियों अथवा सेवाओं के लिए अदा की जाने वाली कीमत का निर्धारण की गई पूर्तियों अथवा सेवाओं के वास्तविक उत्पादन व्यय में उस लाभ के जोड़ के आधार पर किया जाना है जो नियत दर या यूनिट या उत्पादन के वास्तविक व्यय पर नियत प्रतिशतता पर किया जाता है।

(vi) एक बार संविदा के जिन निबंधनों को मान लिया गया है, उनमें संविदा करने में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व सहमति के बिना तत्वत: कोई भी फेरफार यदि कोई ऐसा फेरफार अपेक्षित हो, नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा कोई फेरफार वित्त मंत्रालय की पूर्व स्वीकृति के बिना प्राधिकृत नहीं किया जाए, जिसका संबंध संविदा के लिए क्षतिपूर्ति के रूप में या संविदा के निबंधनों से बाहर जाकर अन्यथा भुगतान या संविदा दरों से अधिक भुगतान से हो। संविदा के निबंधनों में ऐसा फेरफार, जिसका जैसे अधिकारी ने अनुमोदन किया है, ऐसे अधिकारी द्वारा, संविधान के अनुच्छेद 299 (1) के अधीन जारी किए गए आदेश के अनुसार मूल संविदा निष्पादित करने के लिए प्राधिकृत है, केवल "राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए" लिखकर ही किया जायगा।

3.3 No contractor shall be entrusted with any Govt. records at any time.

3.4 All notes, Demi Official correspondence U.O. Notes and other notes containing recommendations about the matters concerning the Contractors/firms are to be treated as strictly confidential.

3.5 If the case of contractor has been referred to higher authorities by the Circle/Branch Officer, no such information shall be given to the Contractor, except that the matter is under consideration. The level of consideration will not be disclosed to him.

3.6 No officer below than rank of the Circle/Branch/Divisional Officer is entitled to issue certificate regarding the workmanship or quality of work done by a contractor or a firm.

4. Authorities Competent to Sign/Accept Agreement/Contract.

4.1 The Director General has full powers to accept tenders. He is also authorised to frame subsidiary rules relating to the calling of and acceptance of tenders and the general procedure connected with the registration of Contractors with the approval of I.F.D.

4.2 The following guide-lines are laid down for the acceptance of tenders and signing of tender documents/Agreements :--

(i) Tender documents/Agreement can be signed by the (i) Superintending Archaeologist Incharge of Circles/Branches, (ii) the Chief Horticulturists or Dy. Supdg. Horticulturist, (iii) the Superintending Archaeological Chemist or (iv) the Director (Science) on behalf of the President. Even in cases where the tenders are approved by the Director General the relative agreement will be signed by the Circle/Branch Officer concerned.

(ii) No officer below the rank of the Superintending Archaeologist can sign contract documents/Agreements on behalf of the President in terms of Article 299 (1) of the constitution, unless specifically authorised to do so.

(iii) Terms of contract must be precise and definite and there must be no room for ambiguity or misconstruction therein. The Archaeological Survey of India Standard contract forms are required to be used to avoid this contingency. The alternative used in the standard forms, which are not applicable should be invariably scored out. In cases where standard forms of contract are not used, legal and financial advice should be taken in drafting the contracts before they are finally entered into.

(iv) No relaxation of specifications agreed upon in a contract or relaxation of the terms of an agreement entered into by the Government should be made without proper examination of the financial effect involved in such relaxation. The interest of the public exchequer should be taken due care before agreeing to any relaxation of agreement or contract. Save in exceptional circumstances, no work of any kind should be commenced without prior execution of contract documents.

(v) 'Cost Plus' contracts should be avoided except where they are inevitable.

Explanation : A "Cost Plus" contract means a contract wherein the price payable for supplies or services under the contract is determined on the basis of the actual cost of production of the supplies or services rendered plus profit either at a fixed rate or unit or at a fixed percentage on the actual cost of production.

(vi) The terms of the contract once entered into must not be materially varied without the previous consent of the authority competent to enter into the contract as so varied. No such variation involving payment to contractors by way of compensation or otherwise, outside the strict terms of the contract or in excess of the contract rates shall be authorised without the prior approval of the Ministry of Finance. A variation of the terms of contract which has been approved by such officer shall be made by writing executed "for and on behalf of the President" by an officer who is authorised by the order under Article 299(1) of the constitution to execute the original contract.

(vii) कोई भी संविदा जिसमें अनिश्चित दायित्व या असामान्य किस्म की कोई शर्त निहित हो, वित्त मंत्रालय की पूर्व अनुमति के बिना न की जाए।

(viii) करार/संविदा में सभी प्रकार की शुद्धियां ठकेदार (ठेकेदारों) और मंडल/शाखा अधिकारी दोनों के द्वारा सत्यापित और संख्याकित की जाएंगी।

4.3 मंडल/शाखा अधिकारी को यह ध्यान देना होगा कि अनुमोदित निविदा में जो शर्त नहीं है उन्हें किसी भी स्थिति में करार में सम्मिलित करने की अनुमति न दी जाए।

4.4 विधिक जटिलताओं से बचने के लिए निविदा की स्वीकृति की जो तारीख निविदा स्वीकृति-पत्र और ठेकेदार को जारी किए गए निर्माण कार्य आदेश में जो करार का एक अंग है, दर्शाई गई है, उसे फार्म भा० पु० स० नि० 29 और 30 आदि के पृष्ठ 2 के निम्न भाग में खाली स्थान में दर्शाना आवश्यक है। जिस तारीख को करार को अंतिम रूप दिया जाता है, उसे दर्शाने की पद्धति गलत है और वह न अपनायी जाए।

4.5 करार की दो ही प्रतियां तैयार की जाएं और उन पर दोनो पक्षों के हस्ताक्षर कराये जाने चाहिए। उनमें से एक पर "मूल प्रति" और दूसरे पर "द्वितीय प्रति" की मुहर लगाई जानी चाहिए। "द्वितीय प्रति" ठेकेदार को दी जानी चाहिए और ऐसी प्रतियों के लिए निम्न लिखित कीमत ली जानी चाहिए :–

	ली जाने वाली कीमत
(1) 10.000 रु० तक के निर्माण कार्य के लिए–	2.00 रुपये
(2) 10,000 के ऊपर और एक लाख लाख रुपये तक के निर्माण कार्य के लिए	5. 00 रुपये
(3) एक लाख से ऊपर और दो लाख रुपये तक के निर्माण कार्य के लिए	10.00 रुपये
(4) दो लाख रुपये से अधिक के निर्माण–कार्य के लिए	15.00 रुपये

इसके अतिरिक्त ठेकेदारों को प्रति रेखांक, (Plan) जो करार का अंग होगा, एक रूपया देना होगा।

ठेकेदार को भुगतान पर करार की एक प्रति दोबारा दिया जाना आपत्तिजनक नहीं है, वशर्ते कि उससे ऐसा निवेदन प्राप्त हो। ऐसी प्रति पर "तीसरी प्रति" न लिखा जाए अपितु उस पर "प्रमाणित सच्ची प्रति" लिखा जाए।

5. करारों की सुरक्षित अभिरक्षा

5.1 मूल संविदा प्रलेख/मंडल/शाखा अधिकारी की निजी अभिरक्षा में रखे जाने चाहिए और कनिष्ठ लेखा अधिकारी को जब कभी आवश्यकता हो उसके हस्ताक्षर लेने के बाद ही दिये जाने चाहिए।

5.2 जिस करार के लिए निविदाएं मंडल/शाखा अधिकारी से उच्च स्तर के प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत होती है, उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि महानिदेशक द्वारा उस प्राधिकारी को दी जानी चाहिए। जिस प्राधिकारी ने निविदाएं स्वीकार की थी, वह मंडल/शाखा अधिकारी से करार की प्रति प्राप्त होने के बाद यह सुनिश्चित करेगा कि करार स्वीकृत निविदा के अनुरूप है और इसके बाद ही उसकी एक प्रति भुगतान और लेखा अधिकारी को भेजेगा। करार की एक प्रमाणित प्रतिलिपि मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा दैनन्दिन संदर्भ के लिए लेखा शाखा को दी जाए। मूल करार की आवश्यकता साधारणतः केवल अन्तिम भुगतान के समय ही होनी चाहिए।

5.3 करार के प्रमाणित प्रतिलिपि ठेकेदार को प्रभार वसूलने के बाद यथा शीघ्र दी जानी चाहिए। (ऊपर का पैरा 4.5 देखें)।

5.4 करार के प्रत्येक पृष्ठ पर ठेकेदार और मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिएं।

5.5 यह वांछनीय है कि मंडल/शाखा अधिकारी करारों की प्रमाणित प्रतियां, खासकर उनकी जिसमें कुछ विशेष और असाधारण शर्तें या खंड अन्तर्विष्ट हों, वरिष्ठ संरक्षण सहायक, संरक्षण सहायक या सहायक अधीक्षक पुरातत्व इंजीनियर अथवा ऐसे किसी अन्य अधिकारी को दे, जो निर्माण-कार्य और भंडार का प्रभारी हो। यदि किसी कारणवश सम्पूर्ण करार की प्रतियां देना संभव न हों, तो कम से कम विशेष/असाधारण शर्तों या खंडों की प्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ मात्राओं की अनुसूची और सामान की अनुसूची मंडल/शाखा द्वारा सूचना और मार्गदर्शन के लिए संवद्ध अधिकारियों को दी जानी चाहिए।

(vii) No contract involving an uncertain or indefinite liability or any condition of an unusual character should be entered into without the previous consent of the Ministry of Finance.

(viii) All corrections in the agreement/Contract documents shall be attested and numbered by the contractor(s) and Circle/Branch Officer both.

4.3 Circle/Branch Officer should see that conditions not existing in the approved tenders, are not, in any case, allowed to be embodied in the agreements.

4.4 In order to avoid legal complications, it is essential that the date of acceptance of tender as shown in the letter of acceptance of tender and award of work issued to the contractor, which forms part of the agreement, should be indicated in the space at the bottom portion of para 2 of Forms ASIW 29, 30 etc. The practice of showing the date on which the agreement is finalised, is incorrect and should not be adopted.

4.5 Two Copies of the Agreement, should be prepared and signed by both the parties. One of the sets should be stamped "Original" and the other "Duplicate". The duplicated copy should be supplied to the Contractor and the following prices charged for such copies.

	Price to be charged
(1) For Works upto Rs. 10,000	Rs. 2.00
(2) For Works over Rs. 10,000 and upto Rs. one lakh.	Rs. 5.00
(3) For works over Rs. 1 lakh and and upto Rs. 2 lakhs.	Rs. 10.00
(4) For works over Rs. 2 lakhs	Rs. 15.00

In addition the contractors will have to pay Re 1 (Rupee one) pe plan which may form part of the agreement.

There is no objection to giving a copy of agreement a second time to the contractor on payment, if a request is received from him. Such a copy should not be marked 'Triplicater but should be certified as True copy.

5. Safe Custody of Agreements

5.1 The original contract documents should be kept in the personal custody of the Circle/Branch Officer and should be given to the Jr. Accounts Officer whenever required by him after obtaining acknowledgement.

5.2 Certified copies of the agreement for which tenders are accepted by an authority higher than the Circle Branch Officer should be furnished by that authority to the Director General. The authority which accepted the tender on receipt of the copy of the agreement from the Circle/Branch Officer, will ensure that the agreement is in accordance with the accepted tender and then forward one copy to the Pay & Accounts Officer. One certified copy of the agreement should be given by the Circle Branch Officer to the Accounts Branch for day to day reference. Original agreement should ordinarily be required only at the time of final payment.

5.3 A certificate copy of the agreement should be supplied to the contractor as soon as possible after charging the cost (see para 4.5 above)

5.4 Every page of the agreement should be signed by the contractor and the Circle/Branch Officer.

5.5 It is desirable that the Circle/Branch Officer should supply certified true copies of agreements, especially of those which contain some special and unusual conditions or clauses, to the Sr. CA, C. A. or Assistant Superintending Archaeological Engineer or any other officer incharge of works and stores. If for one reasons or the other it is not possible to supply copies of complete agreement certified true copies of the Special/Unusual conditions or clauses along with schedule of quantities and schedule of material should at least be supplied to concerned, officers by the Circel/Branch Officer for their information and guidance.

5.6 चूंकि करार मंडल/शाखा कार्यालय में अन्तिम रूप से सम्पन्न होता है, अतः मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किये जाने से पूर्व यह अत्यावश्यक है कि इसकी उचित तरीके से मंडल/शाखा अधिकारी के कार्यालय में जांच की जाए और इसको सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित निविदा आमंत्रण सूचना के साथ मिलान किया जाए। ऐसी किसी भी भूल के लिए मंडल/शाखा अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा, जिसका पता उसके द्वारा करार पर हस्ताक्षर करने और औपचारिक तौर पर उसे स्वीकार करने के बाद चलेगा। उसे यह ध्यान रखना चाहिए कि स्वीकृति करारों की प्रतियां संबद्ध प्राधिकारियों को अग्रेषित करने से पूर्व वे सभी प्रकार से पूर्ण हों।

6 वार्ता की कार्यविधि

6.1 साधारण नियम के अनुसार वार्ता का सहारा न लिया जाए; किन्तु जिन मामलों में ऐसा करना आवश्यक हो, वहां जब तक सक्षम अधिकारी द्वारा अन्यथा परामर्श न दिया जाए, ऐसी वार्ता निम्नतम निविदादाता तक सीमित होनी चाहिए।

6.2 उस स्थिति में दरों को कम करने के लिए वार्ता का सहारा न लिया जाए, जबकि ये समरूप निर्माण-कार्यों के लिए पहले सभी प्राप्त हुई और स्वीकार की गई निम्नतम दरों से केवल सामान्यतः अधिक हों। यह सुनिश्चित करने के लिए कि निविदा प्रणाली की पवित्रता को आंच न आए और निविदाओं को प्रतियोगितापूर्ण बनाने की अपेक्षा अंतरिम तौर पर बनाने की प्रवृत्ति से बचने के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि नीचे बताई गई सीमान्त प्रतिशतता में थोड़े-बहुत अन्तर तक की कमोबेशी पर ध्यान न दिया जाए :—

निर्माण-कार्य का मूल्य	सीमान्त प्रतिबंध
(क) 50,000/- रुपये तक की लागत वाले निर्माण-कार्य के लिए	5 प्रतिशत
(ख) 50,000/- रुपये से अधिक और 5 लाख रुपये तक की लागत वाले निर्माण-कार्य के लिए	$2\frac{1}{2}$ प्रतिशत
(ग) 5 लाख रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्य के लिए	1 प्रतिशत

5.6 As the agreement will be finally completed in the Circle/Branch Office before they are signed by the Circle/Branch Officer, it is very important that these should be properly checked and compared in the Office of the Circle/Branch Officer with the Notice Inviting Tenders as approved by the Competent Authority. The Circle/Branch Officer will be held personally responsible for any mistake which is found subsequently after the agreement has been signed and accepted by him formally. He should see that before copies of the accepted agreements are forwarded to the authorities concerned, they are complete in all respects.

6. Negotiations—Procedure for Conducting

6.1 As a general rule negotiations should not be resorted to; but in cases where it becomes necessary to do so, negotiations should be restricted only to the lowest tenderer unless otherwise advised by the competent authority.

6.2 No negotiations should be resorted to in order to bring down rates when these are only marginally in excess of the lowest rates received and accepted for similar works in the past. In order to ensure that the sanctity of the tender system is not violated and to avoid a tendency to make tenders tentative rather than competitive, it has been decided that excecs in rates upto the percentage marginal limits as indicated below shall be ignored.

	Value of Works	Limit marginal
(a)	For works costing upto Rs. 50,000/-	5%
(b)	For works costing above Rs. 50,000/- and upto Rs. 5 lakhs.	2½%
(c)	For works costing over Rs. 5 lakhs.	1%

अध्याय 2

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में संरचनाओं के संरक्षण, रासायनिक परिरक्षण तथा बागबानी सम्बन्धी माध्यस्थम् तथा मुकदमें के मामलों की प्रक्रिया

CHAPTER 2

PROCEDURE FOR THE PROCESSING OF ARBITRATION AND LITIGATION CASES CONCERNING THE EXECUTION OF WORKS OF STRUCTURAL CONSERVATION CHEMICAL PRESERVATION AND HORTICULTURE IN ARCHAEOLOGICAL SURVEY OF INDIA

अध्याय 2

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में संरचनाओं के संरक्षण, रासायनिक परिरक्षण तथा बागबानी सम्बन्धी निर्माण कार्यों के निष्पादन से संबंधित माध्यस्थम् तथा मुकदमें के मामलों की प्रक्रिया

माध्यस्थम् तथा मुकदमें के मामले

1. **माध्यस्थम् खण्ड 25 का लागू होना।**

1.1 मानक प्ररुप भा० पु० स० नि० वि० का० –7 तथा 8 के खण्ड 25 में पक्षकारों के मध्य किसी अवस्था में, इसी खण्ड में विनिर्दिष्ट कतिपय मामलों के सम्बन्ध में कोई प्रश्न अथवा विवाद उठने की स्थिति में मध्यस्थ की नियुक्ति की व्यवस्था। परन्तु यह उपबन्ध खण्ड 2, 3, 5 तथा 12 के अन्तर्गत की गई कार्रवाइयों पर लागू नहीं होता जहां पर कि विनिर्दिष्ट अधिकारियों का निर्णय, पुरातत्व निर्माण संहिता के परिशिष्ट 12 में पहले से ही वर्णित परिमाण तक अन्तिम होगा। विनिर्दिष्ट अधिकारी का निर्णय माध्यस्थम् के लिए जिस परिमाण तक निर्देशित किया जा सकता है उसका विस्तार पूर्वक वर्णन भी उक्त धारा/भाग में है जोकि इसके साथ पढ़ा जाएगा।

1.2 प्ररुप भा० पु० स० नि० कार्य-7 तथा 8 के खण्ड 25 के अनुसार ठेकेदार जब तक माध्यस्थम की प्रक्रिया पार नहीं कर लेता तब तक वह अपनी शिकायतों के परितोष के लिए विधि न्यायालय का अवलम्ब नहीं ले सकता। यदि ठेकेदार न्यायालय में चला भी जाए तो मण्डल/शाखा अधिकारी को यह तर्क प्रस्तुत करना चाहिए कि क्योंकि ठेकेदार माध्यस्थम् खण्ड वाले करार का हस्ताक्षर-कर्ता है इसलिए कार्य के निष्पादन से अथवा उससे किसी भी प्रकार से सम्बन्धित किसी विवाद के निपटान हेतु सर्वप्रथम माध्यस्थम् के पास निर्देशित किया जाएगा।

1.3 माध्यस्थम् के लिए अनुपूरक करार प्ररुप भरने के लिए निम्नलिखित प्ररुपों का प्रयोग किया जाएगा।

कार्य का नाम :————————————————

————————————————तारीख को ————————————————पर कार्य करने के लिए ————————————————————————————————

——

के मध्य किये गए करार का ज्ञापन।

जिसे इसके पश्चात् "दावेदार" के रूप में निर्देशित किया गया है और जब तक संदर्भ के (में) विरुद्ध न हो, इस अभिव्यक्ति (शब्द) में उसके उत्तराधिकारी, निष्पादक, प्रशासन, विधिक प्रतिनिधि तथा एक भाग के अनुज्ञात समनुदेशिती भी सम्मिलित होंगे और दूसरे भाग में भारत के राष्ट्रपति जिन्हें इसके पश्चात् सरकार कहा गया है, जब तक संदर्भ के विरुद्ध न हो, इस अभिव्यवित में उसके उत्तराधिकारी तथा दूसरे भाग के समनुदेशिती भी शामिल होंगे।

जबकि दावेदार को सरकार द्वारा ————————————————संख्यक कार्यादेश दिया गया था।

और जबकि उक्त कार्यादेश

और जबकि उक्त कार्यादेश के खण्ड 4 में यह उपबन्ध था कि उक्त कार्यादेश के पक्षकारों के मध्य उठने वाले विवाद एकमात्र मध्यस्थ को निर्देशित किये जाएंगे।

तथा जबकि विवादों को एकमात्र मध्यस्थ के पास निदेशित करने के लिए एक अलग करार करने पर दावेदार तथा सरकार में परस्पर सहमति है।

अब दावेदार तथा सरकार एतद्वारा परस्पर सहमत हैं तथा निम्नलिखित घोषणा करते हैं :–

1. कि कार्यादेश सं० ————————————से उठने वाले सभी विवाद मयध्यस्थम् के एकमात्र मध्यस्थ को निर्देशित किये जाएंगे जिसकी नियुक्ति उक्त महानिदेशक————————————करेंगे।
2. कि किसी कारणवश मध्यस्थ, जिसको इस प्रकार विवाद निर्देशित किये जाते हैं, के स्थानान्तरण, नौकरी छोड़ने अथवा कार्य करने में असमर्थ या अनिच्छुक होने पर, महानिदेशक किसी अन्य व्यक्ति को मध्यस्थ के रूप में नियुक्त करेंगे।
3. कि उपरोक्तानुसार महानिदेशक द्वारा मध्यस्थ के रूप में नियुक्त किये गए व्यक्ति के बिना और कोई व्यक्ति मध्यस्थ नहीं होगा और यदि किसी कारणवश ऐसा सम्भव न हो तो उक्त विवाद माध्यस्थ को कदापि निर्देशित न किये जाएं।

CHAPTER 2

PROCEDURE FOR THE PROCESSING OF ARBITRATIONS AND LITIGATION CASES CONCERNING THE EXECUTION OF WORKS OF STRUCTURAL CONSERVATION, CHEMICAL PRESERVATION, AND HORTICULTURE IN THE ARCHAEOLOGICAL SURVEY OF INDIA

Arbitration and Litigation

1 Application of Arbitration Clause 25

1.1 Clause 25 of the standard forms ASIW-7 and 8 provide for appointment of an Arbitrator in case of questions and disputes relating to certain matters, specified therein, arising at any stage, whatever, between the parties. This however, does not apply to actions taken under clauses 2, 3, 5 & 12, where the decision of the specified Officer is final to the extent already described in Appendix-XI of the A.W. Code. The extent to which the decision of the specified officer can be referred to arbitration has also been described in detail in that Section, which may be read along with this.

1.2 The contractor cannot have recourse to a Court of Law for the redress of his grievances unless he has exhausted the channel of arbitration as envisaged in Clause 25 of the Form ASIW-7 and 8. Even if the contractor goes to Court, the Circle/Branch Officer should take a plea that the contractor being a signatory to the agreement containing arbitration clause, any dispute arising out of or in any way connected with the execution of work has first to be settled by reference to arbitration.

1.3 The following forms will be used for signing Supplementary Agreement Form for Arbitration :—

Name of work:——————————————————————————————————
——————————————————————————————————————

Memorandum of Agreement made this———————day of Between——————————
——————————————————carrying on business at————————————
hereafter referred to as the 'Claimant' which expression shall unless repugnant to the context include his heirs, executors, administrators, legal representative and permitted assignees of the one PART AND THE PRESIDENT OF INDIA hereinafter called Government which expression shall unless repugnant to the context include his successors and assigns of the OTHER PART.

WHEREAS THE claimant had been awarded a work order by Government, being Work Order No.————

AND whereas *Clause* 4 of the said Work Order provided that any dispute between the parties to the said Work Order would be referred to a sole Arbitrator.

AND whereas the Claimant and the Government have now mutually agreed to enter into a separate agreement for reference of the disputes to the sole Arbitrator.

NOW THE CLAIMANT AND THE GOVERNMENT HEREBY MUTUALLY AGREE AND DECLARE AS FOLLOWS :—

1. That all disputes arising out of Work Order No.................... be referred to the *sole arbitration of an arbitrator* to be appointed by the said *Director General.*

2. That if the Arbitrator to whom disputes are so referred is transferred, or vacates his office or is unable or unwilling to act for any reason, the Director General shall appoint another person as Arbitrator.

3. That no person other than a person appointed by the Director General as aforesaid shall be arbitrator and if for any reason, that is not possible, the said disputes shall not be referred to arbitration at all.

9—1 ASI /ND/83

4. कि इसके पक्षकारों की सम्मति से समय-समय पर, मध्यस्थ अधिनिर्णय देने तथा उसका प्रकाशन करने के लिए समय बढ़ा सकता है।

5. माध्यस्थम् की कार्यवाहियों पर होने वाला खर्च एकमात्र मध्यस्थ के विवेकानुसार होगा।

6. कि उपरोक्तानुसार इस खण्ड के अन्तर्गत माध्यस्थम् की कार्यवाहियों पर, माध्यस्थम् अधिनियम, 1940 का उपबन्ध अथवा उसका कोई कानूनी उपान्तर या उसका पुनर्धिनियमन और उसके अन्तर्गत बनाए गए नियम जोकि तत्समय प्रवृत्त हों, लागू होंगे।

7. इन विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प-शुल्क का भार वहन करने के लिए सरकार सहमत है :—

उसके साक्ष्यस्वरूप इस कार्यवाही के पक्षकारों ने पहले ऊपर लिखी तारीख तथा वर्ष तक के लिए यहां अपने-अपने हस्ताक्षर कर दिये हैं।

हस्ताक्षर :—

हस्ताक्षर :—

____

____

____

साक्षी:—

नाम :

पदनाम :

पता :

नाम :

पदनाम :

पता :

की उपस्थिति में।

भारत के राष्ट्रपति के निमित्त तथा उनकी ओर से श्री ____________________ ने ____________________ की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये।

नाम ____________________

पदनाम ____________________

पता ____________________

____

2 परिसीमाकाल

2 1 ठेकेदार अथवा संभरक से मुकद्दमें के मामले में माध्यस्थम् के लिए प्राप्त प्रार्थना की जांच करते समय मंडल, अखा अधिकारी को यह देख लेना चाहिए कि ठेकेदार का दावा यथास्थिति परिसीमा अधिनियम, 1908 अथवा 1983 के उपबन्ध के अनुसार कालातीत तो नहीं है। प्रतिवाद तैयार करते समय इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए।

2.2 ठेके की यह भी एक शर्त है कि यदि ठेकेदार सरकार से यह सूचना प्राप्त होने कि "अदायगी के लिए बिल तैयार है) ", के 90 दिन के अन्दर लिखित रूप में दावे के सम्बन्ध में माध्यस्थम् के लिए कोई मांग (प्रस्तुत) नहीं करता/करते तो उसका/उनका दावा रद्द तथा पूर्ण रूप से कालातीत समझा जाएगा और सरकार इन दावों से सम्बन्धित ठेके के अन्तर्गत सभी दायित्वों से मुक्त और स्वतन्त्र होगी।

4. That the Arbitrator may from time to time with the consent of the parties hereto enlarge the time for making and publishing the award.

5. That the costs incidental to the arbitration proceedings shall be in the discretion of the sole arbitrator.

6. That subject to as aforesaid the provision of the Arbitration Act, 1940 or any statutory modification or the re-enact thereof and the rules made thereunder for the time being in force shall apply to the arbitration proceedings under this Clause.

7. The Government agrees to bear stamp duty if any, chargeable on these presents :—

IN WITNESS THEREOF THE parties hereto have set and subscribed their respective hands here upto the day and year first above written.

Signed by———————————

Sd/———————————
....
....
....

in the presence of :

Name ....
Designation ....
Address ....
....

Name ....
Designation ....
Address ....
....

Signed for and on behalf of President of India by Shri........................in the presence of..

Name ....
Designation ....
Address ....
....

2. Period of Limitation

2.1 While examining the request for arbitration from a contractor or supplier or any claim in a litigation case, the Circle/Branch Officer should examine whether the claim of the contractor is time barred, in accordance with the provision of the Limitation Act, 1908 or 1963 as the case may be. This point should be taken into consideration in preparing the defence.

2.2 It is also a term of the contract that if the contractor(s) does/do not make any demand for arbitration in respect of any claim(s) in writing within 90 days of receiving intimation from the Government, that the bill is ready for payment the claim of the contractor(s) will be deemed to have been waived and absolutely barred and the Government shall be discharged and released of all liabilities under the contract in respect of these claims.

2.3 वह अवधि जिस तक ठेका मान्य होगा करार का मामला है और यदि मूल रूप से नियत की गई कार्य-समापन की अवधि पूरी हो जाती है तो केवल पक्षकारों का करार ही ठेके की पुष्टि कर सकता है तथा उसकी मान्यता को बढ़ा सकता है। उन्होंने आगे यह कहा कि जब ठेकेदार अथवा विभाग या दोनों के कहने पर ठेके का समय बढ़ाने के सम्बन्ध में विचार किया जाए तो ऐसा पक्षकारों के मध्य करार द्वारा किया जाएगा चाहे वह अभिव्यक्त करार हो या विवक्षित करार ताकि समय-विस्तार उनके लिए बाध्यकर हो। इसके आगे यह कि यदि मंडल/शाखा/प्रभाग अधिकारी द्वारा स्वप्रेरणा से समय-विस्तार किया जाता है और यह समय-विस्तार ठेकेदार को, अभिव्यक्त अथवा कार्य समापन की तारीख से पहले या बाद के उसके कार्यों से विवक्षित रूप से स्वीकार हो, तो अधीक्षक पुरातत्वविद् द्वारा किया गया समय-विस्तार मान्य होगा। अतः यह आवश्यक है कि यदि ठेकेदार समय-विस्तार के लिए आवेदन न भी करे तो भी मंडल/शाखा/प्रभाग अधिकारी समय-विस्तार की अनुमति दे दें ताकि ठेका सक्रिय रहे। यदि ठेकेदार मंडल/शाखा/प्रभाग अधिकारी द्वारा दिये गए समय-विस्तार पर कार्य करने से इन्कार करे तो करार के खण्ड 2 और 3 के उपबन्ध लागू होंगे।

3. मध्यस्थ की नियुक्ति

3.1 मध्यस्थ की नियुक्ति के लिए ठेकेदार से आवेदन प्राप्त होने पर मंडल/शाखा अधिकारी को उपरोक्त तथ्यों की जांच करनी चाहिए और यह देखना चाहिए कि विवाद के वह विषय खण्ड 25 की सीमा के अन्तर्गत आते भी हैं या नहीं। उसके बाद मंडल/शाखा अधिकारी को अपनी रिपोर्ट अन्तिम आदेश के लिए महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास भेजनी चाहिए। इस पर महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, खण्ड 25 के अधीन मध्यस्थ की नियुक्ति करेंगे। महानिदेशक की अनुपस्थिति में सरकार आन्तरिक वित्तीय विभाग के परामर्श से मध्यस्थ की नियुक्ति करेगी।

3.2 नियुक्त मध्यस्थ का प्राधिकार सिवाय न्यायालय के आदेश के प्रतिसंहरणीय नहीं होगा। ठेके के किसी पक्षकार/पक्षकारों की मृत्यु से भी ऐसा नहीं होगा।

3.3 इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति एकमात्र मध्यस्थ होगा। उसका अधिनिर्णय जब तक कार्यालय द्वारा अपास्त न किया जाए अन्तिम होगा और ठेके के सभी पक्षकारों के लिए बाध्यकर होगा।

3.4 माध्यस्थम् के लिए प्राप्त आवेदनों के निपटान में विलम्ब न हो इसलिए विभिन्न अवस्थाओं में मामलों के प्रस्तुतीकरण तथा मध्यस्थ की नियुक्ति के लिए निम्नलिखित समय-सारणी निर्धारित की गई है:––

(क) मंडल/शाखा अधिकारी को तीन सप्ताह के अन्दर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करना चाहिए।

(ख) मंडल/शाखा से प्रतिवेदन प्राप्त होने के एक महीने के अन्दर महानिदेशक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मध्यस्थ की नियुक्ति के लिए प्रतिवेदन की जांच करेंगे।

4. बिना करार के मध्यस्थ की नियुक्ति

4.1 जिन मामलों में कोई करार नहीं किया गया है जहां करार में मध्यस्थ अथवा महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा नियुक्त व्यक्ति को विवाद का विषय भेजने से सम्बन्धित कोई खण्ड नहीं है वहां परस्पर सहमति से विवाद का विषय माध्यस्थम् को नहीं भेजना चाहिए और न ही भारत सरकार (समाकलित वित्तीय प्रभाग) का पूर्व-अनुमोदन लिये बिना इस उद्देश्य से कोई करार किया जाना चाहिए।

5. मूल मध्यस्थ के स्थान पर अन्य मध्यस्थ की नियुक्ति

5.1 मूलतः जिस मध्यस्थ के पास माध्यस्थम् हेतु मामला भेजा जाता है उसका स्थानान्तरण होने अथवा उसकी मृत्यु या सेवा-निवृत्ति के परिणामस्वरूप या फिर किसी अन्य किसी कारणवश उसका पद रिक्त हो जाता है या फिर अन्य किसी कारण/किन्हीं कारणों से वह मध्यस्थ के रूप में कार्य करने में असमर्थ है तो विधि, न्याय तथा कम्पनी कार्य मंत्रालय के परामर्श से उसकी कार्यवाही को आगे बढ़ाने के लिए अन्य मध्यस्थ नियुक्त किया जाएगा जो कि उस अवस्था से कार्यवाही आगे चलाएगा जहां पर उसके पूर्वाधिकारी द्वारा कार्य अधूरा छोड़ा गया था।

टिप्पणी 1:–– संविदा प्ररूपों के खण्ड 25 के अन्तर्गत मूलतः जिस मध्यस्थ को मध्यस्थम् हेतु मामला भेजा गया था यदि उसका स्थानान्तरण हो जाता है अथवा उसके नौकरी छोड़ने या किसी कारणवश कार्य करने में असमर्थ होने पर महानिदेशक किसी अन्य व्यक्ति को मध्यस्थ के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त कर सकते हैं, विधिक स्थिति यह है कि जब एक बार कोई विवाद माध्यस्थम् को भेज दिया जाता है तथा माध्यस्थम् की उपरोक्त शर्तों के अनुसार मध्यस्थ नियुक्त कर लिया जाता है तो माध्यस्थम् की शर्त अधि-निर्णय जारी होने पर ही होगी अन्यथा नहीं। उपर्युक्त विधि के स्थिति को देखते हुए क्योंकि माध्यस्थम् का अन्त अधिनिर्णय के सिवाय और किसी बात में नहीं हो सकता इसलिए माध्यस्थम् द्वारा बन्द किये गए मामले उस समय भी लंबित/अनिर्णीत समझे जाएंगे। यदि कोई मामला खारिज कर दिया जाता है या फिर ताक पर रख दिया जाता है तो वह भी लंबित रहेगा। यदि ऐसे मामले में यदि मध्यस्थ का पद खाली हो जाता है अथवा उसका स्थानान्तरण हो जाता है या फिर त्यागपत्र देने के कारण वह कार्य करने में असमर्थ है तो महानिदेशक नया मध्यस्थ नियुक्त कर सकेंगे। ऐसे मामले में अधिनिर्णय देने का समय पहले मध्यस्थ द्वारा निर्देश पर कार्यारम्भ करने की तारीख से नहीं बल्कि नये नियुक्त मध्यस्थ द्वारा निर्देश पर कार्यारम्भ करने की तारीख से गिना जाएगा। पहले मध्यस्थ द्वारा मामला बन्द करने या खारिज करने से नया मध्यस्थ किसी प्रकार से असमर्थ नहीं होगा और वह कार्यवाही को आगे बढ़ा सकेगा।

2.3 The period during which the contract remains valid is a matter of the agreement and if the period originally set for the completion of the work comes to an end, nothing short of agreement of the party can extend the sustenance and validity of the contract. They have further opined that the period of extension of contract may be considered at the instance of the contractor or the Department or both. The extension in order to be binding will have to be by parties' agreement express or implied. It, therefore, follows that if the extension of time is granted by the Circle/Branch/ Divisional Officer *suo moto* and such extension of time is accepted by the contractor, either expressly or implied by his action before/subsequent to/and the date of completion, the extension of time granted by the Circle/Branch Officer is valid. It is, therefore, necessary that the Circle/ Branch/Divisional Officer grants extension of time even when the contractor does not apply for extension of time in order to keep the contract alive. If the contractor refuses to act upon the extension granted by the Circle/Branch/Divisional Officer, it will attract the provisions of Clauses 2 & 3 of the agreement.

3. Appointment of Arbitrator

3.1 On receipt of a request from the contractor for appointment of an Arbitrator, the Circle/Branch Officer should examine the above facts and also whether the points of dispute fall within the purview of Clause 25. The Circle/Branch Officer should then send his report to the Director General, Archaeological Survey of India for his final orders. The Director General, Archaeological Survey of India then shall appoint an Arbitrator under Clause 25. In the absence of Director General, the appointment of Arbitrator shall be made by Government in consultation with I.F.D.

3.2 The authority of an appointed Arbitrator does not become revocable except with the order of the Court. It shall not be revocable by the death of any party or parties to the contract.

3.3 The persons thus appointed shall be the sole Arbitrator and his award shall be final and binding on all parties to the contract, unless it is set aside by the Court.

3.4 To avoid delay in disposal of requests for arbitration following time schedule has been fixed for submission of the cases at various stages and appointment of an Arbitrator:

(a) The Circle/Branch Officer should submit his report within 3 weeks.

(b) The Director General, Archaeological Survey of India shall examine the report for appointing the Arbitrator within one month from the date of receipt of the report from the Circle/Branch.

4. Appointment of Arbitrator without agreement

4.1 In cases, where no agreement exists or where no clause exists in an agreement for referring the matter of dispute to the sole arbitrator or a person to be appointed by the Director General, Archaeological Survey of India, the disputes should not be referred to Arbitration by mutual consent and no agreement should be drawn up for the purpose without obtaining the prior approval of the Government of India (I.F.D.).

5. Appointment of other Arbitrator in place of original one

5.1 If the Arbitrator to whom the matter is originally referred for arbitration, is transferred or vacates his office due to death or retirement or due to any other reason(s) or is unable to act as an Arbitrator for any reason(s), another Arbitrator may be appointed to proceed with the case from the stage at which it was left by his predecessor in consultation with the Ministry of Law, Justice and Company Affairs.

Note : Under Clause 25 of the Contract Forms, the Director General can appoint another person to act as an arbitrator if the arbitrator to whom the matter was originally referred, is transferred or he vacates his office or is unable to act for any reason. The legal position is that once a dispute is referred to arbitration and an arbitrator is appointed in terms of the aforesaid arbitration clause, the arbitration can never end in any thing other than an award. In view of the above legal position, since an arbitration can never end in any thing other than an award, cases closed by an arbitrator would be, treatable as still pending. If a case is put aside or merely *shelved*, it remains pending. If in such a case the arbitrator vacates his office or is transferred or is unable to act by reason of his resignation, the Director General, would be able to appoint a fresh arbitrator. The time for making an award would be reckoned in such a case not from the date on which the first arbitrator entered upon the reference, but from the date on which the freshly appointed arbitrator entered upon reference. The fact that previous arbitrator had closed the case, would not, bring any disability on the fresh arbitrator who would be able to continue with the proceedings.

उपर्युक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए महानिदेशक को यह परामर्श दिया जाए कि वह उन मामलों में नए मध्यस्थों की नियुक्ति न करें जो कि पहले मध्यस्थ, जिसको मूलत: मामला निर्देशित किया गया था, द्वारा बन्द किये गए हों। इस प्रकार बन्द किये गए मामलों में दूसरा मध्यस्थ नियुक्त करने के लिए ठेकेदार के अनुरोध पर विचार न किया जाए।

टिप्पणी 2 : पुराने मध्यस्थ के स्थानातन्रण अथवा उसका पद रिक्त हो जाने पर नया मध्यस्थ नियुक्त करने के लिए पत्र का प्रारूप निम्नलिखित है :—

———————————————दावेदार

बनाम

———————————————प्रत्यर्थी

के बीच माध्यस्थम् के मामले में

——————का माध्यस्थम् मामला सं०——————

जबकि श्री ——————————को उपरोक्त मामले में तारीख ——————के पत्र सं० ——————————द्वारा एकमात्र मध्यस्थ नियुक्त किया गया था और जबकि उपर्युक्त मध्यस्थ का ——————तारीख को स्थानान्तरण हो गया है/ने पद छोड़ दिया है मैं ——————महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, के खण्ड 25 द्वारा प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए खण्ड 25 के ही अनुसार, उपरोक्त मध्यस्थ को निर्देशित मामलों का निपटारा करने के लिए श्री ——————को एकमात्र मध्यस्थ नियुक्त करता हूं।

श्री ——————————वहां से कार्यवाही आरम्भ करें जहां पर उपरोक्त मध्यस्थ द्वारा यह अधूरी छोड़ी गई थी।

2. विवाद के दावे की राशि 50,000/- रुपये अथवा अधिक होने पर मध्यस्थ प्रत्येक दावे/विवाद के लिए दिये गए अधिनिर्णय के कारण बताएगा।

महानिदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित :

1. श्री ——————————को इस अनुरोध के साथ कि वह मामले का अभिलेख शीघ्र श्री ————————————————को सौंप दें।

2. श्री ——————————को इस अनुरोध के साथ कि वह शीघ्र श्री ——————————से मामले का अभिलेख ग्रहण करें।

महानिदेशक

6. माध्यस्थम् सम्बन्धी मामलों की तैयारी

6.1 जब मध्यस्थ निर्देश पर कार्यारम्भ करता है और संविदाकारी पक्षकारों को अपने समक्ष तथ्यों के कथन तथा तथ्यों के प्रतिकथन में विवादों की ब्यौरेवार सूची फाइल करने के लिए लिखता है तो मंडल/शाखा अधिकारी को चाहिए कि वह तत्परता से प्रतिवाद की तैयारी करे तथा सम्यक रूप से उसके समर्थन में पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य तथा साक्षी तैयार करे और महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण तथा विभागीय वकील जैसा आवश्यक हो, के समक्ष प्रस्तुत करने की शीघ्र व्यवस्था करें ताकि वह मध्यस्थ के पास उसी के द्वारा विनिर्दिष्ट तारीख तथा समय तक पहुंच जाए।

6.2 मंडल/शाखा अधिकारी को चाहिए कि वह कार्य की प्रगति के दौरान, उसी कार्य के कारण उत्पन्न हुए विवादों की अलग फाइल खोले। अपने स्थानान्तरण अथवा अन्य किसी कारणवश कार्यभार से मुक्त होने की स्थिति में उसे चाहिए कि वह कार्यभार सौंपते समय मिसिल पर एक स्वत: पूर्ण टिप्पणी लगा दे जिसमें उसके कार्यकाल के दौरान उत्पन्न हुए विवादों की पूरी पृष्ठ-भूमि तथा उनपर हुई प्रगति का उल्लेख हो तथा सम्बन्धित मिसलों के संदर्भ सहित पारित आदेशों की जानकारी दी गई हो। कार्यभार सौंपने से सम्बन्धित सभी टिप्पणियों का यह आवश्यक तथा अनिवार्य स्वरूप होगा। मंडल/शाखा/प्रभाग कार्यालय में मिसिलों को सावधानीपूर्वक रखने के लिए, यथोचित तरीका/रीति तथा कार्यविधि बनाई जानी चाहिए ताकि बाद में जिस मंडल/शाखा अधिकारी ने मामले में प्रतिरक्षा (की तैयारी) करनी हो उसको यह मिसिलें उपलब्ध हो सके।

In the light of the above position the Director General may be advised not to appoint fresh arbitrators in the cases closed by the arbitrator to whom the matter was originally referred and any request for appointment of another arbitrator in such closed cases, by the contractor may not be entertained.

Note 2: A draft letter for appointment of a new arbitrator on transfer or on vacation of office by the old arbitrator is given hereunder :—

In the matter of Arbitration between

..............................Claimant

Vs.

............................Respondent

Arbitration Case No...................of

Whereas Shri...was appointed sole arbitrator by letter No....... ....dated............................in the above matter and whereas the aforesaid Arbitrator has been transferred/vacated his office on........................, I................ ....Director General, Arachaeological Survey of India, in exercise of my powers under clause 25 of the contract appoint Shri....................................as the sole arbitrator to determine the disputes referred to the aforesaid arbitrator in accordance with the said clause 25. Shri.................... ....may start the proceedings from the stage at which the aforesaid arbitrator left off.

2. The amount of the claims in dispute being Rs. 50,000/- and above the arbitrator shall give reason for the award in respect of each claim/dispute.

Director General

Copy to :

1. Shri..with the request to transfer the records of the case to Shri ....at the earliest.

2. Shri..with the request to take over the records of the case from Shri ... .at the earliest.

Director General

6. Preparation of cases of Arbitration

6.1 When the Arbitrator enters into reference and writes to the parties to the contract to file a detailed list of disputes in the statement of facts and counter-statement of facts before him, the Circle/Branch Officer should take prompt action to prepare the defence duly supported by adequate documentary evidence and witnesses and arrange for its submission to the Director General Archaeological Survey of India and the Departmental Counsel, as may be necessary, expeditiously so as to reach the Arbitrator by the date and within the time specified by him.

6.2 The Circle/Branch Officer should always maintain a separate file so as the disputes that have cropped up on the work during the progress of the work. In cases of his transfer or relinquishing charge due to any other reason, he should leave a self-contained note on the file, at the time of his handing over charge, giving full background of all the disputes that have cropped upto the time of his incumbency, various development thereon and the order passed with due reference to the connected files. This should form a necessary and essential feature of all the handing over notes. Suitable method and procedure should be devised in the Circle/Branch/Divisional Office by which such files are carefully preserved and become available at a later stage to the Circle/Branch Officer, who is required to defend the case.

6.3 मंडल/शाखा/प्रभाग कार्यालय में यह नियम बना लिया जाना चाहिए कि निविदा आमंत्रण सूचना के साथ तथा बाद में कार्य-निष्पादन के लिए जारी किये गए नक्शे ठीक से तथा ठेके के अन्य दस्तावेज़ों के साथ रखे जाएं। मंडल/शाखा अधिकारी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उसके कार्यालय में महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों, रजिस्टरों आदि के परिरक्षण के लिए उचित व्यवस्था की गई है। अन्य कागज़ात के साथ-साथ इस प्रकार के सभी अभिलेखों की सूची बनाई जानी चाहिए ताकि मामले का संचालन कर रहे मंडल/शाखा अधिकारी को यह अभिलेख तुरन्त सुलभ हो सकें और से ठीक स्थिति का पता चल सके जिससे वह मामले का संचालन ठीक से कर सके।

6.4 माध्यस्थम् के मामलों को, बाद के मंडल/शाखा अधिकारी को सौंपे गए पुराने तथा निष्क्रिय निर्णयों की वसीयत नहीं समझा जाना चाहिए बल्कि उन्हें उचित महत्व दिया जाना चाहिए और अन्तिम रूप से निपटारा हो जाने तक, प्राथमिकता के आधार पर उनका संचालन किया जाना चाहिए।

6.5 करार माध्यस्थम् के मामले में प्रतिरक्षा के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक है यह अत्यावश्यक है कि वह मुआवज़े की वसूली के सम्बन्ध में महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के आदेशों की एक प्रति तथा अतिरिक्त/प्रतिस्थापित तथा परिवर्तित मदों की मंजूरी असामान्य रूप से अधिक/कम दरों वाली मदों तथा समय-विस्तार की मंजूरी आदि से सम्बन्धित कागजात की एक-एक प्रति मूल करार के साथ संलग्न की जानी चाहिए ताकि माध्यस्थम् के मामले में सुनवाई के समय यह सभी कागज़ तुरन्त उपलब्ध हो सकें। बेहतर होगा अगर इन सभी दस्तावेजों पर, यथासम्भव, ठेकेदार के हस्ताक्षर करा लिए जाएं ताकि इन मामलों में माध्यस्थम् के समक्ष किसी भी दावे पर विवाद प्रस्तुत किया जा सके।

6.6 कोई भी विवाद माध्यस्थम् के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले सर्वेक्षण को विवादास्पद दावों की प्रत्येक मद के सम्बन्ध में सही वस्तुस्थिति की जानकारी होनी चाहिये। यह अत्यन्त आवश्यक है कि सम्बन्धित दस्तावेजों का सूक्ष्म तथा विशद अध्ययन किया जाए और तद्नुसार मामला तैयार किया जाए।

6.7 माध्यस्थम् के मामले में प्रतिरक्षा की तैयारी के लिए मंडल/शाखा अधिकारी निम्नलिखित कारवाई करेंगे:—

(क) अन्तिम बिल यथासम्भव शीघ्र तथा किसी भी स्थिति में माध्यस्थम् के पास विवाद निर्देशित करने से पहले तैयार हो जाना चाहिए। मंडल/शाखा अधिकारी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि यदि बिल अन्तिम रूप से तैयार न किये गए हों तो तत्काल उनको अन्तिम रूप दिया जाए।

(ख) माध्यस्थम् के पास विवाद निर्देशित करने के बाद तथा तथ्यों के कथन तथा प्रति-कथन का प्रारूप तैयार करने से पहले मंडल/शाखा अधिकारी को चाहिए कि वह सरकार के मामले के समर्थन अथवा ठेकेदार के दावे के विसमर्थन में विभिन्न सम्बन्धित दस्तावेजों के संदर्भ सहित, मामले के तथ्यों की एक विस्तृत टिप्पणी तैयार कर ले जिसमें दावों और/अथवा प्रति-दावों की प्रत्येक मद का उल्लेख किया गया हो।

(ग) यदि मामले का संचालन विभागीय वकील द्वारा किया जाना हो तो यथास्थिति तथ्य-कथन अथवा तथ्यों के प्रति-कथन या प्रति-दावों की जांच करने के लिए प्रतिकथन/प्रतिदावों के प्रारूप के साथ ऊपर (ख) में उल्लिखित टिप्पणी की एक प्रति तथा उसके साथ ऊपर (ख) में ही उल्लिखित दस्तावेजों की एक-एक प्रति उसके पास भी भेज दी जानी चाहिए। सम्बन्धित मंडल/शाखा अधिकारी यह निर्णय करेगा कि किसी मामले विशेष का संचालन वह स्वयं ही करेगा अथवा विभागीय वकील की सहायता से करेगा। 20,000/- रु० तक के दावों के लिए, जिनमें विधि का कोई प्रश्न अथवा करार के खण्डों का विधिक दृष्टि से निर्वचन अन्तर्वलित न हो, उन मामलों की तैयारी मंडल/शाखा अधिकारी स्वयं, बिना वकील की सहायता के करेंगे। किसी मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में अपनी जिम्मेदारी से बचने तथा आवश्यकता न होने पर भी मामले वकील के पास भेजने के मामले को गम्भीरता से लिया जाएगा।

6.8 ऐसे मामलों में मंडल/शाखा अधिकारी तथ्यों का प्रति-कथन मध्यस्थ के पास भेजेंगे। यदि प्रति-कथन/दावे 30 दिन के अन्दर-अन्दर अथवा मध्यस्थ द्वारा नियत समय में, जैसी भी मध्यस्थ की अनुमति हो, उसके (मध्यस्थ के) पास नहीं पहुंचते या अधिकारी द्वारा "शून्य" अथवा अधुरा विवरण दिये जाने के बाद कुछ प्रति-दावों का पता चलता है तो इसके लिए मंडल/शाखा अधिकारी को ही जिम्मेदार ठहराया जाएगा। यदि निर्धारित कालावधि में प्रति कथन प्रस्तुत करने में कोई कठिनाई हो तो तत्काल मामले की जानकारी महानिदेशक को दी जानी चाहिए जोकि यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रति-कथन यथासम्भव शीघ्र प्रस्तुत किया जाए।

6.9 जहां आवश्यक हो विभागीय वकील, मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा उसको भेजी गई टिप्पणियों/मामलों के आधार पर तथ्यों के प्रतिकथन तैयार करने में सहायता करेगा।

6.10 ठेकेदार के दावे माप-पुस्तक की प्रविष्टियों पर आधारित हों और वह प्रविष्टियां हमारे ही अधिकारियों द्वारा की गई हों जिनकी, सम्भवतया, ठेकेदारों से सांठगांठ हो और उन्होंने प्रविष्टियां भी की हों तो यह आवश्यक है कि माप-पुस्तक की प्रविष्टियों की सत्यता की शुद्धता का विरोध करने के लिए मध्यस्थ के समक्ष पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत किये जांए जोकि विभाग के विवाद के समर्थन में हों। मध्यस्थ के समक्ष प्रस्तुत किये जाएं जोकि विभाग के विवाद के समर्थन में हों। मध्यस्थ के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए साक्ष्यों और साक्षियों का चयन करते समय अधिक सतर्कता बरती जाए।

6.3 It should be made a rule in the Circle/Branch/Divisional Office that all drawings issued with the N.I.T and those subsequently followed for execution of works are properly preserved and kept along with the contract documents. It should be ensured by the Circle/Branch Officer that suitable and adequate arrangements are made in his office regarding preservation of all important documents, registers etc. Besides others, a list of all such records should be prepared and kept handy so that correct position of each case may be known to the Circle/Branch Officer who is required to conduct the case to enable him to do so on proper lines.

6.4 The arbitration cases should not be considered as a legacy of old and defunct decisions handed over to subsequent Circle/Branch Officer. These should, on the other hand, be given due importance and dealt with on priority basis at all stages, till these are finally disposed off.

6.5 One of the important document for defence in an arbitration case is the agreement. It is essential that a copy of the Director General, Archaeological Survey of India, orders conveying his decision on recovery of compensation and copies of sanctioned extra/substituted and deviated items, details of abnormally high/low rated items and sanctions to extension of time, etc. should be attached to the original agreement so that these are readily available during the hearings of the arbitration case. It would be better if these papers are got signed by the Contractor as far as possible so that any claim on these issues can be disputed before the Arbitrator.

6.6 Before a dispute is put to arbitration, the Survey should know its exact position with regard to each item of the claims under dispute. It is very necessary that a very close and thorough study of the relevant documents is made and the case prepared accordingly.

6.7 For preparation of defence in an arbitration case, following action should be taken by the Circle/Branch Officer.

(a) The final bill should be prepared as early as possible in any case before the disputes are referred to arbitration. The Circle/Branch Officer should ensure that the bills are finalised immediately, if not already done.

(b) After the disputes are referred to arbitration and before the statement or counter-statement of facts is drafted, a detailed note on the facts of the case dealing with each and every item of the claim and/or counter claims should be prepared by the Circle/Branch Officer along with reference to various/relevant documents supporting the Government case or negativating the contractor's claim.

(c) If the case is to be conducted by the Counsel of the Department, a copy of the note referred to in (b) above along with copies of the documents referred to therein should also be forwarded to him with a draft counter-statement/counter-claim for vettling the statement of facts or counter-statement of facts or counter-claims, as the case may be. The Circle/Branch Officer concerned should decide whether a particular arbitration case be conducted by himself or with the assistance of the Departmental Counsel. For claims upto Rs. 20,000 which do not involve any point of law or interpretation of clauses of the agreement from legal point of view, the Circle/Branch Officer should prepare the case himself without taking the assistance of the Counsel. The case of any Circle/Branch Officer who shirks his responsibility in this respect and unnecessarily sends cases to the Counsel would be viewed seriously.

6.8 The Circle/Branch Officer in such cases, are required to send the counter-statement of facts to the Arbitrator. The Circle/Branch Officer will be held responsible if the counter-statements/claims do not reach the Arbitrator within 30 days or any other time fixed by the arbitrator, as may be allowed by the Arbitrator or in the event of some counter-claims coming to notice subsequent to his giving a 'NIL' or incomplete statement. In case there is any difficulty in submission of counter-statement within the prescribed time limit, the matter should at once be brought to the notice of the Director General who will ensure submission of counter-statement as early as possible.

6.9 Wherever required, the Departmental Counsel would assist in preparation of the counter-statement of facts on the basis of the notes/matter to be made available to him by the Circle/Branch Officer.

6.10 Where the contractor's claims are based on entries in the measurement books recorded by our own officers who may have colluded with the contractors and made also entries, it is necessary that sufficient evidence contesting the correctness of veracity of the entries in the measurement books should be placed before the Arbitrator in support of the contention of the Department and more care should be taken with regard to selection of the witnesses and the evidence that is to be placed before him.

7. मध्यस्थों के समक्ष साक्ष्य

7.1 प्रत्येक सुनवाई में स्थिति तथा हालात का तकाज़ा विभाग द्वारा ठेकेदार के दावों का विरोध करने के प्रश्न पर ज़ोर देना होता है इसलिए मामले से सम्बन्धित दस्तावेज़ों साक्ष्य, ध्यानपूर्वक जांच करने के बाद मध्यस्थ के समक्ष प्रस्तुत किये जाएंगे।

7.2 अगर ठेकेदार के निवेदन पर भी किसी विभागीय अधिकारी को मध्यस्थ द्वारा बुलाया जाता है तो वह साक्षी के रूप में प्रस्तुत होगा। उसे मामले के सत्य तथा सही तथ्य देने होंगे। माध्यस्थम् के मामले में अगर कोई सम्बन्धित अधिकारी गलत साक्ष्य देने या तथ्यों को छुपाने के लिए ज़िम्मेदार पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कारवाई की जाए।

7.3 जहां पर अपेक्षित हो तथा आवश्यक समझा जाए, अधिक अदायगी तथा त्रुटिपूर्ण कार्य पर सी०टी०ई० के आक्षेपों के अभिलेखों, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो/एस०पी०ई० के अभिलेखों अथवा विभाग के सतर्कता एककों से सम्पर्क स्थापित करके उनकी सहायता ली जाए।

8. साक्ष्य देने के लिए समय-विस्तार

8.1 मंडल/शाखा अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि माध्यस्थम् अधिनियम के अन्तर्गत मध्यस्थ को यह अधिकार प्राप्त है कि, यदि कोई भी पक्षकार समुचित अवधि के दौरान तथ्यों का कथन अथवा तथ्यों का प्रतिकथन फाइल करने में असमर्थ रहता है या बार-बार कहे जाने पर भी सुनवाई में उपस्थित नहीं होता तो अपने इस आशय की सूचना देने के बाद एक-पक्षीय रूप से कारवाई कर सकता है। अतः अधिकारी को इस सम्बन्ध में कोई कारवाई करने में विलम्ब नहीं करना चाहिए जिससे, बाद में मध्यस्थ से चूक के लिए दोषी ठहराये।

8.2 जब मामला चार महीने की अवधि से अधिक समय तक जारी रखना हो तो इसके लिए जब तक अनुबन्ध में अन्यथा उपबन्ध न हो, समय-विस्तार के लिए सक्षम न्यायालय में आवेदन करना चाहिए। ऐसे मामलों में समय-विस्तार के लिए आवश्यक स्वीकृति मिलने तक मध्यस्थ, दोनों पक्षकारों की सम्मति से निर्देश पर कारवाई जारी रख सकता है।

8.3 जहां प्रत्यर्थी होते हुए भी सरकार दावेदार होगी या उसका कोई प्रतिदावा होगा तो ऐसे मामलों में, जहां आवश्यक हो विभागीय वकील के मार्फत ऐसे आवेदन पत्रों पर कार्रवाई करने की ज़िम्मेदारी मंडल/शाखा अधिकारी की होगी। ऐसे सभी मामलों में न्यायालय द्वारा आवेदन की तारीख से नहीं बल्कि न्यायालय द्वारा आदेश जारी करने की तारीख से विनिर्दिष्ट अवधि तक का समय विस्तार दिया जाएगा।

8.4 परन्तु यदि विधिक दृष्टि से न्यायालय में आवेदन फाइल करना अपेक्षित हो तो ठेकेदार द्वारा सुस्ती करने या विलंब करने के लिए युक्तियां अपनाए जाने के कारण इसमें विलम्ब नहीं होना चाहिए। ऐसे मामलों में मंडल/शाखा अधिकारी को ही प्रारम्भिक कारवाई करनी चाहिए और चाहे दूसरा पक्षकार सहमत न भी हो तो भी ऐसे समय-विस्तार के लिए न्यायालय में आवेदन करना चाहिए।

9. समय--विस्तार के लिए आवेदन पर शुल्क

9.1 समय-विस्तार के लिए आवेदन देने के सभी मामलों में मंडल/शाखा अधिकारी को चाहिए कि वह समय-विस्तार के लिए दिये गए प्रत्येक आवेदन के लिए न्यायालय द्वारा समय-समय पर निर्धारित न्यायालय शुल्क समुचित न्यायालय में जमा कराने के लिए अपने विभागीय वकील को भेज दें।

9.2 इस प्रयोजन के लिए, यदि वाद दाखिल किया गया है तो प्रतिरक्षा की विषय-वस्तु का निर्णय करने के लिए समुचित न्यायालय ही सक्षम न्यायालय होगा।

10. अधिनिर्णय देना

10.1 जब अधिनिर्णय ऐसे मध्यस्थ द्वारा दिया जाता है जिसकी नियुक्ति न्यायालय द्वारा नहीं बल्कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा की गई हो और यदि अधिनिर्णय के अन्तर्गत ठेकेदार ने सरकार को कुछ रकम देनी हो तो मंडल/शाखा अधिकारी को चाहिए कि वह उस राज्य के नियमों के अन्तर्गत जिसमें कि अधिनिर्णय दिये जाने की संभावना है, अधिनिर्णय की राशि के अनुसार मध्यस्थ द्वारा बताए गए समुचित मूल्य का स्टाम्पित कागज मध्यस्थ को भेज दे तथा उससे निवेदन करें कि वह अपना अधिनिर्णय उसको भेजे गए स्टाम्पित कागज़ (न्यायिकेतर) पर लिखें।

10.2 अधिनिर्णय पहले सामान्य कागज पर लिखना और बाद में से स्टाम्पित कागज़ पर पुनः लिखना विधि-न्यायालय में आपत्तिजनक है। अतः अधिनिर्णय सर्वदा स्टाम्पित कागज़ पर ही लिया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में यह बताना मध्यस्थ का काम है कि कौन सा पक्षकार स्टाम्पित कागज़ भेजेगा।

7. Evidence before Arbitrators

7.1 All the documentary evidence in the case has to be examined carefully and placed before the Arbitrator as the situation and circumstances in each hearing demands, stressing the point of the Department to counter the contractor's claims.

7.2 A departmental Officer may appear as a witness, if summoned by the Arbitrator at the request of a contractor also. He is expected to give true and correct facts of the case. Deterrent action should be taken against the officials concerned, if they are found responsible for giving wrong evidence or concealing material facts in an arbitration case.

7.3 Wherever required and found necessary, records of C.T.E.'s objections on overpayment and defective work, reports of C.B.I./S.P.E. or the Vigilance units of the Department may be consulted and their assistance availed of.

8. Extension of time for giving evidence

8.1 It should be noted by the Circle/Branch Officer that the Arbitrator has got powers to proceed ex-parte under the Arbitration Act after giving a notice of his intention to do so, in case of any of the parties fails to file the statement of facts or counter statement of facts within a reasonable time or does not attend the hearings of the case, eventhough repeatedly asked for. He whould not, therefore, delay any action in this behalf to be blamed for default at later stage by the Arbitrator.

8.2 Where the case is to be continued beyond the period of four months, extension of time has to be applied for to a competent Court, unless the agreement otherwise provides. The Arbitrator in such cases may proceed with the reference with the consent of both the parties, pending sanction of the necessary extension of time.

8.3 The Circle/Branch Officer is responsible to process such applications through the Departmental Counsel wherever necessary, when Government is the claimant or have a counter-claim, though it may be respondent. In all such cases, the Court should be required to grant extension for a specific period from the date of order of the Court, and not from the date of application.

8.4 The filing of the application in Court, if required by law should, however, not be delayed by any slackness or delaying tactics on the part of the contractor. The Circle/Branch Officer should, in such cases, take initial action in the matter and make an application for such extension of time to the Court, even though the consent of the other party may not be forthcoming.

9. Court Fee on Application for Extension

9.1 In all the cases of applications for extension of time, the Circle/Branch Officer should send to the Departmental Counsel a court fee as may be prescribed from time to time by the court in cash for every application for the extension of time to be made in the appropriate court.

9.2 For this purpose, the appropriate Court shall be the Court which would be competent to decide the subject matter of the defence, if a suit had been filed.

10. Issue of Award

10.1 Whenever an award is made by an Arbitrator appointed otherwise than through a Court and if under the award, some money is payable to the Government by the Contractor, the Circle/Branch Officer should first supply to the Arbitrator on stamped paper of appropriate value, as may be asked for by the Arbitrator according to amount of the award, as per the Rules of the State, where the award is likely to be made by the Arbitrator and request the Arbitrator to write the award on the stamped paper (non-judicial) so supplied to him.

10.2 It is open to objection in a Court of Law to write the award on ordinary paper and afterwards rewrite it on the stamped paper. The award should, therefore, always be obtained on the stamped paper. It is for the Arbitrator to say as to which party should supply the stamped paper in such cases.

11. अधिनिर्णय फाइल करना

11.1 स्टाम्पित कागज़ पर अधिनिर्णय लिखा जाने के बाद यह देख लेना चाहिए कि वह सरकार को स्वीकार्य है अथवा नहीं। जब एक बार अधिनिर्णय स्वीकार करने का निर्णय कर लिया जाता है तो अधिनिर्णय को न्यायालय का नियम बनवाने के लिए, किसी भी पक्षकार द्वारा न्यायालय के समक्ष आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिए।

11.2 25,000— रुपये से अधिक राशि के अधिनिर्णय को, निरपवाद रूप से ठेकेदार को अदायगी करने उसे पहले न्यायालय का नियम बनाया जाना चाहिए। 25,000— रुपये अथवा इससे कम मूल्य के अधिनिर्णय के मामले में, सामान्यता इन्हें न्यायालय का नियम बनाया जाना चाहिए, परन्तु यदि मामला स्पष्ट है और सब हालात को ध्यान में रखते हुए अधिनिर्णय न्यायसंगत तथा साम्यापूर्ण समझा जाता है तो महानिदेशक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण स्वविवेक के अधिनिर्णय स्वीकार कर सकते हैं। ऐसे मामले में अधिनिर्णय की स्वीकृति पत्रों के आदान-प्रदान द्वारा साक्ष्यित होनी चाहिए। इन पत्रों में स्पष्ट रूप से यह लिखा होना चाहिए कि ऐसी स्वीकृति से ठेकेदारों के दावों का पूरी तरह तथा अन्तिम रूप से निपटारा हो जाता है।

11.3 जिस पक्षकार के पक्ष में अधिनिर्णय दिया जाता है वही अधिनिर्णय को न्यायालय का नियम बनवाने के लिए कदम उठाएगा। जब सरकार को स्वीकार्य न हो, मंडल/शाखा अधिकारी अधिनिर्णय को न्यायालय में दाखिल करवाने के लिए कोई कदम उठाएगा। परन्तु जब ठेकेदार अधिनिर्णय को न्यायालय में दाखिल कराने के लिए आवेदन करता है तो उच्चाधिकारियों से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने के बाद विधि के अनुसार अनुदेय आधारों पर इसके विरुद्ध आपत्तियां दाखिल करने के लिए कदम अठाये जाने चाहिए।

ऐसे सभी मामलों में विभागीय वकील की सहायता से तथा शीघ्र कार्रवाई की जाए ताकि निर्धारित अवधि से अधिक समय न लगे।

11.4 जिन मामलों में आवश्यक हो, मंडल/शाखा अधिकारी न्यायालय में अधिनिर्णय दाखिल कराने के लिए मध्यस्थ से भी अनुरोध कर सकता है। परन्तु मध्यस्थ किसी पक्षकार के कहे बिना भी किसी समय न्यायालय में अधिनिर्णय दाखिल करा सकता है।

11.5 जैसा कि परिसीमा अधिनियम में दिया गया है, अधिनिर्णय देने से सम्बन्धित सूचना भेजने के 30 दिन के अन्दर अधिनिर्णय दाखिल कराने के लिए आवेदन कर देना चाहिए। उपरिलिखित अनुसार परिसीमा-काल उन मामलों में लागू होगा जिनमें माध्यस्थम् का कोई पक्षकार अधिनिर्णय दाखिल करवाने के लिए आवेदन करता है। जब मध्यस्थ स्वयं अधिनिर्णय दाखिल करवाने के लिए न्यायालय में भेजता है तब ऐसा नहीं होगा।

11.6 अधिनिर्णय के विरुद्ध न्यायालय में आपत्तियां दाखिल करने की परिसीमा अवधि अधिनिर्णय देने से सम्बन्धित दी गई सूचना से 30 तीन तक है। जहां भी आवश्यक हो उपरोक्त परिसीमा अवधि का कठोरता से पालन किया जाना चाहिए।

11.7 जिन मामलों में ठेकेदार के दावे तुच्छ पाये जाते हैं और मध्यस्थ द्वारा अस्वीकार कर दिये जाते हैं तो मंडल/शाखा अधिकारी/विभागीय वकील को चाहिए कि वह लागत सम्बन्धी अधिनिर्णय देने के लिए जोर डाले।

11.8 "शून्य" अधिनिर्णयों के उन सभी मामलों में जिनमें विभाग का कोई प्रतिदावा न हो, महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की औपचारिक स्वीकृति की प्रतीक्षा किये बिना अधिनिर्णय को न्यायालय में दाखिल करवा कर उनसे न्यायालय का नियम बनवाना चाहिए।

11.9 माध्यस्थम् का अधिनिर्णय उसके किसी पक्षकार की मृत्यु के कारण उन्मोचित नहीं होगा, वह चाहे मृतक पक्षकार के बारे में हो या अन्य किसी पक्षकार के बारे में 1 परन्तु ऐसी दशा में यह अधिनियम मृतक के विधिक प्रतिनिधि द्वारा अथवा उसके विरुद्ध प्रवर्तनीय होगा।

टिप्पणी :—यदि ठेकेदार के पक्ष में अधिनिर्णीत राशि अधिक हो तो हमेशा यही उचित होगा कि इसे न्यायालय का नियम बना लिया जाए जिससे भविष्य में उठाने वाली जटिलताओं से बचा जा सके। अधिनियम को न्यायालय का अधिनियम बनाने के लिए यदि ठेकेदार तुरन्त कदम न उठाये तो ऐसा करने के लिए विभाग तत्काल कार्रवाई आरम्भ कर सकता है और अपने आवेदन के साथ न्यायालय में अधिनिर्णीत राशि पर और व्याज देने से सरकार मुक्त हो जाएगी। यह कहना अनावश्यक होगा कि यह कार्रवाई केवल उन्हीं मामलों में आवश्यक होगी जिनमें अधिनिर्णीत धन पर व्याज लगना हो।"

12 अधिनिर्णीति राशि की अदायगी

12.1 ऊपर पैरा 10.2 में लिखे अनुसार माध्यस्थम् के विरुद्ध अदायगी तभी करना चाहिए जब वह न्यायालय का अधिनियम बन जाए। ऐसे मामलों में उन उच्चाधिकारियों का पूर्व-अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है। जिन मामलों में अधिनिर्णय का मूल्य 50,000/— रुपये की राशि से अधिक न हो, अधिनिर्णय को न्यायालय का नियम बनाने से पहले महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए। जहां महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यह समझे कि अधिनिर्णय स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए तो विधि-मंत्रालय से परामर्श लिया जाए और उनके परामर्श के आधार पर मामलों में निर्णय लिया जाए।

11. Filling of Award

11.1 After the award is written on the stamped paper, it should be examined if it is acceptable to the Government. Once it is decided to accept the award, immediate action should be taken to have the award made a Rule of the Court by taking necessary steps before the Court, by either party.

11.2 An award exceeding Rs. 25,000 should invariably be made a Rule of the Court, before the payment is made to the Contractor. In case of awards of the value of Rs. 25,000 and below, ordinarily these should be made a Rule of the Court before the payment is made, but it is left to the discretion of the Director General, Archaeological Survey of India, to accept such an award if it is a clear case and the award is considered to be just and equitable taking all the circumstances into consideration in which case acceptance of the award should be evidenced by exchange of letters expressly stating that such acceptance is in full and final settlement of the claims of the contractors.

11.3 The party in whose favour the award is given will take steps to get it made the Rule of the Court. The Circle/Branch Officer should not take any steps to have the award filed in the Court, when it is not acceptable to the Government. But when the contractor files an application for filing of the award in the Court, steps should be taken to file objections against it on the grounds permissible according to Law after taking necessary sanction from the higher authorities. In all such cases, the matter should be dealt with in consultation with the Departmental Counsel and expeditiously so as not to extend the prescribed time limit.

11.4 The Circle/Branch Officer, may in cases where required, request the Arbitrator also to file the award in the Court. The Arbitrator can, however, file the award in the court at any time even without any party's asking for it.

11.5 As provided by the Limitation Act, an application for filing the award must be made within 30 days from the date of service of the notice of making the award. The period of limitation, as mentioned above, applies to the cases where a party to the arbitration case applies for filing of the awards. This does not apply when the Arbitrator himself sends the award to the Court for being filed.

11.6 The period of limitation for filing the objections against the award in the Court is 30 days from the date of service of notice of filing of the award. The above period of limitation shoud be strictly adhered to, wherever required.

11.7 In the cases, where the claims of the contractors are found to be frivolous and are rejected by the Arbitrator, the Circle/Branch Officer/Departmental Counsel should press for the award of costs.

11.8 In all cases of 'Nil' awards, where there is no counter claim of the Department, the awards should be got filed and made Rule of the Court without waiting for formal acceptance thereof from the Director General, Archaeological Survey of India.

11.9 An Arbitration award shall not be discharged by the death of any party thereto either in respect of the deceased or any other party, but shall, in such event be enforceable by or against the legal representative of the deceased.

NOTE : "If the sum awarded in favour of the contractor is large, then it is always advisable to make it a Rule of the Court so as to avoid complications arising in future. If the Contractor does not take immediate steps to make the Award a Rule of the Court, it would be open to the department to immediately initiate action for making the Award a Rule of the Court and deposit the amount awarded in the Court along with the application. This would absolve the Government from paying further interest on the amount awarded. Needless to add, that this course of action would be necessary only in those cases where the Award is interest bearing"';.

12. Payment of Award Money

12.1 As stated in para 10.2 above, the payments against the arbitration should be made after the same have been made a Rule of the Court. Prior approval of higher authorities is essential in such cases. In case of award valued at the amounts not exceeding Rs. 50,000 approval of the Director General, Archaeological Survey of India, should be obtained before an award is made a Rule of the Court. Where it is considered by the Director General, Archaeological Survey of India, that the award should not be accepted, the Ministry of Law should be consulted for their advice; and the case should be decided on the basis of their advice.

12.2 माध्यस्थम के अधिनिर्णयों के उन मामलों को निर्णय के लिए समन्वित वित्त विभाग के पास भेजा जाए जिनकी राशि 50,000/– रुपये से अधिक हो। ऐसी स्थिति में मामले के पूरी तरह से अधिनियम अधिमूल्यन के लिए उनके पास महा-निदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सिफारिशों तथा विभागीय वकील के मत के साथ-साथ मामले का सारांश, कार्य-निष्पादन हेतु किये गए करार की एक प्रति, पक्षकारों द्वारा मध्यस्थ के समक्ष अभिसाक्ष्यित तथ्य भेजे चाहिए।

टिप्पणी :—माध्यस्थ्म के अधिनिर्णयों के विरुद्ध अपीलें दाखिल करने के सभी प्रस्ताव अधिनियम के मूल्य पर विचार किये बिना, विधि मंत्रालय की राय लेने के लिए उनके पास भेजे जाने चाहिएं।

12.3 महानिदेशक 50,000/– रुपये तक के मूल्य का माध्यस्थम् अधिनिर्णय स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत है परन्तु माध्यस्थम् अधिनिर्णय के विरुद्ध अपील दाखिल करने से सम्बन्धित प्रस्ताव को अधिनिर्णय के मूल्य पर विचार किये बिना, निर्णय के विरुद्ध अपील दाखिल करने से सम्बन्धित प्रस्ताव को अधिनिर्णय के मूल्य पर विचार किये बिना निर्णय के लिए शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय के समन्वित वित्त विभाग के पास भेजा जाना चाहिए।

परिसीमा अधिनियम, 1983 के अन्तर्गत अधिनिर्णय के विरुद्ध आपत्तियाँ दाखिल करने के लिए निर्धारित परिसीमा-अवधि, अधिनिर्णय दाखिल करने की सूचना भेजे जाने की तारीख से 30 दिन तक है इसलिए अधिनिर्णय प्राप्त होने अथवा अधिनिर्णय के न्यायालयों में दाखिल किये जाने की सूचना भेजे जाने की तारीख से 20 दिन के अन्दर महानिदेशक द्वारा 50,000/- रुपये तक के मूल्य का अधिनिर्णय स्वीकार करने के सम्बन्ध में निर्णय ले लिया जाना चाहिए। 50,000/- रुपये से अधिक के माध्यस्थम् अधिनिर्णय के सम्बन्ध में अथवा जिन अधिनिर्णयों के सम्बन्ध में अपील दाखिल करने का प्रस्ताव हो (अधिनिर्णीत धन पर विचार किये बिना) अधिनिर्णय प्राप्त होने अथवा न्यायालय में अधि-निर्णय दाखिल करने के सम्बन्ध में सूचना भेजने की तारीख से 15 दिन के अन्दर शिक्षा मंत्रालय (आन्तरिक वित्त विभाग) को निर्देश भेज दिया जाना चाहिए।

12.4 मंडल/शाखा अधिकारी को चाहिए कि वह अधिनिर्णय के न्यायालय का अधिनियम बनने के बाद महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की औपचारिक स्वीकृति प्राप्त होने के 30 दिन के अन्दर, अधिनिर्णय के निबन्धनों के अनुसार ठेकेदार को अदायगी कर दे और महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अदायगी की वास्तविक तारीख से अवगत करा दे।

12.5 माध्यस्थम् अधिनिर्णय पर की गई अदायगी को "प्रभारित व्यय" माना जाएगा। यदि व्यय महानिदेशक के अधि-कार के अंतर्गत रखे गए आवंटन के "भारित" भाग में से किया जा सकता हो तो ठेकेदार को की जाने वाली अदायगी महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा प्राधिकृत होनी चाहिए जब महानिदेशक द्वारा उक्त आवंटन में से अधिनिर्णय के विरुद्ध अदायगी की व्यवस्था न की जा सके तो उन्हें शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय के समन्वित वित्त विभाग से इस प्रयोजन के लिए आवश्यक निधि लेने के लिए आश्वासन प्राप्त कर लेना चाहिए।

13. अधिनिर्णय का रद्द किया जाना

13.1 मंडल/शाखा अधिकारी को कतिपय दशाओं में इस अभिवचन के साथ आगे आना चाहिए कि अधिनिर्णय के कुछ भागों पर विधि न्यायालय में आक्षेप किया जाए क्योंकि उसमें या तो मध्यस्थ ने उसे विभागीय स्थिति का स्पष्टीकरण देने का अवसर ही नहीं दिया अथवा किसी विभागीय कार्रवाई को अनुचित घोषित करके उसने अधिकारिता-बाह्य कार्य किया है। तब अधिनिर्णय को रद्द करने के लिए समावेदन किया जा सकता है परन्तु ऐसा तभी किया जाए जब अधिनिर्णय न्यायालय में दाखिल किया जा चुका हो।

13.2 समग्र रूप से, अधिनिर्णय को न्यायालय में तभी सफलतापूर्वक चुनौती दी जा सकती है जबकि सक्षम न्यायालय के समक्ष समाधानप्रद रूप में प्रमाणित किया जा सके कि मध्यस्थ ने स्वयं अवचार किया है या कार्यवाही का कुसंचालन किया है अथवा बिना अधिकारिता के या अधिकारिता से अधिक कार्य किया है या फिर अधिनिर्णय को देखते ही कोई गलती प्रकट हो।

13.3 "अवचार" शब्द में मध्यस्थ द्वारा अपने कर्त्तव्यों तथा दायित्वों की उपेक्षा और अधिनिर्णय को अन्तिम रूप देने से पहले न्यायालय उससे जो अपेक्षा करता है उसकी अवहेलना भी सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त इस शब्द में इसका विधिक अर्थ भी सम्मिलित समझा जाना चाहिए अर्थात् विधिक अवचार यह सुनिश्चित करता है कि जहां मध्यस्थ द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया इतनी अनियमित हो जोकि "नैसर्गिक न्याय" के सिद्धान्तों के विरुद्ध हो। विधिक अवचार भी अधिनिर्णय को अमान्य कर सकता है।

13.4 इस सम्बन्ध में निम्नलिखित मूल सिद्धान्तों को ध्यान में रखना चाहिए :—

(क) यदि अधिनिर्णय को देखते ही कोई गलती प्रकट होती है।

(ख) यदि, मध्यस्थ, उसको निर्देशित सब मामलों पर निर्णय लेने में असफल रहता है।

(ग) यदि अपने अधिनिर्णय से वह उन मामलों में निर्णय देना भी अभिप्रेत समझता है जो वास्तव में, निर्देश सम्बन्धी करार में सम्मिलित नहीं किये गए हैं।

12.2 The cases of arbitration awards exceeding Rs. 50,000 should also be referred to the I.F.D. for the decision In such cases, a summary of the case, a copy of the agreement for the work, the facts deposed before the Arbitrator by the parties along with the recommendations of the Director General, Archaeological Survey of India an opinion of the Departmental Counsel should be forwarded to them for full appreciation of the case.

NOTE : All proposals for filing appeals against the arbitration awards, irrespective of the value of the awar d should be referred to the Ministry of Law for opinion.

12.3 The Director General is authorised to accept arbitration award upto Rs. 50,000 in value. The proposal for filing appeals against the arbitration award irrespective of the value of the award should, however, be referred to the I.F.D. of the Ministry of Education & Culture, for decision.

Since for the filing of objections against the award, the period of limitation prescribed under the Limitation Act, 1963, is 30 days from the date of service of the notice of filing the award, the decision regarding acceptance of an arbitration award upto Rs. 50,000 in value, should be taken by the Director General within 20 days of the receipt of the award or the date of service of the notice of filing of award in the Court. In respect of Arbitration Award for more than Rs. 50,000 or awards in respect of which it is proposed to file an appeal, (irrespective of the amount awarded), reference should be made to the Ministry of Education, (I.F.D.), within 15 days the receipt of the award of the date of service of the notice of the filing of the award in the Court.

12.4 The Circle/Branch Officer should make payment to the Contractor in terms of the award within a period of 30 days from the receipt of acceptance of the award from the Director General, Archaeological Survey of India after it has been made a Rule of the Court. He should intimate the actual date of payment of the award to the Director General, Archaeological Survey of India as the case may be.

12.5 The payments made on the arbitration awards are treated as "Charged Expenditure". The payment to the contractors may be authorised by the Director General, Archaeological Survey of India, if the expenditure can be met from the "Charged" portion of the allotment, placed at his disposal. When the payment against the award cannot be arranged by the Director General, Archaeological Survey of India out of that available allotment, he may obtain assurance for funds required for the purpose from the Internal Finance of the Ministry of Education and Culture.

13. Setting aside of the Award

13.1 The Circle/Branch Officer in certain cases may come forward with a plea that certain parts of the award should be challenged in a Court of Law, as the Arbitrator either did not afford him an opportunity to explain the departmental position or the Arbitrator has gone beyond his jurisdiction by declaring a certain departmental action as unjustified. An application for setting aside the award can then be moved; but that also after the award has been filed in the Court.

13.2 The award, as a whole can be successfully challenged in a court, only when it can be proved to the satisfaction of the competent Court that the Arbitrator has misconducted himself of the proceedings, or has acted without jurisdiction or in excess thereof, or there is an error apparent on the face of the award.

13.3 The term "Misconduct" includes a neglect of duties and responsibilities as Arbitrator and of what Courts of Justice expect from him before allowing finality to his award. Again this term should be taken including in its legal meaning, i.e. legal misconduct ensures where the procedure adopted by the Arbitrator is so irregular as to be opposed to the principles of "Natural Justice". Legal misconduct may also vitiate an award.

13.4 In this connection, following fundamental principles should be kept in view:—

(a) If there is an apparent mistake on the face of the award.

(b) If the Arbitrator fails to decide all the matters which were referred to him.

(c) If by his award, he purports to decide matters which have in fact not been included in the agreement of reference.

(घ) यदि वह केवल एक पक्षकार को सुनता है और दूसरे पक्षकार को सुनने से इन्कार करता है ।

(ङ) यदि वह दूसरे पक्षकार की अनुपस्थिति में साक्ष्य लेता है ।

(च) यदि विनिर्दिष्ट निर्माण-कार्य से सम्बन्धित साक्ष्य के अतिरिक्त अन्य साक्ष्य पर भी विचार करता है ।

13.5 मध्यस्थ निर्देश से प्राधिकार प्राप्त करता है निर्देश में उसके प्राधिकार की परि-सीमा तथा साधन दिया होता है। दूसरे शब्दों से वह स्वरुप तथा सार दोनों की दृष्टि से इसके अनुरुप अधिनिर्णय देने पर बाध्य है और यदि वह निर्देश के निबन्धनों से परे जाता है तो वह अवचार का दोषी होगा ।

13.6 जिन तथ्यों पर मध्यस्थ की अधिकारिता निर्भर है उनके सम्बन्ध में गलत निर्णय देकर वह स्वयं को अधिकारिता प्रदान नहीं कर सकता । जहां अनुबन्धित प्रस्तुतीकरण के अन्तर्गत इस सम्बन्ध में मध्यस्थ प्राधिकार के ऊपर पक्षकारों में मतभेद हो तो निर्णय लेना न्यायालय के हाथ में होगा न कि मध्यस्थ के हाथ में ।

14. विभागीय वकीलों से भिन्न अन्य वकील की नियुक्ति :

14.1 जहां विभागीय वकील उपलब्ध न हो तथा/या जब विभाग की ओर से मामले का संचालन करने के लिए अथवा विभागीय वकील की सहायता के लिए स्थानीय वकील की सेवाओं का लाभ उठाना वांछनीय हो तो उसे उस राज्य की दरों पर शुल्क दिया जाए जिसमें मामले का संचालन किया जा रहा हो । ऐसी स्थिति में इस प्रकार के वकील की नियुक्ति करने से पहले, यथा-स्थिति, महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए ।

14.2 जहां यह शुल्क राज्य-प्रशासन द्वारा रखे गए प्रभार की अनुमोदित दरों से अधिक हो वहां सरकार का अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए ।

15. न्यायालय के मामले

15.1 सरकार को देय रकम के लिए किसी पक्षकार के विरुद्ध विधि न्यायालय में मामला ले जाने से पहले उसकी वित्तीय स्थिति की विश्वसनीय रिपोर्ट प्राप्त कर लेनी चाहिए । इसके साथ-साथ ही इस राशि को वसूल करने के लिए संभावित व्यय का सावधानीपूर्वक अनुमान लगा लेना चाहिए ताकि जहां पर सम्बन्धित पक्षकार से निर्णीत धन वसूल करने का समुचित अवसर न हो वहां मुकद्दमेबाज़ी में होने वाले अनावश्यक व्यय से बचा जा सके ।

15.2 यद्यपि राज्य-विशेष, जोकि मामले का अधिकारिता-क्षेत्र हो, में मामलों की समुचित प्रतिरक्षा करना विभागीय वकील अथवा सरकारी वकील की मुख्य जिम्मेदारी है तथापि विभाग के उच्च-अधिकारी की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वह इन मामलों की प्रगति पर बराबर निगरानी रखे और यह देखे कि ऐसे सभी मामलों में प्रत्येक अवस्था में उपयुक्त कार्यवाही की जाए ताकि किसी चूक के कारण मामला सरकारी हित के विरुद्ध न जाए और सरकार को वित्तीय हानि आदि न उठानी पड़े ।

15.3 अतः मंडल/शाखा अधिकारी यह ध्यान रखें कि ज्योंही किसी व्यथित पक्षकार द्वारा सरकार के विरुद्ध वाद दाखिल करने की धमकी दी जाए अथवा विभाग का अपना इरादा ठेकेदार अथवा तृतीय पक्षकार के विरूद्ध वाद दाखिल करने का हो तो सभी ऐसे मामलों की सूचना तुरन्त महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भेजी जाए ऐसे मामलों में मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा भेजी जाने वाली प्रथम सूचना/रिपोर्ट में मामले का तथा समुचित प्रतिरक्षा या वाद के अभियोजन हेतु उठाये जा रहे कदमों अथवा जो कदम उठाये गए हों उनके बारे में संक्षिप्त विवरण होना चाहिए । तत्पश्चात् मामले की प्रगति तथा उसकी प्रतिरक्षा या सफल अभियोजन के लिए आगे की गई कार्रवाई या जो कारवाई की जानी है, उसके सम्बन्ध में बताते हुए महानिदेशक, भारदीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पाक्षिक रिपोर्ट भेजें ।

15.4 न्यायालय के मामलों में प्रतिरक्षा के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी के ठीक से निर्वहन हेतु मंडल/शाखा अधिकारी को निम्नलिखित अनुदेशों का पालन करना चाहिए —

(क) न्यायालय के मामलों के नियन्त्रण तथा प्रतिरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी उपाधीक्षक पुरातत्व अभियन्ता या सहायक अधीक्षक पुरातत्व अभियन्ता या इस के समकक्ष पद से सम्बन्धित अधिकारी की होगी । वकील की सुविधा के लिए वह सभी सम्बन्धित अभिलेख एकत्र करके संकलित करेगा ।

(ख) मंडल/शाखा अधिकारी सम्बन्धित अधिकारियों को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त समय पर अनुदेश भी भेज दे कि मामले में उचित प्रतिरक्षा तथा शीघ्र प्रवन्ध किया जा रहा है ।

(d) If he hears only one party and refuses to hear the other.

(e) If he takes evidence in the absence of the other party.

(f) If he takes into account any other evidence except the one relating to the specific work under reference.

13.5 An Arbitrator derives his authority from the reference to him, which furnishes the source and circumscribe the limit of his authority. In other words, he is bound to make an award in conformity with it both in substance and in form and may be guilty of misconduct, if he goes beyond the terms of reference.

13.6 An Arbitrator cannot give jurisdiction to himself by a wrong decision on the facts upon which the limit of his jurisdiction depends. Where there is a difference between the parties as to the authority of an Arbitrator in this regard under an agreed submission, the decision rests with the court and not with the Arbitrator.

14. Engagement of Lawyers other than departmental

14.1 Where the Counsel of the Department is not available and/or where it is considered desirable to avail of the services of a local lawyer to conduct a case on behalf of the Department or assist the Departmental Counsel, fees may be made at the rates approved by the State in which the case is conducted. In such cases approval of the Director General, Archaeological Survey of India as the case may be should be obtained before engaging such Lawyer.

14.2 Where the fees are in excess of the approved rates of charges laid down by the State Administration prior approval of the Government should be obtained.

15. Court Cases

15.1 Before any action is taken in a Court of Law against some party for amounts due to Government, a reliable report of its financial standing should be obtained and simultaneously the expenditure likely to be incurred to recover this amount shuld be carefully estimated so that unnecessary expenditure on litigation may be avoided, where there is no reasonable chance of recovering the judgement debts from the party concerned.

15.2 Although it is the primary responsibility of the Departmental Counsel or Government Counsel at the particular station where the case has jurisdiction to see to the proper defence of the cases, it is equally the responsibility of superior officer of the Department to keep constant watch over the progress of these cases and, see that all such cases, at every stage, are processed properly so that the cases do not go against the Government interest by default resulting in financial loss, etc. to the Government.

15.3 The Circle/Branch Officer should, therefore, see that all such cases are reported to the Director General, Archaeological Survey of India as soon as a suit against Government is threatened by any aggrieved party or the Department itself intends to file a suit against a contractor or third party. The first report from the Circle Branch Officer about such cases should give a brief description of the case and the steps which are being taken or have been taken for the proper defence or prosecution of the suit. Thereafter, fortnightly reports on each such case should be sent to the Director General, Archaeological Survey of India detailing the progress of the case and further action taken or to be taken for its defence or its successful prosecution.

15.4 To enable him to discharge properly the responsibility that has been placed upon him in the matter of defence of court cases, Circle/Branch Officer should observe the following instructions:—

(a) The Dy. Superintending Archaeological Engineer or Assistant Superintending Archl. Engineer or officers of an equivalent ranks concerned will be primarily responsible for handling and defending the Court cases. He will collect all the relevant records and compile them for the benefit of the Counsel.

(b) The Circle/Branch Officer should also give adequate and timely instructions to the officers concerned to ensure that the case is defended properly and handled expeditiously.

(ग) यदि किसी अवस्था में उच्चाधिकारियों की राय लेना आवश्यक समझा जाए तो मंडल/शाखा अधिकारी, समय की आवश्यकता को देखते हुए, वैयक्तिक या लिखित रूप में मामला परामर्श हेतु तुरन्त सम्बन्धित महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भेज दें ।

(घ) प्रत्येक मामले में हो रही प्रगति से स्वंयं को अवगत रखने के लिए मंडल/शाखा अधिकारी उपाधीक्षक पुरातत्व अभियन्ता, सहायक अधीक्षक पुरातत्व अभियन्ता अथवा अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से, समय-समय पर, मामले की प्रगति के सम्बन्ध में नियमित रूप से रिपोर्ट प्राप्त करता रहे । वह महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को मासिक-रिपोर्ट भेजेगा । उस के द्वारा न्यायालय में दाखिल किये जाने वाले सभी कथनों पर पहले महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण तथा वकील का अनुमोदन प्राप्त किया जाए ।

16. न्यायालय के मामलों निर्णय

16.1 मामलों का भारसाधक मंडल/शाखा अधिकारी तथा सम्बन्धित महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मासिक-रिपोर्टों के आधार पर न्यायालय में हो रही मामलों की प्रगति पर निगरानी रखें । मंडल/शाखा अधिकारी की यह जिम्मेदारी होगी कि वह सरकार के हित के प्रतिकूल निर्णय दिये जाने के 48 घन्टों के अन्दर सीधे महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को रिपोर्ट भेजे ।

16.2 यह भी उसी की जिम्मेदारी होगी वह यथा शीघ्र निर्णय की प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदन करे तथा निर्णय की एक प्रति तथा अन्य सभी सम्बन्धित कागज़ अपील/पुनरीक्षण याचिका दाखिल करने की स्वीकार्यता पर अपनी टिप्पणी तथा मामले का संचालन कर रहे वकील की राय भेजे ताकि सरकार यह निर्णय ले सके कि अपील/पुनरीक्षण याचिका दाखिल की जाए अथवा नहीं । मंडल/शाखा अधिकारी तथा स्थानीय वकील में परस्पर पत्र-व्यवहार में विलम्ब न किया जाए और दूरभाष पर वकील के साथ व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क स्थापित रखा जाए ।

16.3 मंडल/शाखा अधिकारी से सम्बन्धित कागज़ प्राप्त करने के वाद महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मामले की जांच करेंगे और उपरोक्त टिप्पणी को ध्यान में रखते हुए अपील/पुनरीक्षण याचिका की स्वीकार्यता पर विचार करेंगे । तत्पश्चात् विधि-मंत्रालय में परामर्श प्राप्त करने के लिए अपने प्रस्ताव भेजेंगे ।

16.4 अपील दाखिल करने की अन्तिम तारीख से काफी पहले ही प्रस्ताव भेजा जाना चाहिए । यह प्रस्ताव सब तरह से पूर्ण होना चाहिए अर्थात् निर्णय की एक प्रति (यदि निर्णय की प्रति अभी प्राप्त न हुई हो तो उसकी शब्दशः रिर्पोट) तथा अन्य सभी सम्बन्धित कागज़ प्रस्ताव के साथ होने चाहिएं ।

16.5 उन सभी मामलों में जिनमें कि केन्द्र के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों द्वारा सरकारी अभिवक्ताओं को न्यायालय के मामलों के सम्बन्ध में अनुदेश दिये जाने हों, उनमें प्रत्येक मामले के सम्बन्ध में सम्पूर्ण लिखित अनुदेश दिये जाएं । मंडल/शाखा अधिकारी यह भी देखें कि सरकारी अभिवक्ता को अनुदेश भेजने में परिहार्य विलम्ब न हो । किसी भी दशा में यह अनुदेश सुनवाई की तारीख से एक दिन पहले भेज दिये जाने चाहिएं ।

17. सिविल वादों पर विधि प्रभार

17.1 सरकारी निर्माण-कार्य के निष्पादन से सम्बन्धित सिविल वादों पर हुए खर्च को निम्नलिखित तीन प्रवर्गो में वांटा जाए –

(i) उस दावे की राशि जिसकी डिक्री दी गई हो ।

(ii) निष्पादन-विभाग द्वारा उन कार्यों पर किये गए व्यय की राशि जिनपर उसने अपने विभागीय व्यय-शीर्षों में से रुपया लगाना हो तथा जब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने ऐसा कार्य किया हो जो सरकार के लिए प्रभार्य हो, तथा

(iii) निष्पादन विभाग द्वारा उस कार्य के सम्बन्ध में किये गए प्रासंगिक व्यय की राशि जिस पर भिन्न व्यय-शीर्ष से रुपया लगाया गया हो । उदाहरणार्थ, जब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ऐसे कार्य का निष्पादन करता है जिसका खर्च भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के लेखे के वजट-शीर्ष से भिन्न शीर्ष में नामे डालने योग्य हो ।

17.2 दावे की आज्ञप्ति-राशि, देखिये उपर्युक्त मद (i), हर दशा में, सम्बन्धित निर्माण कार्य के नामे डाली जाए तथा उपर्युक्त मद (ii) की राशि निष्पादन-विभाग के "स्थापना सम्बन्धी आकस्मिक व्यय" के नामें डाली जाए मद (iii) की राशि, साधारणतया उस विभाग के लेखे के नामे डाली जाए जिसकी ओर से कार्य हाथ में लिया गया । इसका कारण यह बताएं कि कार्यनिष्पादन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई तो सिर्फ अभिकर्ता के रूप में थी जोकि उसने कार्य के लाभ हेतु की ।

(c) If it is considered necessary to obtain the advice of higher authorities at any stage, the Circle/Branch Officer, should refer the matter immediately to the Director General, Archaeologiclal Survey of India for advice, either in person or in writing, according to the needs of the occasion.

(d) In order, that the Circle/Branch Officer keeps himself fully conversant with the progress of each case, he should obtain regular reports from the Dy. Supdg. Archl. Engineer, Asstt. Supdg. Archl. Engineer or other concerned officers about the progress of the case from time to time. He will furnish in this regard monthly reports to the Director General, Archaeological Survey of India. All defence statements be filled by him in the court should be approved by the Director General, Archaeological Survey of India and the Counsel before the statement is filed.

16. Judgement in Court Cases

16.1 The progress of the cases in the Court should be watched by the Circle/Branch Officer incharge of the cases as well as by the Office of the Director General, Archaeological Survey of India on the basis of the monthly reports. It shall be the responsibility of the Circle/Branch Officer to send a report to the Director General, Archaeological Survey of India direct within 48 hours after the Court has delivered a judgement, which is adverse to the Government.

16.2 It shall also be his responsibility to apply for and furnish without delay copy of the judgement and all other relevant papers, his own comments and the opinion of the Counsel conducting the case on the advisibility of filing an appeal/revision petition to enable the Government to come to a decision whether an appeal/revision should be filed or not. There should be no delay in communication between the Circle/Branch Officer and the local Counsel and personal contact by telephone etc. should be maintained with him.

16.3 On receipt of the relevant papers from the Circle/Branch Officer the Director General, Archaeological Survey of India should examine the matter on receipt and should consider the advisibility of filing an appeal/revision petition in the light of the comments of the former. Thereafter, the Director General, Archaeological Survey of India should forward his proposals to seek the advice of the Ministry of Law.

16.4 The proposal should be made well in advance of the last date of filing an appeal and it should be complete in every respect i.e. copy of the judgement (if such copy has not been received, a verbatim report of the same) and all other relevant papers should accompany the proposal.

16.5 In all cases where the officers of the Central Archaeological Survey of India are required to give instructions to the Government Pleaders in connection with court cases, they should give complete written instructions in regard to each case. The Circle/Branch Officers should also see that there is no avoidable delay in the issue of the instructions to the Government Pleader. In any case the instructions must be communicated at least a day before the date of hearing.

17. Law Charge on Civil Suit

17.1 The costs and expenses incurred on civil suits in connection with the execution of Government works may be divided into three categories given below:—

(i) The amount of the claim for which a decree is given.

(ii) The amount of incidental costs incurred by the executing department in connection with a work financed from its own departmental heads of expenditure e.g. when the Archaeological Survey of India carried out a work chargeable to Government; and

(iii) The amount of incidental costs incurred by the executing department in connection with a work, financed from a different head of expenditure, for instance, when the Archaeological Survey of India executes a work the cost of which is debitable to a head of account other than the budget Head of the Archaeological Survey of India.

17.2 The decretal amount of the claim vide item (i) above should be debited in all cases to the works concerned and the charges referred to in item (ii) above to the sub-head "Establishment contingencies" of the executing department. As regards (iii), the amount should generally be borne by the Department on whose behalf the work is undertaken on the ground that the action of the executing department was as agent and taken in the interests of the work.

17.3 परन्तु जब यह सिद्ध हो जाता है कि अभिकर्ता-विभाग के किसी कर्मचारी द्वारा जानबूझकर, व्यक्तिगत लाभ के लिए किये गए कार्य के लिए किया गया है तो सम्बन्धित व्यक्ति से वसूली करके व्यय का समायोजन किया जाए अथवा प्रत्येक मामले के गुणावगुण के अनुसार उस विभाग के नामे डाला जाए। ऐसे मामले आदेश हेतु भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत किये जाएं।

निम्नांकितों के अनुमोदन से जारी किया गया :—

1. महानिदेशक (निर्माणकार्य) के० लो० नि० वि०, नई दिल्ली, देखें उनका अशासकीय क्रमांक 2678–ओरिजिनल/क्यू/7 दिनांक 17 अगस्त 1982 ।

2. विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय (विधि कार्य विभाग) नई दिल्ली, देखें उनका अशासकीय क्रमांक 3796–एडवाइस-ए, दिनांक 18 सितम्बर 1982 ।

3. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, नई दिल्ली, देखें उनका अशासकीय क्रमाक 1310 TA II/47-82 दिनांक 12 नवम्बर 1982 ।

4. भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक, नई दिल्ली, देखें उनका अशासकीय क्रमांक, 12557-O/82–आई० एफ० डी०, दिनांक 27 नवम्बर, 1982 ।

17.3 When, however, it is established that the law suit has been caused by a deliberate act of an employee of the agent Department, for his personal gain, the charges should be adjusted by recovery from the individual concerned or by debit against the standing charges of the Department according to the merits of each case. Such cases should be submitted to the Government of India for their orders.

Issued with the approval of the:—

1. The Director General, Works, Central Public Works Department, New Delhi, Vide U.O. No. 2678-Original/Q/7, dated 17th August, 1982.

2. The Ministry of Law, Justice & Company Affairs, (Department of Legal Affairs), New Delhi, U.O. No. 3796-Advice-A, dated 18th September, 1982.

3. The Comptroller & Auditor General of India, New Delhi, U.O. No. 1310-TA-II/47-82, dated 12th November, 1982.

4. The Integrated Finance Division of the Ministry of Education & Culture, New Delhi, U.O. No. 12557-O/82-IFD, dated 27th November, 1982.

अध्याय 3

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रसायन शाखा के कार्य-चालन और रासायनिक परिरक्षण/संरक्षण कार्यों के संपादन/संबंधी नियमावली

CHAPTER 3

Rules for the functioning of the Chemistry Branch of the Archaeological Survey of India and Execution of Chemical Preservation/Conservation Works

अध्याय 3

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रसायन शाखा के कार्य कलाप और रासायनिक परिरक्षण संबंधी नियमावली

1. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में रासायनिक परिरक्षण/संरक्षण कार्य

1.1 सामान्य

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का मुख्य कार्य-कलाप अपने प्रभारान्तर्गत प्राचीन संस्मारकों तथा अन्य पुरातत्व विषयक अवशेषों का रासायनिक परिरक्षण/संरक्षण कार्य है। इस हेतु देहरादून स्थित विज्ञान प्रयोगशाला सहित समस्त रसायन शाखा मुख्य रूप से जिम्मेदार है। कथित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु यह शाखा मूर्तियों, कांस्य वतुस्ओं, मृण्मूर्तियों, मृत्पात्रों, रंगचित्रों, काष्ठीय वस्तुओं, अस्थियों, हाथी दांत के काम, धातु की वस्तुओं, मृत्तिका शिल्पों, सिक्कों, कांच की वस्तुओं, पशुचर्म और चर्म निर्मित वस्तुओं, नक्शों, पाण्डुलिपियों, गचकारी की वस्तुओं, भित्ति-चित्रों और उत्खनन में प्राप्त अन्य वस्तुओं के रूप में इस देश में विद्यमान कलात्मक वस्तुओं और अन्य सांस्कृतिक सम्पदाओं से संबंधित (1) मौलिक अनुसंधान और (2) प्रायोगिक अनुसंधान कार्यों में लगी हुई है।

1.2 संरचना

1.2.1 रसायन शाखा, जिसका मुख्यालय देहरादून में है, निदेशक (विज्ञान) उसके प्रबंधक होते हैं, वहां वहां विज्ञान प्रयोगशाला के प्रधान के रूप में भी कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त इस शाखा के तीन प्रभागीय कार्यालय हैं जिसका मुख्यालय हैदराबाद, धार और भुवनेश्वर में है, जिसके प्रधान अधीक्षक-पुरातत्व रसायनज्ञ होते हैं, और अजंता, और धार, में क्षेत्रीय कार्यालय हैं, जिसके प्रधान उप-अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ होते हैं। चंडीगढ़, पटना, दिल्ली, आगरा, भुवनेश्वर, मद्रास, वड़ौदा, मैसूर, औरंगाबाद और अजंता स्थित इस शाखा के प्रत्येक खंडीय कार्यालय के प्रधान सहायक अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ होते हैं। जम्मू तथा कश्मीर राज्य के लद्दाख क्षेत्र के रंगचित्रों और अन्य संस्मारकों के रासायनिक परिरक्षण की परियोजना देहरादून स्थित विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक के सीधे पर्यवेक्षण में कार्य करती है।

1.2.2 देहरादून स्थित विज्ञान प्रयोगशाला के अधीन निम्नलिखित प्रयोगशालाएं ह, जिसके प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक कम-चारी होते हैं :—

(i) विश्लेपणात्मक प्रयोगशाला

(ii) उपकरणीकरण प्रयोगशाला

(iii) भूस्थितिकी प्रयोगशाला

(iv) धरातल अन्वेषण प्रयोगशाला (इलेक्ट्रान सूक्ष्मदर्शी)

(v) विकिरण—चित्रण की प्रयोगशाला

(vi) सूक्ष्म रासायनिक परीक्षण के लिए प्रयोगशाला

(vii) जैव सामग्री के परिरक्षण के लिए प्रयोगशाला

(viii) अजैव सामग्री के परिरक्षण के लिए प्रयोगशाला

(ix) पर्यावरण प्रदूषण और निरोधक के प्रयोग के अध्ययन के लिए प्रयोगशाला।

2. परिभाषाएं

(i) **रसायन शाखा :** का तात्पर्य देहरादून स्थित विज्ञान प्रयोगशाला सहित रसायन शाखा की उस संपूर्ण संरचना से है जिसमें इनके अतिक्रित इस शाखा के तत्वाधान में संपूर्ण देश में प्रभागीय कार्यालय के साथ कार्य कर रही प्रादेशिक परियोजन की, क्षेत्रीय और कार्य क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं सम्मिलित हैं।

(ii) रसायन शाखा में प्रभागीय कार्यालय/अधिकारी का तात्पर्य ऐसे कार्यालय से है जिसका अधिक्षक पुरातत्व रसाययज्ञ प्रधान होता है।

(iii) **क्षेत्रीय प्रयोगशाला :** का तात्पर्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रसायन शाखा के अन्तर्गत कार्य कर रही ऐसी प्रयोगशाला से है जिसका उप-अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ प्रभारी होता है।

(iv) **खंडीय प्रयोगशाला :** का तात्पर्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रसायन शाखा के अन्तर्गत कार्य कर रही ऐसी प्रयोगशाला से है जिसका सहायक अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ प्रभारी होता है।

CHAPTER 3

RULES FOR THE FUNCTIONING OF THE CHEMISTRY BRANCH OF THE ARCHAEOLOGICAL SURVEY OF INDIA AND EXECUTION OF CHEMICAL PRESERVATION/CONSERVATION WORKS

1. Chemical Preservation/Conservation Works in the Archaeological Survey of India

1.1 General

The Chemical preservation/conservation of the ancient monuments and other antiquarian remains under its charge is one of the primary functions of the Archaeological Survey of India. The Chemistry Branch as a whole, including the Science Laboratory at Dehra Dun is primarily responsible for the same. To achieve the said objective this branch is basically engaged in (i) fundamental research as well as (ii) applied research concerning the preservation of art objects and other cultural heritage in the country in the form of sculptures, bronzes, terracottas, pottery, paintings, wood-work, bones, ivory, metallic objects, ceramics, coins, glass objects, animal skin and skin products, drawings, manuscripts, stuccos, wall paintings and other excavated materials.

1.2 Structure

1.2.1 The Chemistry Branch with its Headquarters at Dehra Dun is headed by the Director (Science who also functions as head of the Science Laboratory there. Besides this there are three Divisional Offices with headquarters at Hyderabad, Dhar and Bhubaneshwar each by headed a Superintending Archaeological Chemist. The regional offices of this Branch at Ajanta and Dhar are each headed by Deputy Superintending Archaeological Chemists. Each of the Zonal Offices of the Branch at Chandigarh, Patna, Delhi, Agra, Bhubaneswar, Madras, Baroda, Mysore, Aurangabad and Ajanta are headed by an Assistant Superintending Archaeological Chemist. The project of Chemical preservation of the painting and other monuments in Ladakh region of Jammu & Kashmir State is being operated under the direct supervision of Science Laboratory at Dehra Dun.

1.2.2 The Science Laboratory at Dehradun has the following laboratories with senior Scientific staff in charge of each one of them :

(i) Analytical laboratory.

(ii) Instrumentation Laboratory.

(iii) Geochronological Laboratory.

(iv) Surface probe Laboratory (Electron Microscope).

(v) Radiographic Laboratory.

(vi) Laboratory for micro-chemical examination.

(vii) Laboratory for Preservation of organic materials.

(viii) Laboratory for Preservation of inorganic material.

(ix) Laboratory for study of environmental pollution and application of preventives.

2. Definitions

(i) **Chemistry Branch :** means the entire structure of the Chemistry Branch including Science Laboratory at Dehradun besides Divisional offices as well as the Regional, Proiect, Zonal and field Laboratories functioning throughout the country under the auspices of this Branch.

(ii) Divisional Office/Officer, in the Chemistry Branch means an Office headed by the Superintending Archaeological Chemistry.

(iii) **Regional Laboratory:** means a laboratory functioning under the charge of the Deputy Superintending Archaeological Chemist in the Chemistry Branch of Archaeological Survey of India.

(iv) **Zonal Laboratory :** means a laboratory functioning under the charge of the Assistant Superintending Archaeological Chemist under the Chemistry Branch of Archaeological Survey of India.

12—1 ASI/ND/83

(v) **कार्य क्षेत्रीय प्रयोगशाला :** का तात्पर्य आनुषंगिक, प्रादेशिक अथवा क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रही ऐसी प्रयोगशाला से है जिसका वरिष्ठ रसायन सहायक अथवा रसायन सहायक प्रभारी होता है ।

(vi) **परियोजना :** का तात्पर्य रसायन शाखा में, उस रासायनिक परिरक्षण एकक से है जो विनिर्दिष्ट क्षेत्र में संस्मारकों अथवा संस्मारिक समूह में रासायनिक परिरक्षण/संरक्षण कार्य के विनिर्दिष्ट प्रयोजन से सरकार द्वारा संस्वीकृत की जाती है ।

(vii) **रासायनिक उपकरण :** का तात्पर्य विभिन्न प्रयोगशालाओं में दैनन्दिन विश्लेषणात्मक जांच के लिए प्रयुक्त होने वाले उपकरणों से है ।

(viii) **प्रयोगशालाओं के उपकरणों :** का तात्पर्य भौतिक अथवा रासायनिक गुण धर्म पर आधारित सामग्रियों की पहचान हेतु और गूढ़ अनुसंधान कार्य के लिए आवश्यक औजारों से है ।

(ix) **क्षेत्रीय अधिकारी :** का तात्पर्य उस उप-अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ से है जो आनुषंगिक क्षेत्रीय प्रयोगशाला का प्रभारी होता है ।

(x) **खंडीय अधिकारी :** का तात्पर्य उस सहायक अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ से है जो विशिष्ट क्षेत्राधिकार वाली रसायन शाखा की आनुषंगिक खंडीय प्रयोगशाला अथवा खंड का प्रभारी होता है ।

(xi) **परियोजना अधिकारी :** का तात्पर्य रसायन शाखा के उस आनुषंगिक अधिकारी से है जो विशेष रासायनिक परिरक्षण योजना का प्रभारी होता है ।

(xii) **प्रयोगशाला के प्रधान :** का तात्पर्य विज्ञान/प्रादेशिक/मंडलीय प्रयोगशालाओं के उस प्रशासनिक और वैज्ञानिक प्रधान से है जो कार्यालय के प्रधान के रूप में कार्य करता है और निदेशक (विज्ञान), अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ, उप-अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ और सहायक अधीक्षक पुरातत्व रसायनज्ञ, जैसी स्थिति हो, पर प्रशासनिक और वित्तीय नियंत्रण रखता है ।

(xiii) लघु कार्य का तात्पर्य ऐसे वार्षिक अनुरक्षण तथा रख रखाव तथा विशेष मरम्मत कार्य से है जो 1000/- रुपये से अधिक न हो ।

3. **रासायनिक परिरक्षण/संरक्षण कार्यों का कार्यक्षेत्र**

3.1 रसायन शाखा और विज्ञान प्रयोगशाला के क्रियाकलापों में ये सम्मिलित है :—

(i) क्षेत्रीय पुरातत्व में वे रासायनिक परिरक्षण/संरक्षण कार्य जिसका संबंध मुख्य तया सुदृढ़ीकरण, उत्खनन के दौरान यथास्थिति, प्रतिरुपीकरण और ढलाई के काम और उत्थापन की प्रक्रिया से है, में रासायनिक परिरक्षण/संरक्षण कार्य ।

(ii) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रभारांतर्गत संस्मारकों का रासायनिक परिरक्षण ।

(iii) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रभारांतर्गत सभी प्रकार के प्राचीन अवशेषों का रासायनिक परिरक्षण ।

(iv) रासायनिक परिरक्षण/संरक्षण की वर्तमान प्रणालियों में सुधार लाने के लिए मौलिक और प्रायोगिक अनुसंधान कार्य संपन्न करना ।

(v) प्राचीन संस्मारकों/संरचनाओं के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली इमारती सामग्री के शल विश्लेषणात्मक अध्ययन और परीक्षण कार्य संपन्न करना ।

(vi) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रभारांतर्गत केन्द्र द्वारा सुरक्षित संस्मारकों के चारों ओर वायु प्रदूषण के प्रभावों का अध्ययन करना तथा उससे संबंधित निम्नलिखित क्रियाकलापों का संपादन करना :—

(क) गैसीय प्रदूषण का अनुमान लगाना ।

(ख) मौसम विज्ञान संबंधी प्राचलों, अर्थात् वायु की गति और दिशा, आनुषंगिक आर्द्रता और तापमान की मापका अध्ययन ।

(ग) वालुकाश्म, संगमरमर और अन्य अन्य प्रकार के पत्थरों का शैल विश्लेषणात्मक अध्ययन करना ।

(घ) उपचारी उपाय, यथा (i) जमावों की सफाई (ii) कमजोर पत्थरों का सुदृढ़ीकरण (iii) सुरक्षण हेतु विभिन्न प्रकार के परिरक्षी पदार्थों का उपयोग करना ।

(vii) रासायनिक उपकरणों और प्रयोगशाला के उपस्करों का क्रय और रख-रखाव ।

(viii) रसायन शाखा के क्रियाकलापों से संबंधित रासायनिक परिरक्षण प्रशिक्षण देना, सम्मेलनों और प्रदर्शिनियों का आयोजन करना और पत्रिकाएं और विवरीणिकाएं प्रकाशित करना ।

(ix) विभिन्न राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों आदि के सहचर संगठनों को व्यावसायिक सहायता देना ।

(v) **Field Laboratory :** means laboratory functioning under the charge of Senior Chemical Assistant or a Chemical Assistant under administrative control of the respective Regional or Zonal offices

(vi) **Project :** in the Chemistry Branch, means chemical preservation unit sanctioned by the Government for the specific purpose of Chemical preservation/conservation work in a specified region monuments or group of monuments.

(vii) **Chemical apparatus :** means such of the equipment used for analytical tests in various laboratories.

(viii) **Laboratory equipments :** means such of the instruments based on physical or chemical properties of the materials to be identified and required for sophisticated research work.

(ix) **Regional Officer :** means Deputy Superintending Archaeological Chemist incharge of the respective regional laboratory.

(x) **Zonal Officer :** means an Assistant Superintending Archaeological Chemist incharge of the respective zonal laboratory or zone of the Chemistry Branch, having distinct territorial jurisdiction.

(xi) **Project Officer :** means the respective officer of the Chemistry Branch incharge of a special Chemical preservation project.

(xii) **Head of the Laboratory :** Means the Administrative and Scientific head of the Science /Regional/ Zonal laboratory who functions as Head of office and exercises administrative and financial control over the laboratory under his respective charge viz. Director (Science) Superintending Archaeological Chemist, Deputy Superintending Archaeological Chemist, and Assistant Superintending Archaeological Chemist, as the case may be.

(xiii) **Petty Works :** means such of the A. M. U. K. and S. R. works which does not exceed Rs. 1000/—

3. Scope of Chemcical Preservation/Conservation Works

3.1 The activities of the Chemistry Branch as well as the Science Laboratory include:—

(i) Chemical preservation/conservation works in field archaeology, which mainly relate to consolidation, moulding and casting in situ and lifting processes during excavations.

(ii) Chemical preservation of monuments under the charge of Archaeological Survey of India.

(iii) Chemical preservation of all type of antiquarian remains under the charge of the Archaeological Survey of India.

(iv) Carrying out of fundamental and applied research for improving upon the existing methods of chemical preservation/conservation.

(v) Carrying out and examining of petrographic study of building materials used in the construction of ancient monuments/structures.

(vi) Carrying out study in the effects of air pollution around the centrally protected monuments under the charge of the Archaeological Survey of India and the following activities connected thereto:—

(a) estimation of gaseous pollutants.

(b) study of measurement of meterological parameters e.g. wind velocity and wind direction, relative humidity and temperature.

(c) Carrying out petrographic analysis of sand stone, marble and other types of stones.

(d) Adopting remedial measures like (i) cleaning of deposits (ii) consolidation of fragile stones, (iii) use of different types of preservatives for protective purposes.

(vii) Purchase and maintenance of chemical apparatus and laboratory equipments.

(viii) Imparting training in chemical preservation, holding of Seminars, exhibitions, and bringing out of periodicals and brochures etc. concerning the activities of Chemistry Branch.

(ix) Rendering professional assistance to the sister organisations of various state Governments and universities etc.

4. सामान्य वित्तीय दायित्वः

4.1 वित्तीय लेन-देनों की जिम्मेदारी

4.1.1 रसायन शाखा के विभागाध्यक्ष की हैसियत से निदेशक (विज्ञान) कुशल प्रशासन और रासायनिक परिरक्षण कार्य संपन्न करने के लिए केवल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रभारान्तर्गत संस्मारकों पर ही नहीं, अपितु रसायन शाखा के विभिन्न रासायनिक प्रयोगशालाओं के कुशल कार्य संचालन के लिए और आवश्यकतानुसार उनमें अपेक्षित सुधार लाने के लिए महानिदेशक के प्रति उत्तरदायी है। वे महानिदेशक के अनुमोदन से रासायनिक परिरक्षण कार्य संपन्न करने और विज्ञान, प्रादेशिक, क्षेत्रीय और कार्य क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं के कार्य संपादन के संबंध में नीति निर्धारित करेंगे। वह लेखा परीक्षा कार्यालयों के सहयोग से रसायन शाखा के विभिन्न प्रयोगशालाओं के प्रधानों को लेखा रखने के संबंध में सहमति देने का कार्य करेगा और भुगतान और लेखा अधिकारी तथा लेखा परीक्षा कार्यालय को मुद्रा संवितरण, सामग्री की अभिरक्षण और भुगतान और लेखा कार्यालयों को लेखा प्रस्तुतिकरण संबंधी विनियमों को लागू करने के लिए कार्रवाई करने के संबंध में हर प्रकार से संभव सहयोग और समर्थन देगा। वह लेखा परीक्षकों और लेखा अधिकारियों को सभी प्रक्रियाओं और प्रस्तावों से अवगत कराने का भी प्रबंध करेगा ताकि वे (लेखा परीक्षकों और लेखा अधिकारी) अपना कार्य पूरा कर सकें। रसायन शाखा के प्रशासनिक प्रधान के रूप में उनका कर्तव्य यह भी होगा कि वह वित्तीय अनुदान लागू करने के उद्देश्य से इस मद में होने वाले व्यय पर कड़ी नजर रखें ताकि नियत राशि से अधिक व्यय न हो और यह कि यदि अतिरिक्त निधि की आवश्यकता हो तो उसके लिए समय पर आवेदन अवश्य किया जाए। पुनश्च, उसका यह भी कर्तव्य होगा कि अपेक्षाकृत बड़े अनुदान का अध्ययन सामान्य मितव्ययिता को ध्यान में रखकर होता है और बड़ी-बड़ी राशियों की रोकथाम वर्ष के अन्तिम महीनों में होता है और यह देखना कि जो धन वर्ष के दौरान आवश्यक न हो, उसे जल्दी से जल्दी और समय पर लौटाया जाता है ताकि उचित प्राधिकारियों द्वारा उसका अन्य प्रयोजन पर विनियोग हो सके।

4.1.2 इन नियमों के उद्देश्यों के लिए रसायन शाखा के कार्यकारी एककों और आनुषंगिक प्रयोगशालाओं के प्रधान अपने आनुषंगिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सभी कार्यों के निष्पादन और प्रबंधन के लिए उत्तरदायी है। संबंधित प्रयोगशालाओं के प्रधानों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपने नियंत्रणाधीन निर्माण कार्यों के निष्पादन के लिए नकद धन प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठायेंगे और लेखा रखेंगे और अपने अपने भुगतान और लेखा कार्यालयों को समय समय पर लागू नियमों के अनुसार नियमित रूप से और ठीक समय पर अपना लेखा प्रस्तुत करेंगे। उनकी यह जिम्मेदारी है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की सहायता से लेखा रखे और समय समय पर लेखा प्रस्तुत करें। उन पर मौलिक अभिलेखों, नकद रूपयों, सामग्री, प्रतिभूतियों और खर्चों के संबंध में सब भांति शुद्धता बरतने की और यह भी देखने की जिम्मेदारी है कि सभी वाउचर प्राप्त होते हैं और प्रयोगशालाओं के संबंधित प्रधानों के पास रखी होती है, जो मासिक लेखा प्रस्तुत करने से पूर्व खातों, विवरणियों और उन दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जांच करेंगे जिनसे उन्हें संयोजित किया जाता हो। सभी संबंधित प्रयोगशाला के प्रधानों का यह भी कर्तव्य होगा कि वे अपने क्षेत्राधिकार और प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों और उनकी प्रगति का निरीक्षण करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि चालू प्रबंध प्रणाली स्पष्ट और मितव्ययितापूर्ण है और यह कि विभिन्न भण्डार, प्रयोगशाला उपस्करण और रासायनिक उपकरण पूर्णतः क्रियाशील स्थिति में है और विहित स्टाक रजिस्टर से इन्हें विधिवत् सत्यापित कर लिया गया है और अपनी वास्तविक आवश्यकता से अधिक स्टाक बकाया नहीं होता है। यदि यात्रा भत्ते के अंतर्गत अनुदान उपलब्ध हो तो उन संस्मारकों/स्थलों का निरीक्षण आनुषंगिक प्रादेशिक, क्षेत्रीय और परियोजना की प्रयोगशालाओं के प्रधानों द्वारा किया जाना चाहिए जहां रासायनिक परिरक्षण कार्य का संपादन प्रगति पर हो, अथवा कार्य संपादन प्रस्तावित हो और उन्हें यह भी लिपिबद्ध करना चाहिए कि (i) ऐसे निर्माण कार्यों के इस प्रकार के निष्पादन में क्या त्रुटियां है (ii) ऐसे कार्यों के निष्पादन में प्रयुक्त होने वाली क्रियाविधियों में सुधार लाने के लिए क्या आवश्यक उपाय किये जाएं (iii) संस्मारकों के कितने बड़े क्षेत्र में रासायनिक परिरक्षण कार्य भविष्य में प्रारंभ किया जाए और प्रत्येक मामले में ब्यौरेवार औचित्य दिये जाए।

टिप्पण : 1 अपने निष्पाद्य कार्य संपादन में प्रभागीय, प्रादेशिक, क्षेत्रीय और परियोजना प्रयोगशालाओं के अपने-अपने प्रधान अपने निजी उत्तरदायित्व पर किसी भी कनिष्ठ अधिकारी को ऐसे विनिर्दिष्ट कार्य संपादन के लिए प्राधिकृत कर सकते हैं जैसा कि वे अपने निजी निर्णय के अनुसार निदेशक (विज्ञान) और महानिदेशक, जैसी आवश्यकता हो, के परामर्श से करें।

4.1.3 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रसायन शाखा के अधीनस्थ प्रत्येक प्रयोशाला के सबद्ध प्रधान का यह दायित्व होगा कि वह अपने प्रभारांतर्गत रासायनिक परिरक्षण/संरक्षण कार्य के निष्पादन के लिए होने वाले व्यय पर कड़ी नजर रखे और प्राक्कलन तैयार करने, संसाधित करने और अनुमोदित कराने और जहां संस्वीकृत प्राक्कलन से अधिक व्यय होने की संभावना हो, वहां संशोधन प्रस्तुत करने की यथासमय कार्यवाही करें। उससे यह भी अपेक्षा की जाती है कि यदि किसी प्रकार की महत्वपूर्ण दुर्घटना अथवा असामान्य घटना, जो रासायनिक परिरक्षण कार्य अथवा अपने अधीनस्थ प्रयोगशाला अथवा अपने अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारियों से संबंधित हो, घटित होती है तो वे उसकी रिपोर्ट यथास्थिति महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और निदेशक (विज्ञान) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भेजेंगे और यह बताएंगे कि उन्होंने क्या कार्रवाई की। कार्य समाप्त होने के तुरंत बाद ही प्रयोगशाला के संवद्ध प्रधान का यह कर्तव्य होता है कि वे अपना लेखा बंद कर दें और नियमों के अंतर्गत यथापेक्षित समापन प्रतिवेदन तैयार करें।

4. General Financial Responsibilities :

4.1 Accountability for financial transaction:

4.1.1 The Director (Science) as Head of the Department of the Chemistry Branch is responsible to the Director General for the efficient administration, and execution of chemical preservation works not only at the monuments under the charge of the Archaeological Survey of India, but also for the efficient functioning of the various chemical laboratories under the Chemistry Branch and bringing desired improvement whenever necessary. He would lay down policy for the execution of chemical preservation works and functioning of Science Regional, Zonal and Field Laboratories with the approval of the Director General. He will also exercise concurrent control with the Audit Offices, over the various Heads of Laboratories in the Chemistry Branch in maintenance of accounts and will render all possible assistance and support to the Pay & Accounts Office and the Audit in enforcing action to the regulations concerning the disbursement of money, custody of stores and rendering of the accounts to the Pay & Accounts Office. He will also arrange to keep the Audit and Accounts Officers fully congnizant of all procedures and proposals to enable the latter to fulfill his functions. It will be his duty as administrative head of the Chemistry Branch to administer the financial grant and with this object in view, to keep a close watch over the progress of expenditure, against it, with a view to seeing that no excess is allowed to occur, and that, if additional funds are necessary timely application for the same is made. It will further be his duty to see that the larger grant is fully expended in so far as it is consistent with general economy, and the expending of large sums in the last months of the year, is prevented and that any money that is not likely to be needed during the year is promptly and timely surrendered so as to allow its appropriation for other purposes by proper authority.

4.1.2 For the purpose of these rules the executive units of Chemistry Branch and Heads of the respective Laboratories are responsible for the execution and management of all works within their respective jurisdiction. Each head of the respective Laboratories is required to take necessary steps for obtaining cash for the execution of works under his control, maintaining account and submiting them regularly and punctually to the respective Pay & Accounts Office in accordance with the rules in force for the time being. He is responsible for accounts keeping, and timely rendition of account with the help of his subordinates. The responsibility for correctness in all respects of the original records, cash, stores, receipts and expenditure as also for seeing that complete vouchers are obtained, rests, with the respective Head of the concerned laboratory, who will before submitting the monthly accounts, carefully examine the books, returns and paper from which they are compiled. It will be the duty of each head of the respective Laoboratory to inspect the various works and their progress within his jurisdiction and under his administrative control and to satisfy himself that the system of management prevailing, is efficient and economical that the different stores, laboratory equipments and chemical apparatus are kept in perfect working order and duly verified in the stock registers as laid down and that there is no accumulation of stock beyond their actual requirement. Subject to the availability of grant under travelling allowances, the Monuments/Sites where chemical preservation works are in progress or are proposed to be executed, should be inspected by the respective head of the Regional, Zonal and Project Laboratories and (i) the defects in the execution of such works (ii) measures necessary for bringing in improvements in the methodology used in execution of these works and (iii) the area of monument where chemical preservation works should be taken up in future, should be noted down giving detailed justifications in each case.

NOTE : 1 In the discharge of his executive functions, the respective head of the Divisional, Regional, Zonal and Project Laboratory may at its individual responsibility authorise any of his Junior officers to exercise such specified functions as he may care to delegate according to his individual judgement, in consultation with the Director (Science) and Director General, wherever necessary.

4.1.3 Each head of the respective Laboratory in the Chemistry Branch of the Archaeological Survey of India is responsible for keeping close watch over the expenditure incurred on the execution of the chemical preservation/conservation works under his charge and taking timely steps for framing processing, approval of the estimate, and revision where excess over sanctioned estimate is likely to occur. He is also required to report immeditately to the Director General, Archaeological Survey of India and the Director (Science), Archaeological Survey of India, as the case may be, any important accident or unusual occurrence connected with the Chemical preservation works or the Laboratory under his charge or connected with the staff working under him and to state his line of action. Inmediately after the work is finished, it is the duty of each head of the respective laboratory to close its account and to prepare completion report as required under the rules.

4.1.4 अधिकारियों के लेखों का अपनी संतुष्टि तक ठीक होना ही पर्याप्त नहीं है । किसी भी संवितरण अधिकारी के लिए स्वयं संवष्ट नहीं होना चाहिए, अपितु भुगतान एवं लेखा कार्यालय के साथ साथ लेखा-परीक्षा विभाग और महानिदेशक को भी इस आशय से संतुष्ट होना चाहिए कि किया गया दावा विधि-सम्मत है और यह कि जिस भुगतान के समर्थन में विचार प्रस्तुत किया गया है, वह सब दृष्टि से शुद्ध है । यह आवश्यक है कि सभी लेखा और ब्यौरे इस प्रकार पूर्णत: लिपिबद्ध रखे जाने चाहिए जिससे कि वह किसी भी प्रकार की वांछित जांच-पड़ताल के समाधान के लिए समुचित साधन हो सके जो किसी भी मामले के विवरण के संबंध में समुपस्थित हो, चाहे ऐसी जांच-पड़ताल किसी भी संवितरण की मितव्ययिता अथवा सदाशयता से संबंधित हो । पुन: यह भी अनिवार्य होगा कि सामान्य रूप से भुगतान, माप और संवितरण का रिकार्ड इतना स्वच्छ, सुव्यक्त और सुस्पष्ट हो कि वह तथ्यों का संतोषजनक और विश्वासोत्पादक साक्ष्य के रूप में न्यायालय में प्रस्तुत किया जा सके । सभी संवितरण जिसमें नकद, भंडार-सामग्री, अन्य परिसम्पत्तियों, अधिकारों, विशेषाधिकारों, रियायतों के लेन-देन निहित हो, जिसका रुपयों में मूल्यांकन हो सके, उन्हें तुरंत लेखा-पुस्तिकाओं में लिपिबद्ध कर लिया जाना चाहिए ।

4.1.5 यह एक मौलिक नियम है कि कोई भी रासायनिक कार्य तब तक प्रारंभ नहीं किया जाएगा अथवा इसके संबंध में कोई दायित्व उठाया नहीं जाएगा जब तक कि प्राक्कलन उस मामले में उचित रूप से स्वीकार न हो गया हो और संशोधित संरक्षण कार्यक्रम में आनुषंगिक उपबंध महानिदेशक द्वारा अनुमोदित न हो गये हों, जिसमें कथित प्राक्कलन उपशीर्ष "विशिष्ट मरम्मत कार्य" के अंतर्गत प्रभारित होता है । आपातिक स्थिति में अथवा निदेशक (विज्ञान) अथवा महानिदेशक की अपेक्षा पर संबंधित प्रयोगशाला के प्रधान बिना विधि आवंटन के अथवा ब्यौरेवार प्राक्कलन तैयार होने तक, आवश्यक निर्माण कार्य प्रारंभ कर सकते हैं, किंतु शर्त यह है कि पहली अवस्था में वे तुरंत निदेशक (विज्ञान) और महानिदेशक को जैसी स्थिति हो, और संबद्ध भुगतान तथा लेखा कार्यालय को यह सूचित करेंगे कि वे देय राशि का व्यय कर रहे हैं । ऐसी अप्राधिकृत देयता के संबंध में जो उसके प्राधिकार की हैसियत से हो या निदेशक (विज्ञान) अथवा महानिदेशक की ओर से हो, एक तदनुरूपी रिपोर्ट प्रयोगशाला के संबंधित प्रधानों द्वारा भुगतान तथा लेखा कार्यालय को जाएगी; सक्षम प्राधिकारी की दृष्टि में उस तथ्य को लाएंगे ताकि वे निर्माण कार्य को या तो रोक सकेंगे अथवा उसके क्रियान्वयन को नियमित कर सकेंगे । बहरहाल, प्राक्कलन यथाशीघ्र तैयार किया जाएगा और सक्षम अधिकारी की संस्वीकृति प्राप्त की जाएगी ।

5. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में रासायनिक परिरक्षण/संरक्षण कार्य के निष्पादन के लिए लागू होने वाले नियम ।

5.1 **रासायनिक परिरक्षण कार्य :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में रासायनिक परिरक्षण कार्य के शब्दों में विभिन्न संस्मारकों अथवा संस्मारक समूह पर रसायन शाखा द्वारा कराया गया रासायनिक परिरक्षण कार्य सम्मिलित है । इस शब्दावली में ऐसे ही कार्य सम्मिलित है जिसके निष्पादन के लिए ब्यौरेवार प्राक्कलन तैयार किया जाता है और सक्षम प्राधिकारी द्वारा संस्वीकृत कराया जाता है । इस शब्दावली में रसायन शाखा के अंतर्गत कार्य करने वाली विभिन्न प्रयोगशालाएं सम्मिलित नहीं है । इसमें रासायनिक उपकरण और प्रयोगशाला के उपस्कर भी सम्मिलित नहीं है ।

5.1.1 **प्राक्कलन :** रासायनिक परिरक्षण कार्य के प्राक्कलन में (i) निरीक्षक प्रतिवेदन (ii) ऐसे कार्य संपादन हेतु वांछनीयता एवं औचित्यदर्शाने वाले प्रतिवेदन (iii) फोटोचित्र (iv) विशिष्टियां (v) मापों का ब्यौरेवार प्राक्कलन (vi) प्राक्कलन में उपबंधित रसायनों का विश्लेषण (vii) सामग्री और रसायनों की मात्राओं और दरों का वितरण (viii) लगाये जाने वाले मजदूरों का ब्यौरा; और (ix) प्रत्येक मद की कुल अनुमानित लागत को दर्शाने वाले सार की एक-एक प्रति लगाई जानी चाहिए । इन नियमों के अभिप्राय से इस सम्मिलित दस्तावेज को प्राक्कलन कहा जाता है । बशर्ते कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक प्राक्कलन तैयार करने के संबंध में अनुपूरक नियम बना सकते हैं और यदि वे आवश्यक समझें तो प्राक्कलन में दर्शाने हेतु अन्य कोई भी ब्यौरा निर्धारित कर सकते हैं ।

5.1.2 **फुटकर खर्चः** उन सभी प्रकार के अप्रत्याशित व्ययों की व्यवस्था के अतिरिक्त 5% प्राक्कलन में जोड़ दिया जाए ताकि आकस्मिक फुटकर खर्चों की रकम पूरी की जा सके ।

5.1.3 प्राक्कलन की संस्वीकृति द्वारा प्रदत्त प्राधिकार को हर अवसर पर दृढ़तापूर्वक उन्हीं लक्ष्यों तक सीमित रखा जाए जिसके लिए प्राक्कलन तैयार किये जाते हैं और संस्वीकृत होते हैं । तदनुसार एक निश्चित परियोजना के लिए प्राक्कलन की अनुमानित अथवा वास्तविक बचत बिना विशेष प्राधिकार के वैसे अतिरिक्त कार्य के निष्पादन हेतु प्रयुक्त न किया जाए जिसकी अपेक्षा मौलिक प्राक्कलन न की गई हो अथवा यह अपने वास्तविक निष्पादन पर कुछ हद तक अवलंबित न हो ।

5.2 प्राक्कलन के संसाधन की दशाएं

5.2.1 उन रासायनिक परिरक्षण कार्यों, जिन्हें आपातकाल में तत्काल कराना आवश्यक हो, उन्हें छोड़कर, के संपादन अथवा वित्तीय देयता में पड़ने से पूर्व निम्नलिखित पूर्वापेक्षाएं निर्धारित की जाती है:-

(क) प्रशासनिक अनुमोदन

4.1.4 It is not sufficient that an officer's accounts should be correct to his own satisfaction. A disbursing officer has to satisfy not only himself but also the Pay and Accounts Office as well as the Audit Department and the Director General that a claim which has been accepted is valid, that a voucher is complete proof of the payment it supports, and that an account is correct in all respects. It is necessary that all accounts should be kept and the details so fully recorded, as to afford the requisite means for satisfying any enquiry that may be made into the particulars of any case even though such enquiry may be as to the economy or the bonafides of the transactions. It is further essential that the records of payment, measurement, and transactions in general must be so clear, explicit and self-contained as to be producible as satisfactory and convincing evidence of facts, if required in a court of Law. All transactions involving the giving or taking of cash, stores, other properties, rights, privileges and concessions which have money value, should be brought to account at once.

4.1.5 It is a fundamental rule that no chemical preservation work shall be commenced or liability incurred in connection with it unless a properly detailed estimate has been sanctioned and the relative provision in the R.C.P. approved by the Director General, in case the said estimate is chargeable to the sub-head "special repair" works.

In cases of emergency or if so required by the Director (Science) or the Director-General, the Head of the concerned Laboratory may proceed to carryout the necessary work without allotment of funds or preparation of detailed estimate subject to the condition that in the former case he should immediately intimate to the Director (Science) and the Director-General, as the case may be, and the concerned Pay & Accounts Office that he is incurring the amount of liability.

A similar report regarding such unauthorised liability whether undertaken on his own authority or that of the Director (Science) or the Director General should also be sent by the respective head of the concerned laboratory to the P.A.O. (who will bring the fact to the notice of the competent authority so that requisite steps may be taken either to stop the work or to regularise its execution). The estimate should however be prepared as soon as possible and sanction of the competent authority obtained.

5. Basic Rules Applicable for the Execution of Chemical Preservation/Conservation Works in the Archaeological Survey of India

5.1 **Chemical Preservation Works:** The term chemical preservation work in the Archaeological Survey of India includes the chemical preservation works carried out by the Chemistry Branch on various monuments or group of monuments. The term includes only such of the works, for the execution which detailed estimates have to be prepared and sanctioned by the competent authority. The term does not include functioning of various laboratories under the charge of the Chemistry Branch. It also does not include maintenance of chemical apparatus and laboratory equipments.

5.1.1 **Estimates:** The estimate for chemical preservation work should consist of a copy of (i) an inspection report (ii) technical report on the necessity and justification for carrying out such work (iii) photographs (iv) specifications (v) detailed statement of measurements (vi) analysis of the chemicals provided for in the estimate (vii) statement of quantities and rate for the material as well as chemicals (viii) the details of labour proposed to be engaged with, and (ix) abstract showing the total estimated cost of each item. These documents together are called the "estimate" in the sense of these rules. Subject to these rules, the Director-General, Archaeological Survey of India may lay down subsidiary rules regarding the preparation of estimates and may, if it is considered necessary, prescribe any further details to be shown in the estimate.

5.1.2 **Contingencies:** In additon to the provision of all expenditure which can be foreseen 5% should be added to estimate to cover the cost of unforeseen contingencies.

5.1.3 The authority granted by a sanction of an estimate must on all occassion be looked upon as strictly limited to the precise object for which the estimate is prepared and sanctioned. Accordingly an anticipated or actual saving of estimate for a definite project should not, without special authority, be applied to carry out additional work not contemplated in the original estimate or fairly contingent of its actual execution.

5.2 Stages for Processing of Estimates

5.2.1 The following pre-requisites are prescribed for executing any chemical preservation works (except those warranting immediate execution in emergency) or incurring any financial liability:—

(a) Administrative approval.

(ख) व्यय संस्वीकृति

(ग) तकनीकी संस्वीकृति

(घ) निधियों का आबंटन

5.2.2 प्रशासनिक अनुमोदन/व्यय संस्वीकृति के उद्देश्य से निदेशक (विज्ञान) हर वर्ष फरवरी महीने में महानिदेशक को निर्धारित प्ररूप में एक विवरण भेजेंगे जिसमें रसायन शाखा में रासायनिक परिरक्षण कार्यों का कार्यक्रम, पृथक रूप से दर्शाया जाए, जिसकी लागत को उपशीर्ष "विशेष मरम्मत कार्य" के अंतर्गत अगले वित्तीय वर्ष के दौरान नामे डालने का प्रस्ताव हो, उसके साथ व्याख्यात्मक टिप्पणियां और प्रत्येक के सामने अपेक्षित व्यय को दर्शाया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक का कार्यों के कार्यक्रम पर दिया गया अनुमोदन प्रशासनिक अनुमोदन और तकनीकी संस्वीकृति माना जाएगा, जिसकी एक प्रति संबंधित भुगतान और लेखा अधिकारी को पृष्ठांकित की जाए।

टिप्पण 1—महानिदेशक सभी प्राक्कलनों (वार्षिक रख-रखाव और अनुरक्षण कार्य के अतिरिक्त) के संबंध में, जो "विशेष मरम्मत कार्य" नामक शीर्ष के अंतर्गत प्रभार्य हों, एकमात्र सक्षम प्राधिकारी है।

टिप्पण 2:—प्रयोगशालाओं में काम आने वाले रासायनिक उपकरणों, प्रयोगशालाओं के उपस्करों, रासायनिक पदार्थों और अन्य वस्तुओं के क्रय हेतु होने वाला व्यय उप-शीर्ष "अन्य प्रभार" के अंतर्गत प्रभारित होंगे और उनके क्रय के लिए प्राक्कलन तैयार करने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, यदि संस्मारकों के रासायनिक उपचार के लिए रासायनिक पदार्थों की आवश्यकता हो, तो एक ब्यौरेवार प्राक्कलन तैयार किया जाएगा। प्रयोगशालाओं के तत्संबंधित प्रधानों को इन मदों के क्रय के लिए अनुषंगिक नियमों के अंतर्गत और यथोचित संस्वीकृति प्राप्त करके उप-शीर्ष "अन्य प्रभार" से अग्रिम राशि निकालने के लिए प्राधिकृत किया जाता है।

5.2.3 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रसायन शाखा के प्रभारांतर्गत आनुषंगिक प्रयोगशालाओं के प्रधानों को जिन्हें रासायनिक परिरक्षण कार्य संपादन का भार सौंपा गया है, ऐसे निर्माण कार्यों अथवा प्राक्कलनों के संबंध में, जिसका व्यय वार्षिक रख-रखाव और अनुरक्षण के अंतर्गत प्रभारित होता है, प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय संस्वीकृति प्रदान करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है, जिस सीमा तक उन्हें ऐसे कार्यों के प्राक्कलनों पर तकनीकी स्वीकृति देने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

5.2.4 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रसायन शाखा द्वारा जो रासायनिक परिरक्षण कार्य संपन्न होता है उसके लिए अलग से प्रशासनिक अनुमोदन देने की आवश्यकता नहीं है।

5.2.5 आपातिक स्थिति अथवा अति अनिवार्यता की स्थिति के अतिरिक्त उपशीर्ष "विशेष मरम्मत कार्य" के अंतर्गत प्रभारित होने वाले किसी भी रासायनिक परिरक्षण कार्य को संपन्न कराने का भार आवश्यक प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय संस्वीकृति प्राप्त किए बिना न उठाया जाए। आपातिक अथवा वास्तविक अनिवार्यता की स्थिति में संबंधित अधिकारियों द्वारा पूर्व व्यय-संस्वीकृति प्राप्त किए बिना ऐसे कार्य प्रारंभ किये जा सकते हैं किन्तु ऐसा करने से पूर्व उन्हें ऐसी कार्रवाई के लिए उत्पन्न अनिवार्य परिस्थितियों की सूचना निदेशक (विज्ञान), महानिदेशक और संबंधित भुगतान और लेखा कार्यालय को देनी चाहिए।

टिप्पण 1—यह आवश्यक नहीं है कि तकनीकी संस्वीकृति दिए जाने से पूर्व प्रशासनिक अनुमोदन अथवा व्यय संस्वीकृति अनिवार्यतः प्राप्त किया जाना ही चाहिए, कुछ मामलों में इन चरणों के अनुक्रम में परिवर्तन किया जा सकता है और जब ऐसी प्रणाली अपनाई जाए तब संबंधित प्राधिकारियों को इस तथ्य की विधिवत् सूचना/अवश्य दी जाए।

टिप्पण 2—जहां संरचनात्मक अनिवार्यता के कारण ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं कि रासायनिक परिरक्षण कार्य के लिए प्राक्कलन तैयार करना असंभव हो जाता है, वहां महानिदेशक की पूर्व सहमति से ऐसे प्राक्कलन को तैयार कराने का कार्य समाप्त किया जा सकता है। संबंधित प्रयोगशाला के प्रधान को यह शक्ति होगी कि वह इस बात पर स्वविवेक का प्रयोग करके निर्णय ले सकता है कि किसी विशेष मामले में ऐसे रासायनिक परिरक्षण कार्य के लिए प्राक्कलन तैयार करना संभव है या नहीं, किंतु इस स्वविवेक के प्रयोग के लिए उसे यह ध्यान में रखना चाहिए कि बराबर ब्यौरेवार प्राक्कलन तब तक तैयार किए जाते रहें जब तक कि उन्हें तैयार करने के संबंध में आने वाली दिक्कतें समाप्त न हो जाएं।

टिप्पण 3—सभी रासायनिक परिरक्षण कार्यों का प्राक्कलन निर्धारित प्ररूपों में तैयार किया जाना चाहिए।

टिप्पण 4—अति अनिवार्यता की स्थिति में प्राक्कलन से संबंधित संस्वीकृति प्राप्त होने तक सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत अस्थायी स्थापना और प्रभारित कार्य पर होने वाले ऐसे खर्च और नैमित्तिक किस्म के अन्य खर्च किये जा सकते हैं, जिसमें असीमित दायित्व निहित होने की संभावना हो।

(b) Expenditure sanction.

(c) Technical sanction.

(d) Allotment of funds.

5.2.2 For the purpose of administrative approval/expenditure sanction, the Director (Science) will submit to the Director General in the month of February each year, a statement in the prescribed form showing separately the programme of chemical preservation works in the Chemistry Branch, cost of which is proposed to be debited under the sub-head *special repairs* during the next financial year with explanatory notes and probable expenditure to be incurred against each. The approval of the programme of work by the Director General, Archaeological Survey of India, will constitute administrative approval as well as expenditure sanction, a copy of which should be endorsed to the concerned Pay and Accounts Officer.

NOTE: 1 The Director General is the only competent authority to accord administrative approval and expenditure sanction in respect of estimates (other than A.M. & U.K. works) chargeable the Head Special Repair Works.

